# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-24-08-2023

# शहर के कई क्षेत्रों में ड्रोन उड़ाने को लेनी होगी मंजूरी

## गोरखनाथ मंदिर, खाद कारखाना, रेलवे स्टेशन, एम्स व महायोगी गोरखनाथ विवि क्षेत्र में लागू होगा प्रतिबंध

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** जिला प्रशासन ने धारा 144 के प्रतिबंधों में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। सुरक्षा की दृष्टि से ड्रोन उड़ाना निगरानी की श्रेणी में लाया गया है। अब गोरखनाथ मंदिर, हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) द्वारा संचालित खाद कारखाना, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), रेलवे स्टेशन एवं महायोगी गोरखनाथ विश्विवद्यालय, गोरखपुर आरोग्यधाम बालापार सोनबरसा के दो किलोमीटर परिधि के भीतर बिना सिटी मजिस्ट्रेट की अनुमति के कोई भी ड्रोन नहीं उड़ाया जा सकेगा। किसी के यहां मांगलिक कार्यक्रम में भी ड्रोन से रिकार्डिंग की व्यवस्था की गई होगी तो ड्रोन संचालक को अनुमति लेनी होगी।

अपर जिलाधिकारी नगर अंजनी कुमार सिंह की ओर से यह आदेश जारी किया जा चुका है। इसके लिए कार्यक्रम के दिन से सात दिन पूर्व आवेदन करना होगा। भविष्य में पूरे नगर निगम क्षेत्र में यह नियम लागू किया जा सकता है।

**शहर में लागू धारा 144 में शामिल किया गया ड्रोन उड़ाने से जुड़ा प्रतिबंध, कार्यक्रम से एक सप्ताह पहले करना होगा आवेदन**



एडीएम सिटी ने बताया कि महानगरीय सीमा क्षेत्र के थानों में यह आदेश प्रभावी होगा और इसका उल्लंघन दंडनीय अपराध की श्रेणी में आएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी ड्रोन उड़ाने को निगरानी के दायरे में लाने का निर्देश दिया था।

इस प्रतिबंध के साथ ही गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा को लेकर और पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। पांच स्थलों के इर्द-गिर्द ड्रोन उड़ाना प्रतिबंधित करने से शहर का अधिकतर हिस्सा प्रभावित होगा। मांगलिक कार्यक्रमों के लिए कई लोगों ने ड्रोन की बुकिंग की है। यह आदेश जारी होने के बाद नगर मजिस्ट्रेट के यहां अनुमति लेने के लिए भीड़ बढ़ने की संभावना है।

> शहर के कई क्षेत्रों में ड्रोन उड़ाने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट की अनुमति अनिवार्य होगी। धारा 144 के तहत यह प्रविधान शामिल किया गया है। बिना अनुमति के गोरखनाथ मंदिर, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय सोनबरसा, रेलवे स्टेशन, एम्स एवं एचयूआरएल के दो किलोमीटर परिधि में ड्रोन नहीं उड़ाया जा सकेगा।
>
> **अंजनी कुमार सिंह**, अपर जिलाधिकारी नगर

**यह देना होगा विवरण:** ड्रोन उड़ाने की अनुमति प्राप्त करने के लिए आवेदक को नाम, पूरा पता, थाना, दूरभाष नंबर, कार्यक्रम का उद्देश्य एवं स्वरूप, कार्यक्रम का स्थल, थाना का नाम, कार्यक्रम स्थल पर संबंधित व्यक्ति से ड्रोन उड़ाने की सहमति ली गई है या नहीं, कार्यक्रम किस तिथि को कब से कब तक है, कार्यक्रम में भाग लेने वाले व्यक्तियों की अनुमानित संख्या, शामिल होने वाले विशिष्ट व्यक्तियों की संख्या आदि विवरण देना होगा। अनुमति जारी होने से पहले संबंधित थाने से रिपोर्ट भी मंगाई जाएगी।

**ड्रोन रोकने को गोरखनाथ मंदिर के चारों ओर लगेगी जियो फेंसिंग:** गोरखनाथ मंदिर परिसर ड्रोन की उड़ान से पूरी तरह सुरक्षित रहेगा। इसके लिए मंदिर परिसर के आधा किलोमीटर परिधि में जियो फेंसिंग (बाड़) लगाया जाएगा। कोई भी पंजीकृत ड्रोन इस बाड़ को पार नहीं कर सकेगा।

ड्रोन उड़ाने वाला कोई व्यक्ति यदि बाड़ को पार करने का प्रयास करेगा तो उसका नियंत्रण ड्रोन से खत्म हो जाएगा। इस कार्य के लिए कार्ययोजना बनाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। एयरफोर्स से भी इसके लिए अनुमति ली जा सकती है। ड्रोन अब केवल रिकार्डिंग के लिए ही प्रयोग नहीं होते। इससे कई तरह के कार्य लिए जा रहे हैं। इसको देखते हुए इससे सुरक्षा भी जरूरी हो गई है। गोरखनाथ मंदिर परिसर की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। अभी तक कोई मंदिर परिसर के ऊपर से भी ड्रोन उड़ा सकता था लेकिन अब यह संभव नहीं होगा।

जियो फेंसिंग के साथ ही लेजर गन का भी उपयोग किया जा सकता है, जिससे यदि कोई ड्रोन आसपास नजर आएगा तो उसे संचालक के नियंत्रण से अलग कर दिया जाएगा। प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी ड्रोन से सुरक्षा को लेकर रूपरेखा तैयार करने में जुटे हैं।

**कई बार वीआइपी क्षेत्र के ऊपर से उड़ाए गए हैं ड्रोन:** कोई प्रतिबंध न होने के कारण कई बार वीआइपी क्षेत्र के ऊपर से ड्रोन उड़ाए गए हैं। इससे कई ऐसी तस्वीरें ड्रोन कैमरे में कैद हो जाती हैं, जिसका गलत इस्तेमाल किया जा सकता है। इस स्थिति को सुरक्षा की दृष्टि से अतिसंवेदनशील मानते हुए ड्रोन की उड़ान को नियंत्रित करने के उपाय किए जा रहे हैं।

# नकली नोट बनाने वाले गिरोह के सरगना समेत तीन धराए

## सात वर्षों से नकली नोट छापकर बाजार में चला रहे थे, गिरोह का सरगना राहुल सिंह दो बेटों संग बनाता था नकली नोट

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** नकली नोट छापकर बाजार में खपाने वाले गिरोह का गोरखपुर पुलिस ने पर्दाफाश किया है। बुधवार को गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर गगहा पुलिस ने इनके पास से नकली नोट समेत कई सामान बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपितों में बांसगांव धनौड़ा का रहने वाला सरगना राहुल सिंह, इसका दूसरे नंबर का बेटा अवनीश सिंह उर्फ अवनीश राय और बड़हलगंज, बेदौली निवासी चांद मोहम्मद शामिल हैं। राहुल का बड़ा बेटा विकास और देवरिया के गड़ही का रहने वाला विक्रम जायसवाल फरार है। यह गिरोह सात वर्षों से नकली नोट बनाने का कारोबार कर रहा था। अब तक लाखों रुपये के नोट बाजार में उतार चुका है। राहुल व विक्रम पहले भी जेल जा चुके हैं।

पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता कर बताया कि गगहा पुलिस को इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो मिला था। वीडियो में एक व्यक्ति नकली नोट बना रहा था। उसकी जांच करने पर पुलिस को हाटा बाजार में नकली नोट चलाने वाले एक युवक के बारे में पता चला। पुलिस ने चांद मोहम्मद को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

इसने बताया कि उसे एक अन्य व्यक्ति बाजार में नकली नोट चलाने के लिए देता है। पुलिस ने पुराने मामलों की जांच की तो राहुल के बारे में जानकारी मिली। पुलिस ने घर का पता करके बांसगांव के धनौड़ा से राहुल को गिरफ्तार किया।

इसके बाद पूरे गिरोह का पर्दाफाश हुआ। सरगना राहुल ने पूछताछ में बताया कि वह अपने बड़े बेटे विकास व दूसरे नंबर के बेटे अवनीश के साथ मिलकर नकली नोट बनाता है। उसके बेटे और देवरिया का विक्रम ग्राहकों को लाते थे। ग्राहकों के सामने दो-तीन नोट बनाकर दिखाया जाता और असली नोट के बदले दोगुणा कीमत के नोट छापने के लिए विशेष प्रकार का काला कागज व रसायन उन्हें दे दिया जाता था।



पुलिस की गिरफ्त में नकली नोट बनाकर लोगों से ठगी करने वाला गिरोह •जागरण

### मूलरूप से वाराणसी का रहने वाला है राहुल

सरगना राहुल वाराणसी जिले के जनसा थाना क्षेत्र के सरौनी गांव का मूल निवासी है। एक वर्ष का था, तभी मां के साथ बांसगांव, धनौड़ा स्थित ननिहाल चला आया। पहले वह गगहा में किराए पर रहता था। 20 वर्ष पहले धनौड़ा में मकान बनवाकर परिवार के साथ रहने लगा। राहुल ने बताया कि वह 56 वर्ष का है। दादी धनेश्वरी देवी विधायक थीं और मामा वन विभाग में अधिकारी। किडनी की डायलिसिस होने के कारण इस समय वह वॉकर के सहारे चलता है। बेटों के सहारे वह धंधे को चला रहा था। यह एक काले पेपर पर केमिकल डालकर एक ही सीरीज के 10, 20, 50, 100, 200 व 500 रुपये के नकली नोट बनाता था।

## कुछ ही दिन बाद गल जाते थे जालसाजों के नोट

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** गगहा पुलिस ने नकली नोट बनाने वाले जिस गिरोह का पर्दाफाश किया है, इसके नकली नोट तैयार होने के कुछ ही दिन बाद स्वतः गलकर नष्ट हो जाते थे। नकली नोट छापने के लिए गिरोह का सरगना राहुल सिंह बाहर से काला पेपर मंगवाता था। इसके अलावा अन्य सामान वह स्थानीय बाजार से ही खरीद लेता था। पुलिस की पूछताछ में सरगना राहुल सिंह ने बताया कि टेलीविजन देखकर उसने नकली नोट बनाने का तरीका सीखा था।

उसने बताया कि वह नकली नोट के ग्राहकों से पांच या 10 हजार रुपये लेकर दोगुणा कीमत के नोट बनाने के लिए काला पेपर व रसायन दे देता था। नोट कैसे छापना है? इसके लिए वह उनके सामने एक-दो नोट छापकर सिखाता था। उसने बताया कि अब तक करीब 100 से अधिक लोगों को ठग चुका है।

**यह सामान पुलिस ने किया बरामद:** 10 रुपये के चार नोट, 20 का एक नोट, 50 रुपये के एक नोट, 100 रुपये के 98 नोट, 200 के छह नोट, एक मोबाइल, एक बंडल 200 रुपये नोट के साइज का ब्लैक शीट। काले रंग के शीशे की दो प्लेट, चार छोटे-बड़े नोट के आकार का बंडल। कांच के एक जार में सोडियम थायो सल्फर, कांच की एक छोटी शीशी में सफेद रंग का पाउडर, एक डिब्बी में सफेद रंग का टुकड़ा, प्लास्टिक की शीशी में पीले रंग का पदार्थ, प्लास्टिक की एक शीशी में काले रंग का पदार्थ, लकड़ी की एक तख्ती और एक इनोवा गाड़ी।

**मिलकर जांच करेगी पुलिस व एलआइयू:** पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि नकली नोट बनाने वाले गिरोह के पर्दाफाश के बाद अब पुलिस टीम व स्थानीय अभिसूचना इकाई (एलआइयू) मिलकर मामले की जांच करेगी। बता दें कि जिले में अब तक नकली नोट के साथ पकड़े गए आरोपित या तो बांसगांव, गोला, बड़हलगंज, सिकरीगंज क्षेत्र से जुड़े हैं या फिर देवरिया के अलग-अलग क्षेत्रों के हैं।



गिरोह के पास से बरामद नकली नोट बनाने वाला सामान •जागरण

### पहले भी नकली नोट के साथ पकड़े गए हैं लोग

- 28 मई, 2018 को झंगहा पुलिस ने नकली नोट चलाते हुए गौरी बाजार के पप्पू निषाद को पकड़ा था।
- 31 अगस्त, 2019 को बांसगांव पुलिस ने दो नाबालिग, दो महिला समेत कुल सात लोगों को नकली नोट चलाने के आरोप में पकड़ा था। इसमें सिकरीगंज की ऊषा चौहान, वंदना व आजमगढ़ का भीमल निषाद शामिल था।
- 03 जुलाई, 2021 को कैंट पुलिस ने नकली नोट चलाते हुए बांसगांव निवासी फकरुदीन व सिवान (बिहार) के दिलशेर को दिव्यनगर व सिंघड़िया से पकड़ा था। उन्हें बिहार का राजन नकली नोट देता था।
- 09 अक्टूबर, 2022 को देवरिया के गड़ही निवासी विक्रम जायसवाल व गौरी बाजार निवासी जग्गा उर्फ जगरनाथ को गगहा पुलिस ने पकड़ा था। इस मामले में कुल पांच लोग जेल गए थे।

# किशोरी से दुष्कर्म के आरोपित गिरफ्तार

जासं, उरुवा बाजार : बेलघाट थाना पुलिस ने बुधवार को किशोरी के साथ दुष्कर्म के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनकी पहचान क्षेत्र के विजय प्रताप सिंह उर्फ हलचल और मनोज कुमार सिंह उर्फ सुरजीत सिंह के रूप में की। किशोरी की मां ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था।

**किशोरी के अपहरण का आरोपित गिरफ्तार:** गुलरिहा क्षेत्र के एक गांव की किशोरी का अपहरण करने वाले आरोपित जयदीप निषाद को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी जेएन शुक्ला ने बताया कि शनिवार को किशोरी के पिता ने रविवार को आरोपित के विरुद्ध केस दर्ज कराया था।

# भू-माफिया कमलेश पर एक और मुकदमा, साथी मनोज गिरफ्तार

जासं, गोरखपुर : जेल में बंद भू-माफिया कमलेश यादव के साथी पिपराइच रक्षवापार के मनोज कुमार को एम्स थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस पर भी जालसाजी व मारपीट समेत तीन मुकदमे दर्ज हैं। वहीं पुलिस ने दरगहिया के परशुराम यादव की तहरीर पर कमलेश व उसके साथी शब्बीर पर रुपये हड़पने व जालसाजी का एक और केस दर्ज किया।

पुलिस लाइन में घटना का पर्दाफाश करते हुए पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि सेवानिवृत्त जवान की पत्नी दानिश परवीन की तहरीर पर कमलेश यादव, मनोज, आजमगढ़ के शिवचंद, गुलरिहा की अन्नू के विरुद्ध केस दर्ज किया गया था। इस मामले में कमलेश और अन्नू को एम्स थाना पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। मनोज और शिवचंद फरार चल रहे थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मनोज ब्रोकर का काम करता था। यह बाहर से ग्राहकों को लेकर कमलेश के पास लाता था और फिर सभी मिलकर उसके साथ धोखाधड़ी कर पैसे का बंटवारा करते थे। दानिश परवीन से भी इन्होंने 25 लाख रुपये लेकर दूसरे की जमीन रजिस्ट्री करा दी थी। इसमें अन्नू नकली जमीन मालिक बनी थी।

**36.96 लाख रुपये में दिखायी थी जमीन:** एसपी सिटी ने बताया कि दरगहिया के परशुराम को कमलेश व शब्बीर ने बाराबंकी में जमीन दिखायी थी। 36.96 लाख रुपये में सौदा तय हुआ। इसके बाद परशुराम ने 23.50 लाख रुपये देकर शेष धन की व्यवस्था करने के लिए तीन माह का समय मांगा था। पीड़ित पैसे का इंतजाम कर जब तीन माह बाद रजिस्ट्री करने के लिए बोला तो ये आनाकानी करने लगे। कमलेश ने परशुराम को बताया था कि जमीन शब्बीर की है और वह गोरखपुर का रहने वाला है। पैसा शब्बीर के अकाउंट में भी भेजा गया था। दोनों पर केस दर्ज कर लिया गया है।

अब तक एम्स थाना पुलिस ने कमलेश के विरुद्ध छह मुकदमे दर्ज कर चुकी है। इनमें पांच मुकदमे बीते तीन दिन के अंदर के हैं। कमलेश भी सेना में रह चुका है। 10 वर्ष पहले सेवानिवृत होकर घर आया और तभी से जमीन के कारोबार में जुड़कर लोगों के साथ ठगी कर रहा है।

# हत्या के प्रयास में चार को 10 वर्ष का कारावास

जासं, गोरखपुर : हत्या के प्रयास का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने हरपुर बुदहट के कसिहरा निवासी गंगा सिंह, साहब सिंह, ध्रुव सिंह व दिग्विजय सिंह को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। 13 हजार रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर पांच माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धर्मेंद्र कुमार दूबे का कहना था कि वादी पारसनाथ सिंह हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के कसिहरा का रहने वाला है। घटना 23 अक्टूबर, 2012 की है। अभियुक्त मिट्टी से उसका खलिहान पाट रहे थे। मना करने पर गंगा सिंह के ललकारने पर अभियुक्तों ने दिनेश को घेर लिया और ध्रुव सिंह ने वादी के लड़के के ऊपर असलहे से फायर कर दिया।

**गैर इरादतन हत्या के मामले में 10 वर्ष की सजा**, गोरखपुर : गैर इरादतन हत्या का आरोप सिद्ध पाए जाने पर सत्र न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी ने कुशीनगर जिले के अहिरौली थाना क्षेत्र के परतावल पिपराइच के रहने वाले अभिषेक उर्फ गुड्डू को 10 वर्ष के कठोर कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। ।

अभियोजन का पक्ष प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता सौरभ श्रीवास्तव एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जयनाथ यादव ने रखा।

# माता-पिता की मृत्यु के बाद करने लगा चोरी, गिरफ्तार

जासं, गोरखपुर : राजघाट थाना पुलिस ने बाबा चैन सिंह मंदिर हार्बर्ट बंधा के पास से मोबाइल फोन चोर को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चोरी के सात एंड्रायड फोन मिले। उसकी पहचान तिवारीपुर के घासीकटरा निवासी सत्यम गुप्ता के रूप में हुई। एसपी सिटी ने बताया कि पुलिस की पूछताछ में सत्यम ने बताया कि वह राजघाट और तिवारीपुर क्षेत्र में लोगों के घरों से मोबाइल फोन चोरी करता था।

# गोरखपुर में पूर्व विधायक का पौत्र बेटों संग बनाता था नकली नोट

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गगहा पुलिस ने नकली नोट छापने के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह गिरोह वाराणसी गंगापुर की पूर्व विधायक धनेश्वरी देवी का पौत्र राहुल राय अपने बेटों व अन्य साथियों के साथ बांसगांव के धनौड़ा स्थित ननिहाल में चला रहा था। ननिहाल में ही वह मकान बनवा कर रहता है। पुलिस ने गिरोह के सरगना राहुल, उसके बेटे अवनीश तथा बाजार में नोट चलाने वाले चांद मोहम्मद को गिरफ्तार किया है। राहुल का दूसरा बेटा विकास, देवरिया का विक्रम जायसवाल फरार है।

यह गैंग ब्लैक शीट पर केमिकल डालकर नकली नोट बनाता था साथ ही ब्लैक शीट व केमिकल बेचकर भी ठगी करता था। विक्रम एक बार पहले भी नकली नोट के मामले में जेल जा चुका है।



पुलिस शिकंजे में नकली नोट बनाने वाले गिरोह का सरगना और सदस्य।

- वाराणसी के गंगापुर की पूर्व विधायक का पौत्र है गिरोह का सरगना राहुल राय
- बांसगांव में है ननिहाल, यहीं से चला रहा था गैंग, बेटा और एक सहयोगी भी गिरफ्तार

**वीडियो से खुली पोल:** एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि गगहा पुलिस को एक वीडियो मिला जिसमे एक व्यक्ति केमिकल डालकर नकली नोट बना रहा था। जांच में पता चला कि बड़हलगंज के बड़ी बेदौली निवासी चांद मोहम्मद के पास यह नोट है। जिसके बाद पुलिस उसकी तलाश में जुट गई। पुलिस ने नोट दुकान पर चलाने वाले चांद मोहम्मद को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि गिरोह का सरगना बांसगांव के धनौड़ा निवासी राहुल सिंह है। राहुल अपने बेटों अवनीश व विकास के साथ नकली नोट बना रहा है और देवरिया के गड़ही निवासी विक्रम आदि की मदद से बाजार में चला रहा था। अधिक मूल्य के नकली नोट देकर कम मूल्य के असली नोट लेकर ठगी भी करता था। पुलिस ने राहुल व उसके एक बेटे अवनीश को भी गिरफ्तार कर लिया। विकास और विक्रम फरार है। निकली नोट के मामले में विक्रम पहले भी जेल जा चुका है।

## घर में बनाता था नकली नोट

एसपी साउथ ने बताया कि राहुल सिंह की उम्र 56 साल की है। वह मूल रूप से बनारस के सतोरी का रहने वाला है। वह 20 साल से धनौड़ा गांव में ननिहाल में मकान बनवाकर बच्चों के साथ रहता है और घर में ही नकली नोट बनाता था। राहुल ने बताया कि उसकी दादी पूर्व विधायक हैं। जबकि मामा वन विभाग में अफसर रहे हैं। राहुल दसवीं पास हुआ है। उसकी किडनी खराब है। वह पैर में दिव्यांग है। वाकर के सहारे चलता है। एसपी साउथ ने बताया कि राहुल के पास से ब्लैक कागज मिला जिसपर यह केमिकल डालकर एक ही सीरिज के 10, 20, 50, 100, 200 व 500 के नोट बनाकर वह बाजार में चलाता था। पुलिस के अनुसार चांद मोहम्मद के पास से बरामद नकली नोट विक्रम जायसवाल ने ही दिया था।

ब्लैकपेपर बेचकर ठगी P07

## वीडियो वायरल होने पर नकली नोट छापने का हुआ खुलासा, गैंग के सरगना के रूप में राहुल का नाम सामने आया

# ब्लैक पेपर व केमिकल बेच कर भी की ठगी

**खुलासा**

बांसगांव/गोरखपुर, हिसं। गगहा पुलिस ने नकली नोट छापने के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के सरगना व पूर्व पूर्व विधायक के पौत्र राहुल राय समेत तीन को गिरफ्तार किया है।

गिरोह के लोग 5000 या 10 हजार रुपये लेकर 20 हजार ब्लैक पेपर व केमिकल देकर भी जालसाजी करते थे। वह कहते थे कि इससे दोगुना नोट बना लेना। लेकिन जब वह नोट कुछ दिन में गल जाता तो वे लोग ठगी महसूस करते। इस तरह से भी उसने 50 लोगों को ठगा है। किसी से 2 हजार तो किसी से 5 हजार या किसी से 10 हजार असली रुपये लेकर दोगुना ब्लैक पेपर और केमिकल बेचा था।



जाली नोट के मामले में पकड़े गए आरोपित । ● हिन्दुस्तान

**03** आरोपितों को गगहा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, फरार आरोपियों की तलाश

- राहुल का फरार बेटा विकास व नकली नोट चलाने के आरोप में पूर्व में जेल गया विक्रम फरार

## पुलिस ने पकड़ा तो मनबढ़ों ने किया हमला हमला

देश की अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचाने की यह कवायद कौड़ीराम इलाके में काफी दिनों से चल रही थी। मंगलवार रात को जब अचानक पुलिस ने धनौडा के उस घर में छापेमारी की, तो पकड़े गए आरोपियों एवं उनके साथियों ने पुलिस को घेर लिया और उनके साथ अभद्रता भी की। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो इस दौरान आरोपियों ने एक दरोगा के सिर पर गंभीर चोट पहुंचाकर घायल कर दिया इसके बाद सूचना पर बांसगांव, बेलीपार समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। तब तक पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जबकि अन्य फरार होने में सफल रहे।

**पहले नकली नोट चलाने में जेल गया है फरार विक्रम:** पुलिस के अनुसार राहुल का फरार बेटा विकास व नकली नोट चलाने के आरोप में पूर्व में जेल गए विक्रम फरार है। उनकी तलाश में पुलिस टीम जुटी है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों के पास से नकली नोट, एक मोबाइल, अलग-अलग नोट साइज का ब्लैक पेपर, कई प्रकार के केमिकल, पाउडर, लकड़ी का बोर्ड व कार बरामद किया है।

**पहले भी नकली नोट संग पकड़े गए आरोपित:** इसके पहले भी नकली नोट संग जिले में गिरफ्तारियां हुई हैं। 28 मई 2018 को झंगहा पुलिस ने नकली नोट चलाते हुए गौरीबाजार के पप्पू निषाद को पकड़ा था। 31 अगस्त 2019 को बांसगांव पुलिस ने दो नाबालिग, दो महिला समेत कुल 7 लोगों को नकली नोट चलाने के आरोप में पकड़ा था। जिनमे सिकरीगंज की उषा चौहान, वंदना, आजमगढ़ का भीमल निषाद शामिल थे। वहीं कैन्ट पुलिस ने 3 जुलाई 2021 को दिव्यनगर व सिंघड़िया से नकली नोट चलाते हुए बांसगांव निवासी फकरुदीन व सिवान बिहार के दिलशेर को पकड़ा था। उन्हें यह नकली नोट बिहार का राजन देता था। गगहा पुलिस 9 अक्टूबर 2022 को देवरिया के गड़ही निवासी विक्रम जायसवाल व गौरीबाजार निवासी जगगा उर्फ जगरनाथ को पकड़ा था। मामले में बाद में कुल 5 लोग जेल गए थे। विक्रम नोट चलाता था।

**यह हुआ बरामद :** 10 रुपये के 4 नोट, 20 रुपये के 01 नोट, 50 रुपये के 01 नोट, 100 रुपये के 98 नोट व 200 रुपये के 06 कूटरचित नोट, एक मोबाइल, एक बन्डल में बंधा हुआ काले रंग का पेपर लगभग 200 रुपये की नोट के साईज का, काले रंग की शीशे की दो जोड़ी प्लेट, 04 छोटे बड़े बन्डलों में नोट की आकार में कटा हुआ काले रंग का पेपर, एक काँच की जार में सोडियम थायो सल्फ, एक कॉंच की छोटी शीशी में सफेद रंग का पाउडर नुमा पदार्थ। सफेद रंग की डिब्बी में सफेद रंग का टुकड़ा। प्लास्टिक की शीशी में पीले रंग का तरल पदार्थ। एक प्लास्टिक की थैली में सफेद रंग का पाउडरनुमा पदार्थ। एक लकड़ी का तख्ती (आकार 18 ७ 12 अंगुल) और एक इनोवा कार बरामद हुआ।

# अभियान चलाकर अनफिट वाहनों की रोकेंगे मनमानी

**हि असर**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। शहर में बेधड़क दौड़ रहे अनफिट स्कूली वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग कार्रवाई की तैयारी में है। अभियान चलाकर ऐसे वाहनों पर शिकंजा कसा जाएगा जो कई बार नोटिस और चेतावनी के बाद भी वाहनों का फिटनेस नहीं करा रहे हैं। विभाग ऐसे ऑटो चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई करेगा जो मनमाने तरीके से बच्चों को ले जा और ले आ रहे हैं।

'हिन्दुस्तान' ने चौरीचौरा में एक स्कूली बच्ची के वाहन से हादसाग्रस्त हो जाने के बाद लगातार कई दिनों तक पड़ताल की। इस दौरान सामने आया कि ज्यादातर स्कूलों कंडम वाहनों से बच्चों को स्कूल पहुंचाया जा रहा है। किसी ऑटो में 12-13 बच्चे ठूंसकर विद्यालय ले जाए जा रहे हैं तो किसी का सामने का शीशा ही गायब है। कई ऑटो तो ऐसे भी मिले जो रस्सी के सहारे स्टार्ट हो रहे थे। इन खबरों का परिवहन विभाग ने संज्ञान लिया और बैठक कर निर्णय लिया कि सितम्बर से अनफिट वाहनों व चालकों के खिलाफ कार्रवाई होगी।



ऑटो में जबरन ठूंसकर ले जाए जा रहे हैं बच्चे।

## स्कूल प्रबंधन को जारी होगा पत्र

आरटीओ ऐसे सभी स्कूलों को पत्र जारी करेगा जिन्होंने स्कूल वाहनों का फिटनेस अभी तक नहीं कराया है। एआरटीओ प्रशासन अरुण कुमार ने बताया कि वाहनों की सूची तैयार की जा रही है। जिनका फिटनेस नही है उन सभी को पत्र भेजने की तैयारी हो रही है।

## अभियान चला लगाएंगे साइड रॉड

आरटीओ प्रर्वतन संजय कुमार झा ने बताया कि ऐसे आटो जो बच्चों को लाते-ले जाते हैं उन सभी आटो पर दोनो तरफ रॉड लगाए जाएंगे। ऐसा इसलिए ताकि बच्चे अपने मन से न उतर सकें और साइड से उनका पैर बाहर न निकले।

# भू माफिया कमलेश का साथी मनोज गिरफ्तार

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। भू माफिया कमलेश यादव के साथी पिपराइच के रक्षवापर निवासी मनोज कुमार को एम्स पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। उधर, एम्स पुलिस ने कमलेश पर जालसाजी का एक और मुकदमा दर्ज किया है। इसी के साथ कमलेश पर कुल 13 केस दर्ज हो गया है। हाल के चार दिन में उसके खिलाफ एम्स थाने में छह केस दर्ज किया गया है।

एसपी सिटी ने बताया कि एम्स पुलिस ने कमलेश गिरोह के मनोज को पकड़ा है, उस पर जालसाजी के दो केस दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि बहरामपुर निवासी कमलेश, मनोज, आजमगढ़ निवासी शिवचन्द, गुलरिहा निवासी अन्नू ने रिटायर्ड फौजी की पत्नी दानिश परवीन से 25 लाख लेकर दूसरे की जमीन रजिस्ट्री कर दी थी जिसमे केस हुआ था। पुलिस ने 31 जुलाई को कमलेश व अन्नू को गिरफ्तार किया था। अन्नू ने नकली नीतू बनकर भू स्वामी के तौर पर रजिस्ट्री की थी। बुधवार को मनोज को गिरफ्तार किया गया। अब शिवचन्द, दयानन्द, अजय की तलाश चल रही है।

वहीं दूसरी तरफ पुलिस ने दरगहिया निवासी परशुराम यादव की तहरीर पर कमलेश व शब्बीर पर रुपये हड़पने व जालसाजी का केस दर्ज किया है। कमलेश व उसके साथियों पर अब तक एम्स पुलिस छह पर जालसाजी का केस दर्ज कर चुकी है।

# सोशल मीडिया पर टिप्पणी में गिरफ्तार

पीपीगंज। पीपीगंज क्षेत्र के जंगल कौड़िया चौकी अन्तर्गत नयागांव के सुहेल ( 15 ) को सोशल मीडिया पर गलत टिप्पणी करने के आरोप में बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

मंगलवार को कुछ लोगों ने इस मामले में पुलिस महानिदेशक से कुछ लोगों ने शिकायत की थी। वहीं कुछ लोगों ने सामूहिक रूप से तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत के आधार पर पीपीगंज पुलिस ने बुधवार को सुहेल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पीपीगंज क्षेत्र के अंतर्गत नयागांव का 16 वर्षीय सुहेल ने सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी की थी, जिस पर लोगों ने नाराजगी जताई थी।

# छह पर गैर इरादतन हत्या के प्रयास में केस

सहजनवा। सहजनवा पुलिस ने चाय समोसे की दुकान पर युवक को घेरकर उसको रॉड व लाठी-डंडे से पीट कर बुरी तरह घायल कर दिया।

इस मामले में पीड़ित युवक की तहरीर पर आधा दर्जन लोगों पर पुलिस ने मारपीट, बलवा और गैर इरादत हत्या के प्रयास की धाराओं में मंगलवार को केस दर्ज किया है। भक्सा निवासी सुमित तिवारी पुत्र संजय तिवारी ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि वह रविवार को गांव में चाय की दुकान पर समोसा खाने गया था जहां छह लोगों ने उसपर हमला कर दिया। पीड़ित ने दवा इलाज के बाद थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने इस मामले में भक्सा निवासी बलुआहे यादव, निक्कू यादव, गोलू यादव, प्रदीप यादव, वकील यादव व पतेलू यादव के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# मां-बाप की मौत के बाद बन गया चोर

गोरखपुर। राजघाट पुलिस ने एक मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान तिवारीपुर के घासी कटरा निवासी सत्यम गुप्ता के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से चोरी के 7 एंड्राइड मोबाइल बरामद किया है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेशकर जेल भिजवा दिया।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि पकड़ा गया सत्यम राजघाट व तिवारीपुर इलाके में घरों से मोबाइल चोरी करता था। वह मोबाइल बेचने के फिराक में था। लेकिन कोई खरीदार अभी नहीं मिला था। तभी सूचना पर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में सत्यम ने बताया कि माता-पिता की मौत के बाद उसे पैसों की किल्लत हुई। उसे कोई रास्ता नहीं दिखा तो वह चोरी करने लगा।

# जमीन की जालसाजी में शामिल चार पर गैंगस्टर

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में चिलुआताल पुलिस ने जमीन की जालसाजी से जुड़े ठगों के एक गैंग पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। गैंग का लीडर बृजेश कुमार शाही है जबकि सदस्य के रूप में प्रभुनाथ मौर्या, सागर चौहान, रवि प्रकाश त्रिपाठी शामिल हैं।

एसपी उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि बृजेश शाही अपने सदस्यों के साथ जालसाजी से जमीन का अवैध तरीके से जमीन का बैनामा कर रुपये हड़पता है। उन्होंने बताया कि बृजेश शाही राजेन्द्र नगर थाना गोरखनाथ का रहने वाला है। जबकि उसके तीनों साथी प्रभुनाथ मौर्या विकास नगर (जंगल बेनी माधव नंबर 2) थाना चिलुआताल, सागर चौहान नि. जंगल बेनी माधव नं. 2 मोहरीपुर थाना चिलुआताल तथा रवि प्रकाश त्रिपाठी निवासी मोहनाग पोस्ट नेवास थाना सहजनवा गोरखपुर के रहने वाले हैं।

# अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

घरगावां(एसएनबी)। गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी शनिवार को घर से स्कूल गई थी। शाम को घर वापस नहीं आई तो किशोरी के पिता ने गुलरिहा पुलिस को लिखित तहरीर दी थी। गुलरिहा पुलिस रविवार को अपहरण का केस दर्ज कर तलाश कर रही थी। मंगलवार को गुलरिहा पुलिस ने किशोरी को भगाने के आरोपी जयदीप निषाद पुत्र हरिश्चंद निवासी खुटहन खास दक्षिण टोला को क्षेत्र के जमुनहिया कुटिया के पास से गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर ली है। गुलरिहा पुलिस ने किशोरी को वन स्टप सेंटर भेज कर आरोपी युवक को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दी है।

# अस्पताल संचालक समेत पांच पर केस

कैम्पियरगंज। जच्चा-बच्चा की मौत के मामले में निजी अस्पताल संचालक समेत पांच कर्मियों पर पुलिस ने केस दर्ज कर एक को हिरासत में ले लिया है। एसडीएम व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल को सील कर दिया।

चौमुखा नगर पंचायत के रामनगर निवासी शैलेश चौरसिया ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने पत्नी सरिता को प्रसव पीड़ा होने पर बुधवार की सुबह 5 बजे ब्लाक रोड पर स्थित मां दुर्गा हास्पिटल मे भर्ती कराया। सुबह 8 बजे अस्पताल संचालक ने बताया आपरेशन करना पड़ेगा। आपरेशन से बच्चा पैदा हुआ, लेकिन कुछ देर बाद नवजात की मौत हो गयी। पत्नी सरिता की भी तबहयत बिगड़ने लगी। जिस पर डाक्टर ने कहा कि गोरखपुर में उनके दूसरे हास्पिटल पर चलना पड़ेगा। वे बरगदवा स्थित निर्मला हास्पिटल ले गये, जहां सरिता की मौत हो गयी।

शैलेश चौरसिया की तहरीर पर पुलिस ने अस्पताल संचालक डा.शैलेन्द्र नाथ सोलंकी, डा. असलम, अस्पताल कर्मी अनीता गिरि, श्याम सुंदर पासवान व नीतू भारती के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# हत्या के प्रयास के जुर्म में चार को दस साल की कैद

गोरखपुर (एसएनबी)। हत्या का प्रयत्न करने का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर जनपद न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के कसिहारा निवासी अभियुक्त गंगा सिंह,साहब सिंह,ध्रुव सिंह व दिग्विजय सिंह को दस साल के कठोर कारावास एवं प्रत्येक को 13 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है।अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को पांच माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धर्मेन्द्र कुमार दूबे का कहना था कि वादी पारसनाथ सिंह हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के कसिहरा का निवासी है।घटना 23 अक्टूबर 2012 की सुबह सवा सात बजे की है।वादी अपने लड़के दिनेश सिंह के साथ खलिहान की सफाई करने गया था।वहां उसने देखा कि अभियुक्तगण मिट्टी से उसका खलिहान पाट रहे थे।मना करने पर अभियुक्तगण मार पीट पर उतारू हो गए और गंगा सिंह के ललकारने पर अभियुक्तों ने वादी के लड़के दिनेश को घेर लिया और ध्रुव सिंह ने वादी के लड़के के ऊपर असलहे से फायर कर दिया।।जिससे वादी के लड़के को गंभीर व प्राणघातक चोट आई।

# किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में इनामी का बेटा गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। राजघाट इलाके में तेरह वर्षीया एक नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। गांव के ही रहने वाले आरोपी बहला फुसला कर एक सुनसान पुराने खंडहर में ले गया और दुष्कर्म करने के बाद उसे छोड़ कर भाग गया। नाबालिग की मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी अविनाश निषाद को आठ घंटो के अंदर ही राजघाट पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया की नाबालिग बालिका थाना राजघाट क्षेत्र की रहने वाली है जिसे गांव का ही रहने वाले अविनाश पुत्र संपत निषाद सोमवार की शाम को बहला फुसला कर अपने साथ ले गया। शाम को क्षेत्र में लगे नागपंचमी के मेले में घुमाया और वहीं से महेवा के एक पुराने खाली पड़े घर में ले गया और वहां बालिका के साथ दुष्कर्म किया, और उसे वहीं छोड़ कर भाग गया। रात का अंधेरा और बारिश के कारण बालिका रात भर वहीं छुपी रही मंगलवार की भोर में बालिका अपने घर पहुंची और परिजनों को पूरी बात बताई। जिसके बाद परिजन बालिका को लेकर थाना राजघाट पहुंचे। पीड़िता की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश करने लगी जिसे 8 घंटो में अमरुदमंडी स्थित बेला माता मंदिर से गिरफ्तार कर लिया गया।

**एक माह पहले जेल से छूटा था आरोपी, लूट हत्या का प्रयास, चोरी जैसे कई मुकदमे हैं दर्ज**

**आरोपी का पिता एनडीपीएस का फरार, 20 हजार का है इनामी**

### लगातार पुलिस को गुमराह करता रहा आरोपी

एसएचओ राजघाट राजेंद्र सिंह ने बताया की अपराधी इतना शातिर किस्म का है कि लगातार झूट बोलता रहा। एक बार के लिए तो पुलिस को भी उसने अपने झांसे में ले लिया। जिसके बाद पुलिस ने नाबालिग का मेडिकल जांच करवाया जिसमे दुष्कर्म किया जाना पाया गया। मेडिकल रिपोर्ट और बालिका के अंतर्वस्त्र पर लगे खून और उसके बताए कथन के आधार पर एक टीम गठित की और जांच शुरू की। पुलिस टीम ने गांव में और आस पास के लोगो से पूछ ताछ शुरू की और सारे सबूत जुटाए। आरोपी से कड़ाई से पूछ ताछ की तो उसने जुर्म कबूल कर लिया।

एसपी सिटी ने बताया की आरोपी पर पहले से लूट, चोरी, हत्या का प्रयास जैसे कई मुकदमे दर्ज हैं। एक माह पहले ही जेल से जमानत पर छूट कर आया था। जेल से आने के बाद अक्सर बालिका से आते जाते बात करता था। आरोपी के पिता पर भी एनडीपीएस एक्ट और अन्य कई धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं जो पिछले कई वर्षो से फरार चल रहा है साथ ही 20 हजार का इनामिया भी है।

# नोट बनाने वाले वीडियो ने चमकाया और जेल भी पहुंचाया

## देवरिया में गिरोह चलाने वाला जग्गा पकड़ा गया तो राहुल ने खुद शुरु कर दी नकली नोट बनाने की फैक्टरी, लोगों से ठगी भी करने लगा था

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। नकली नोट के धंधे में पकड़ा गया देवरिया का राहुल सिंह अपने बेटे अवनीश और साथी चांद मोहम्मद के साथ छह साल से नकली नोटों का धंधा चला रहा था। देवरिया के जग्गा के पकड़े जाने के बाद कुछ दिन मामला शांत रहा, मगर फिर सब ठगी का धंधा करने लगे। इसी ठगी के धंधे को चमकाने के फेर में एक वीडियो बनाया गया, जिसमें केमिकल की मदद से काले रंग के कागज से नोट बनाए जाने की बात कही।

चांद मोहम्मद का बनाया यह वीडियो खूब वायरल भी हुआ। यही वीडियो पुलिस के हाथ लगा, जिसके बाद पुलिस नकली नोट छापने वालों तक पहुंची और तीनों को जेल भेजा।





आरोपियों के पास से बरामद 200 के नकली नोट और नोट बनाने के लिए इस्तेमाल में लाए जाने वाले सामान। अमर उजाला

**मुख्य आरोपी तक नहीं पहुंच सकी थी पुलिस** गगहा पुलिस ने पहले भी नकली नोटों के साथ कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया था। मामले की छानबीन भी हुई थी, लेकिन पुलिस मुख्य आरोपी तक नहीं पहुंच सकी थी। अब दोबारा मामला सामने आया है। पुलिस का कहना है कि इस बार नकली नोटों से जुड़ी हर कड़ी तक पहुंचने की कोशिश होगी। गिरोह को खत्म किया जाएगा।

दरअसल नकली नोट के मामले में पकड़ा गया राहुल सिंह, देवरिया में गिरोह चलाने वाले जग्गा उर्फ जगरनाथ के साथ मिलकर यह अवैध धंधा चलाता था। जग्गा नकली नोट छापने में माहिर था। राहुल ने साथ रहकर पहले नकली नोट छापना सीखा। जब गगहा इलाके में नौ अक्तूबर 2022 को जग्गा पकड़ा गया, तो राहुल स्वतंत्र रुप से यह अवैध धंधा करने लगा।

पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे डिमांड के आधार पर नकली नोट छापते थे। पहले से नोट छापकर नहीं रखते थे, क्योंकि इसमें पकड़े जाने का डर था। जब ग्राहक नोट लेने को तैयार हो जाता था, तब उतने ही नोट छापते थे और फिर उसे खपा दिया जाता था।

हालांकि इतनी सजगता के बावजूद पुलिस, आरोपियों तक पहुंच गई। जांच में सामने आया है कि नकली नोट के अलावा आरोपी, ठगी का भी काम करते थे। काले कागज के साथ केमिकल बेचते थे। फिर लोगों से कहते थे, इस केमिकल को घर जाकर डाल देना, नोट बन जाएगा। इसके लिए काले रंग के कागज को इन लोगों ने 200 रुपये के नोट के साइज में काटकर रखा भी था, इसके लिए एक नोट के बदले 50 रुपये लेते थे।

### चूना लगाने पर छूटा नकली नोट का रंग

आरोपियों के पास मिले नकली नोट को पहचानने में पुलिस के साथ ही बैंककर्मियों के भी पसीने छूट गए। आरोपियों से सख्ती से पूछताछ में पता चला कि नोट पर चूना लगाना पड़ेगा। चूना लगाते ही नोट का रंग छूटने लगेगा। पुलिस के ऐसा करने पर कुछ देर बाद नकली नोट से रंग छूटने लगा। पुलिस ने असली नोट पर भी चूना लगाकर देखा, लेकिन रंग नहीं छूटा। हालांकि असली नोट पर चूना लगाने की मनाही है।

GLA UNIVERSI

# चोरी के सात मोबाइल फोन के साथ युवक गिरफ्तार

गोरखपुर। राजघाट पुलिस ने चोरी के सात मोबाइल फोन के साथ बुधवार को एक युवक को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान तिवारीपुर के घसीकटरा निवासी सत्यम गुप्ता के रूप में हुई है।एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि सत्यम राजघाट व तिवारीपुर इलाके में घरों से मोबाइल फोन चोरी करता था। पूछताछ में सत्यम ने बताया कि माता-पिता की मौत के बाद उसे पैसों की किल्लत हुई। उसे कोई रास्ता नहीं दिखा तो वह लोगों के घरों से मोबाइल फोन चोरी करने लगा। ब्यूरो

# दुष्कर्म के दो आरोपी भेजे गए भेज

गोरखपुर। बेलघाट इलाके में मारपीट, दुष्कर्म के दो आरोपियों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान बेलघाट के डकही गांव निवासी विजय प्रताप सिंह व राईपुर निवासी मनोज कुमार सिंह के रूप में हुई। आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# भू माफिया कमलेश यादव पर एक और केस, साथी गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** एम्स इलाके का रहने वाला भूमाफिया कमलेश यादव का साथी मनोज कुमार को एम्स पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया। मनोज कुमार पर जालसाजी व मारपीट के तीन केस दर्ज हैं। उधर एम्स पुलिस ने कमलेश पर एक और जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि एम्स पुलिस ने कमलेश गिरोह के साथी मनोज को पकड़ा हैजिस पर कमलेश के साथ जालसाजी का दो केस दर्ज है। बहरामपुर निवासी कमलेश, मनोज, आजमगढ़ निवासी शिवचन्द, गुलरिहा निवासी अन्नू ने रिटायर्ड फौजी की पत्नी दानिश परवीन से 25 लाख लेकर दूसरे की जमीन रजिस्ट्री कर दी थी, जिसमे केस हुआ था। पुलिस ने 31 जुलाई को कमलेश व अन्नू को गिरफ्तार किया था। अन्नू नकली नीतू बनकर बहु स्वामी के तौर पर रजिस्ट्री की थी। मामले में मनोज, शिव चन्द फरार थे। आज मनोज को गिरफ्तार किया गया। अब पुलिस शिवचन्द, दयानन्द, अजय कुमार की तलाश में है। वही दूसरी तरफ पुलिस ने दरगहिया निवासी परशुराम यादव की तहरीर पर कमलेश व शब्बीर पर रुपये हड़पने व जालसाजी का केस दर्ज किया है।

> **गिरफ्तार साथी पिपराइच के रक्षवापार का रहने वाला मनोज ग्राहक लाता था, सभी मिलकर धोखाधड़ी करने में होते थे शामिल**

आरोप है कि कमलेश ने बाराबंकी में जमीन दिखाई। सौदा 36 लाख 96 हजार में तय हुआ। 23 लाख 50 हजार देने के बाद पीड़ित रजिस्ट्री व अन्य रकम की व्यवस्था के लिए 3 माह का समय लिया। आरोप है कि 3 महीने बाद जब वह बाकी पैसे लेकर रजिस्ट्री को बोले तो आनाकानी करने लगा। न रजिस्ट्री किया न ही पैसे दिया। कमलेश ने परशुराम को बताया था कि जमीन शब्बीर की है। वह गोरखपुर का रहने वाला है। उससे मुलाकात भी कराई थी।

पैसे शब्बीर के एकाउंट में भी गया था। कमलेश व उसके साथियों पर अबतक एम्स पुलिस 6 जालसाजी का केस दर्ज कर चुकी है। सभी मामले जमीन की जालसाजी से जुड़े है। उससे पहले भी कमलेश पर जमीन जालसाजी के 7 मामले खोराबार व चौरीचौरा में दर्ज है। अभी तक जितने मुकदमे कमलेश पर हुए है उनमें वह जालसाजी कर दूसरे की जमीन बेच करीब 1 करोड़ हड़प चुका है। पुलिस अब उसपर व उसके साथियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई करेगी। कमलेश वर्तमान में जेल में बन्द है। वह 10 साल पहले फौज से रिटायर्ड हुआ था, जिसके बाद इलाके के सीलिंग की जमीन बेचने लगा। बकायदा विंध्यवासिनी ट्रेडर्स नाम से दफ्तर भी खोल रखा था। पुलिस कमलेश के बारे में इलाके में लाउडस्पीकर से एनाउंसमेंट भी कर चुकी है।

# गैर इरादतन हत्या के जुर्म में दस साल की कैद

**गोरखपुर (एसएनबी)**। गैर इरादतन हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी ने कुशीनगर जिले के अहिरौली थाना क्षेत्र के परतावल पिपराइच निवासी अभियुक्त अभिषेक उर्फ गुड्डू को दस साल के कठोर कारावास एवं दस हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है।अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को दो माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता सौरभ श्रीवास्तव एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जयनाथ यादव का कहना था कि वादी योगेंद्र गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल अयोध्या प्रसाद चौहान टोला का निवासी है।उसका छोटा भाई बाले चौहान शाहपुर पादरी बाजार स्थित राधे इलेक्ट्रनिक की दुकान पर काम करता है।26 नवम्बर 2020 को वह सहारा स्टेट में डेकोरेशन कराने गया था।रात तीन बजे वह अलाव जलाकर ताप रहा था।उसी समय राय इलेक्ट्रानिक पिपराइच के कार्यकर्ता द्वारा वादी के भाई के ऊपर डीजल फेंक दिया गया।जिससे वह बुरी तरह झुलस गया और इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

# रहस्मय हालत में बुजुर्ग लापता

**पाली (एसएनबी)।** सहजनवा थाना क्षेत्र के ग्राम भीटहा निवासी बुजुर्ग शिवपूजन बीते 10 अगस्त को रहस्यमय परिस्थिति में भैसला चौराहे से गायब हो गए। काफी देर बाद जब वह घर नहीं लौटे तो स्वजन घबरा गये और मामले की सूचना पुलिस को दी। शिवपूजन के तीन लड़के हैं, जो सभी के पास परिवार बच्चे हैं। वह अपने लड़कों से अलग रहते थे। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी चंद्रावती देवी थी। तबीयत अक्सर उनकी खराब रहती थी । दवा पर उनकी जीवन की गाड़ी चल रही थी। दवा खत्म हो गई थी और वह लेने गांव से एक किमी दूर भैसला चौराहे पर पैदल निकले हुए थे,जब काफी देर बाद भी घर नहीं लौटे तो पत्नी चंद्रवती फूट-फूट कर रोने लगी। घर के लोगों को जानकारी होने पर खोज-बीन शुरू किया । सभी जगह नाते-रिश्तेदारो से लेकर आस-पड़ोस में खोजा पर कहीं पता नहीं चला। सभी ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। हल्का दरोगा राहुल मिश्रा ने कहा कि मामला मेरे संज्ञान में आया है। गुमशुदगी दर्ज की गई थी ।

# साली के बारे में जीजा से की शिकायत, युवक पर केस

**गोरखपुर(एसएनबी)।** शाहपुर इलाके की रहने वाली युवती के जानने वाले ने उसे बदनाम करने के लिए उसके जीजा को फोन कर गलत बाते बोल दी, साथ ही युवती को गाली और जान से मरने की धमकी भी दे डाली। जिसके बाद युवती ने शाहपुर थाने में युवक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। उत्तरी जटेपुर हाइडिल कालोनी के रहने वाली रुपा शर्मा थाना शाहपुर में तहरीर देकर बताया की उसके जानने वाले जेल रोड मंगलम बहार कालोनी के अमित कुमार सिंह पुत्र राधे श्याम सिंह ने उसके विषय में गलत बाते बोल कर उसके जीजा को भड़का दिया। जिसके बाद रुपा मंगलवार की रात अमित के घर पहुंच गई। रुपा को दूर से ही देख कर अमित उसे गाली देते हुए उसे जान से मरने की धमकी देने लगा। जिसकी शिकायत लेकर थाने पर पहुंची। थाना शाहपुर पुलिस ने बुधवार को अमित सिंह के विरुद्ध 323, 504, 506 की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया।

## नकली नोट छापने वाले गिरोह का भांडाफोड़

# सरगना समेत तीन गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। गगहा पुलिस ने नकली नोट छापने वाले गिरोह का भांडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के सरगना राहुल सिंह, उसके बेटे अवनीश सिंह उर्फ अवनीश राव व नोट चलाने वाले चांद मोहम्मद को गिरफ्तार किया है। दो आरोपी राहुल का बेटा विकास व देवरिया के गड़ही निवासी विक्रम जायसवाल फरार हैं। गैंग के सदस्य ब्लैक शीट पर केमिकल डालकर नकली नोट छापकर ब्लैक शीट व केमिकल बेचकर ठगी करते थे।

**गिरोह के सरगना के दो बेटे भी हैं इस धंधे में, एक बेटे समेत दो फरार**

**ब्लैक शीट पर केमिकल डालकर बनाते थे नकली नोट**

एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि गगहा पुलिस को एक वीडियो मिली जिसमे एक व्यक्ति केमिकल डालकर नकली नोट बना रहा था। पुलिस जांच में पता चला कि चांद मोहम्मद के पास यह नोट है। पुलिस ने दुकान पर नोट चलाने वाले चांद मोहम्मद को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि गिरोह का सरगना बांसगांव के धनोड़ा निवासी राहुल सिंह है। वह अपने बेटों अवनीश व विकास के साथ मिलकर नकली नोट बना कर विक्रम आदि के मदद से बाजार में चला रहा है । साथ ही अधिक मूल्य के नकली नोट देकर कम मूल्य के असली नोट लेकर ठगी भी कर रहा है। पुलिस ने राहुल व उसके एक बेटे अवनीश को गिरफ्तार कर लिया।

एसपी साउथ ने बताया कि राहुल सिंह 56 साल का है। वह मूल रूप से बनारस के सरौली का रहने वाला है। 20 साल से वह अपने ननिहाल धनोड़ा गांव में मकान बनवाकर रह रहा था और घर में ही नकली नोट बना रहा था। उसने बताया कि उसके पास एक ब्लैक कागज है जिसपर केमिकल डालकर एक ही सीरीज के 10, 20, 50, 100, 200 व 500 के नोट बनाकर बाजार में चलाता है। साथ ही लोगों से 5000 या 10 हजार लेकर 20 हजार ब्लैक पेपर व केमिकल देता था और कहता था कि नोट दोगुना बना लेना। इस तरह उसने 50 लोगो को ठगा है। किसी से 2 हजार तो किसी से 5 या 10 हजार। असली रुपये लेकर दोगुना ब्लैक पेपर और केमिकल देता है। पुलिस के अनुसार राहुल का फरार बेटा विकास नकली नोट चलाने के आरोप में पूर्व में जेल जा चुका है और विक्रम फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने उनके पास से नकली नोट, एक मोबाइल, अलग अलग नोट साइज का ब्लैक पेपर, कई प्रकार के केमिकल, पाउडर, लकड़ी का बोर्ड व कार बरामद किया है। पुलिस के अनुसार चांद मोहम्मद को नकली नोट विक्रम जायसवाल ने दिया था। राहुल के अनुसार उसके मामा वन विभाग में थे और दादी विधायक रह चुकी हैं। वह कैम्पियरगंज से दसवीं पास है। उसका किडनी की डायलसिस हो चुकी है। वाकर के सहारे चलता है।

**पहले भी धरे गए थे नकली नोट के साथ :** इसके पहले भी नकली नोट के साथ जिले में गिरफ्तारियां हुई हैं। 28 मई 2018 को झंगहा पुलिस ने नकली नोट चलाते हुए गौरीबाजार के पप्पू निषाद को पकड़ा था। 31 अगस्त 2019 को बांसगांव पुलिस ने दो नाबालिग, दो महिला समेत 7 लोगों को नकली नोट चलाने के आरोप में पकड़ा था। जिनमे सिकरीगंज की उषा चौहान, वंदना, आजमगढ़ का भीमल निषाद शामिल था। कैन्ट पुलिस ने 3 जुलाई 2021 को दिव्यनगर व सिंघड़िया से नकली नोट चलाते हुए बांसगांव निवासी फकरुद्दीन व सिवान बिहार के दिलशेर को पकड़ा था। उन्हें नकली नोट बिहार का रहने वाला राजन देता था। गगहा पुलिस 9 अक्टूबर 2022 को देवरिया के गड़ही निवासी विक्रम जायसवाल व गौरीबाजार निवासी जग्गा उर्फ जगरनाथ को पकड़ा था। इस मामले में बाद में कुल 5 लोग जेल गए थे। विक्रम नोट चलाता था। आज पकड़े गए राहुल के नकली नोट को भी यही विक्रम चलाता था जिसकी तलाश में पुलिस लगी है।

**खुलासा** बाप-बेटे मिलकर छापते थे नकली नोट, पुलिस ने किया गैंग का पर्दाफाश

# 10 हजार असली नोट के बदले नकली 20,000

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (23 Aug):** गोरखपुर में नकली नोट छापने वाले बाप-बेटे को पकड़कर पुलिस ने बुधवार को एक बड़ी गैंग का पर्दाफाश किया है. गैंग के सरगना ने बताया कि टीवी देखकर नोट बनाना सीखा था. वह ब्लैकशीट पर केमिकल डाल नकली नोट बनाता था. इनके पास से पुलिस ने नकली नोट समेत कई सामान बारामद किए हैं. पुलिस ने इनकी पहचान गिरोह के मुख्य सरगना बांसगांव धनौड़ा निवासी राहुल सिंह और उसका दूसरे नंबर का बेटा अवनीश सिंह उर्फ अवनीश राय और बड़हलगंज बेदौली के चांद मोहम्मद के रूप में की है.



### फैला चुके लाखों रुपए

पुलिस लाइन में गैंग का पर्दाफाश करते हुए एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि राहुल का बड़ा बेटा विकास और देवरिया के गड़ही का रहने वाला विक्रम जायसवाल फरार है. यह गैंग बीते 7 साल से नकली नोट बनाने का कारोबार कर रही थी और लोगों के माध्यम से अब तक बाजार में लाखों रुपए उतार चुकी है. राहुल व विक्रम इसके पहले भी जेल जा चुका है.

### दोगुना नोट का सौदा

गगहा पुलिस को इंटरनेट पर एक वीडियो मिला था, जिसमें एक व्यक्ति द्वारा नकली नोट बनाने का काम कर रहा था. वीडियो की जांच में जुटी पुलिस को हाटा बाजार में नकली नोट चलाने वाले एक युवक के बारे में पता चला. लोगों से पूछताछ करते हुए पुलिस ने आशंका में चांद मोहम्मद को हिरासत में लिया और उससे पूछताछ की. चांद के द्वारा बताया कि उसे एक अन्य व्यक्ति द्वारा बाजार में नकली नोट चलाने के लिए दिया जाता है. पुराने मामलों की जांच करते हुए पुलिस को राहुल के बारे में पता चला. पुलिस ने उसके घर का पता लागते हुए बांसगांव के धनौड़ा से उसे गिरफ्तार किया. इसके बाद से पूरी घटना का पर्दाफाश हुआ. राहुल ने पूछताछ में बताया कि वह अपने बड़े बेटे विकास और दूसरे नंबर के बेटे अवनीश के साथ नकली नोट बनाने का काम कर रहे हैं. उसके बेटे और देवरिया का विक्रम ग्राहकों को लाते थे और असली नोट लेकर ब्लैक पेपर और केमिकल देकर उन्हें दोगुना नकली नोट देता था.

### वाराणसी का है राहुल

गिरोह का सरगना राहुल मूल रूप से वाराणसी के जनसा थाना के सरौनी गांव का रहने वाला है, लेकिन जब वह एक वर्ष का था तभी मां के साथ ननिहाल बांसगांव धनौड़ा चला आया. पहले वह गगहा में किराए के कमरे में रहता था. 20 वर्ष पहले धनौड़ा में मकान बनवाने के बाद परिवार के साथ रहने लगा. राहुल ने बताया कि वह 56 वर्ष का है. उसकी दादी धनेश्वरी देवी विधायक थी और मामा वन विभाग में अधिकारी थे. इस समय वह वाकर के सहारे चलता है, उसकी किडनी का डालसिस हो चुका है. बेटों के सहारे वह इस धंधे को चला रहा था. राहुल ने बताया कि इनके पास एक ब्लैक कागज है, जिस पर एक केमिकल डालकर एक ही सीरीज के 10, 20, 50, 100, 200 व 500 रुपए के नकली नोट बनाते थे.

### पहले भी नकली नोट संग पकड़े जा चुके लोग

- 28 मई 2018 को झंगहा पुलिस ने नकली नोट चलाते हुए गौरीबाजार के पपु निषाद को पक?ा था.
- 31 अगस्त 2019 को बांसगांव पुलिस ने दो नाबालिग, दो महिला समेत कुल सात लोगों को नकली नोट चलाने के आरोप में पकड़ा. जिनमे सिकरीगंज की उषा चौहान, वंदना, आजमगढ़ का भीमल निषाद शामिल थे.
- कैंट पुलिस ने तीन जुलाई 2021 को दिव्यनगर व सिंघड़िया से नकली नोट चलाते हुए बांसगांव निवासी फकरुदीन व सिवान बिहार के दिलशेर को पकड़ा था. उन्हें यह नकली नोट बिहार का राजन देता था.
- गगहा पुलिस नौ अक्टूबर 2022 को देवरिया के गड़ही निवासी विक्रम जायसवाल और गौरीबाजार
- निवासी जग्गा उर्फ जगरनाथ को पकड़ा था. मामले में बाद में कुल 5 लोग जेल गए थे. विक्रम नोट चलाता था. आज पकड़े गए राहुल के नकली नोट को भी यही विक्रम चलाता था जिसकी तलाश में पुलिस लगी है.

## पहले भी पकड़े जा चुके हैं नकली नोट

- **3 जुलाई 2022:** कैंट पुलिस ने बांसगांव के फफरुद्दीन और बिहार के राजन तिवारी को नकली नोटों के साथ पकड़ा।
- **एक दिसंबर 2020:** बांसगांव पुलिस ने बेलघाट के बारपार निवासी धर्मपाल को एक लाख रुपये के नकली नोट के साथ पकड़ा।
- **एक दिसंबर 2020:** सिकरीगंज इलाके में नकली नोट संग सब्जी व्यापारी गिरफ्तार, 233 नोट बरामद हुए।
- **30 अगस्त 2019:** नकली नोटों के साथ बांसगांव इलाके में पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया। एक महिला भी पकड़ी गई।
- **27 मई 2018:** झंगहा इलाके में सौ-सौ रुपये के चार नोट संग देवरिया, पोखरा निवासी पप्पू निषाद को पुलिस ने पकड़ा। वह कई दिनों से रुपये मार्केट में चला रहा था।
- **7 मार्च 2018:** राजघाट इलाके में शातिर त्रिभुवन सिंह और उसके साथी यूनुस को गिरफ्तार कर पुलिस ने नकली नोट सहित अन्य सामान बरामद किए।
- **04 दिसंबर 2019:** देवरिया जिले के रामपुर कारखाना में नकली नोट संग तीन लोग पकड़े गए। सौ-सौ रुपये के 49,990 रुपये बरामद हुए।
- **12 अप्रैल 2016:** गोरखनाथ इलाके के हुमायूंपुर मुहल्ले में पुलिस ने अक्षय यादव को गिरफ्तार किया। स्कैनर और प्रिंटर के जरिए वह नकली नोट छापकर मार्केट में चलाता था।

## आसानी से पकड़ में नहीं आ रहे थे नकली नोट

**पुलिस** की जांच में यह भी सामने आया है कि नोट को आसानी से नहीं पकड़ा जा सकता था। बैंक के मशीन में भी नोट नहीं पकड़ में आ रहे थे। एसपी साउथ ने बताया कि नौ अक्तूबर 2022 को पुलिस ने देवरिया के गौरीबाजार थाना क्षेत्र के बर्दगोनिया सुदामा चौक निवासी जग्गा उर्फ जगरनाथ और गोरखपुर के गगहा थाना क्षेत्र के गडही निवासी विक्रम जायसवाल को गिरफ्तार किया था। तब भी यह बात सामने आई थी कि कुछ लोग और इस धंधे में जुड़े हैं।

### कमीशनबाजी का भी खेल

**नकली** नोट खपाने में कमीशनबाजी के खेल का भी पता चला है। आरोपियों ने इसे स्वीकार भी किया है। एक आरोपी को दस हजार नकली नोट खपाने के एवज में तीन हजार रुपये देने का भरोसा मिला था। इसके बाद ही गांव के कई लोग इस काम में जुड़ गए थे।

# 149 वाहनों का चालान, आठ सीज



गोरखपुर। यातायात पुलिस ने बिना हेल्मेट व कागजात के वाहन चला रहे लोगों के खिलाफ बुधवार को कार्रवाई की। इस दौरान 149 वाहन चालक बिना हेलमेट के मिले, जिनका चालान किया गया। बिना कागज के वाहन चला रहे आठ लोगों के वाहनों को सीज किया गया। ब्यूरो

# भू-माफिया कमलेश यादव पर एक और केस दर्ज, साथी भी दबोचा गया

## गिरफ्तार मनोज लाता था जमीन का ग्राहक, फिर होती थी जालसाजी, दीनानाथ की तलाश तेज

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। भू-माफिया कमलेश यादव पर मंगलवार को एक और एफआईआर दर्ज कर ली गई। वहीं, एम्स पुलिस ने बुधवार को कमलेश के साथी मनोज कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।



आरोपी मनोज



जालसाज कमलेश के रिमांड की तैयारी तेज

23 अगस्त को प्रकाशित खबर।

पुलिस की जांच में सामने आया है कि मनोज जमीन को खरीदने के लिए ग्राहक को खोजता था, उसके लाने के बाद ही गिरोह के लोग आए शख्स को जमीन के नाम पर ठगने का काम करते थे।

पुलिस ने कमलेश के करीबी साथी दीनानाथ की तलाश भी तेज कर दी है। उनकी तलाश में पुलिस गैर जनपद रवाना हो गई है।

पकड़ा गया मनोज कुमार रक्षवापार का रहने वाला है। उसपर जालसाजी व मारपीट के तीन केस पहले से दर्ज हैं। दरगहिया निवासी परशुराम यादव ने केस दर्ज कराया है। उनका कहना है कि कमलेश ने बाराबंकी में जमीन दिखाई। सौदा 36 लाख 96 हजार रुपये में तय हुआ। 23 लाख 50 हजार रुपये देने के बाद परशुराम ने रजिस्ट्री व अन्य रकम की व्यवस्था के लिए तीन माह का समय लिया।

आरोप है कि तीन महीने बाद जब वह बाकी पैसे लेकर रजिस्ट्री के लिए कहा तो आनाकानी करने लगा। न रजिस्ट्री किया न ही रुपये दिए। कमलेश ने परशुराम को बताया था कि जमीन शब्बीर की है। वह गोरखपुर का रहने वाला है। उससे मुलाकात भी कराई थी। पैसे शब्बीर के अकाउंट में भी गया था, लेकिन जमीन नहीं मिली। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि एम्स पुलिस जे

कमलेश गिरोह के फरार साथी मनोज को पकड़ा है। उसपर कमलेश के साथ जालसाजी का दो केस दर्ज है। बताया कि बहरामपुर निवासी कमलेश, मनोज, आजमगढ़ निवासी शिवचंद, गुलरिहा निवासी अन्नू ने रिटायर्ड फौजी की पत्नी दानिश परवीन से 25 लाख रुपये लेकर दूसरे की जमीन रजिस्ट्री कर

### माफिया चंदन सिंह की जमानत अर्जी खारिज

गोरखपुर। हत्या के प्रयास के मामले में अपर जनपद न्यायाधीश संतोष कुमार सिंह गौतम ने चिलुआताल थाना क्षेत्र के कुशहरा निवासी माफिया चंदन सिंह उर्फ देवकी नंदन सिंह की जमानत अर्जी अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी। चंदन आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। वह जिले के बदमाशों की टॉप टेन सूची में भी शामिल है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धीरेंद्र जायसवाल का कहना था कि वादी मनीष सिंघानिया पार्क रोड के पास का निवासी है। घटना दो मार्च 2014 की रात करीब 8:30 बजे की है। वादी के पिता दिनेश सिंघानिया राहुल कुमार, महेंद्र कुमार और बिट्टू के साथ अपने कपड़े की दुकान पर मौजूद थे। उसी समय दो व्यक्ति हेलमेट पहने हुए दुकान पर आए और बिना कुछ कहे जान मारने की नियत से पिस्टल से वादी के पिता दिनेश सिंघानिया के ऊपर गोली चला दी। वादी के पिता के साथ मौजूद राहुल कुमार जब उन्हें बचाने आया तो उसे भी गोली मार दी, जिससे वादी के पिता और राहुल को गंभीर और प्राणघातक चोटें आई थीं। ब्यूरो

# अस्पताल का संचालक गिरफ्तार, पांच पर केस

अमर उजाला ब्यूरो

कैंपियरगंज। नगर पंचायत चौमुखा के मां दुर्गा अस्पताल में मंगलवार को हुए जच्चा-बच्चा की मौत के मामले कैंपियरगंज पुलिस मृतका के पति की तहरीर पर अस्पताल संचालक शैलेंद्र नाथ सोलंकी एवं डॉ. असलम समेत पांच नामजद लोगों पर धारा 304 के तहत केस दर्ज कर लिया। अस्पताल संचालक शैलेंद्र नाथ सोलंकी को गिरफ्तार कर मामले की जांच की जा रही है। अस्पताल संचालक की गिरफ्तार के बाद परिवार वालों ने बुधवार देर रात शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

अस्पताल तीन साल से बिना लाइसेंस के चल रहा था। नगर पंचायत चौमुखा के वार्ड 14 निवासी शैलेश चौरसिया की पत्नी सरिता चौरसिया को प्रसव पीड़ा होने पर सोमवार को मां दुर्गा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था।

मंगलवार की सुबह ऑपरेशन से बेटे का जन्म हुआ। कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई। दोपहर बाद प्रसूता की भी हालत बिगड़ने लगी। शाम को उसकी भी मौत हो गई थी।

### कैंपियरगंज में चल रहे अस्पताल में हुई थी जच्चा-बच्चा की मौत


प्रसूता, नवजात की मौत पर हंगामा, अस्पताल सील

23 अगस्त को प्रकाशित खबर।

## 20 से अधिक नर्सिंग होम हो रहे संचालित

कैंपियरगंज। नगर पंचायत चौमुखा समेत आसपास के क्षेत्र में 20 से अधिक नर्सिंग होम संचालित हो रहे हैं। इसमें से कई अवैध हैं। स्वास्थ्य विभाग इनकी जांच का दावा तो करता है, लेकिन सीएचसी से महज 300 मीटर के भीतर ही कई साल से बिना पंजीकरण के चल रहे अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। सीएचसी के पास अवैध रूप से संचालित कमला हॉस्पिटल में भी छह माह पूर्व नगर पंचायत करतहरी गांव निवासी महिला की ऑपरेशन के बाद मौत हो गई थी। ब्यूरो

## जालसाजी करने वाले चार बदमाशों पर लगा गैंगस्टर

गोरखपुर। जमीन के नाम पर जालसाजी करने वाले चार बदमाशों पर पुलिस ने गैंगस्टर का केस दर्ज कर लिया। डीएम के अनुमोदन के बाद चिलुआताल पुलिस ने गिरोहबंद करने की कार्रवाई की है। यह सभी लोगों जमीन के नाम पर रुपये की वसूली करते थे और फिर हड़पकर जमीन नहीं देते थे। गोरखनाथ के राजेंद्रनगर निवासर बृजेश कुमार शाही गिरोह का सरगना है। गिरोह में विकास नगर कि प्रभुनाथ मौर्य, जंगल बेनी माधव मोहरीपुर के सागर चौहान और मोहरीपुर के रवि प्रताप त्रिपाठी शामिली हैं। पुलिस के मुताबिक, गिरोह सरगना बृजेश कुमार शाही तीन गुर्गों के साथ धोखाधड़ी कर अवैध तरीके से जमीन का बैनामा कर रुपये हड़प कर लेते हैं। ब्यूरो

## मकान और नौकरी के नाम पर ठगी, केस दर्ज

गोरखपुर। मकान व नौकरी के नाम पर फिर जालसाजी करने के मामले सामने आए हैं। कोई विदेश में नौकरी की चाहत में ठगा गया है तो किसी ने मकान के नाम पर रुपये गंवा दिए। खोराबार थाने में भैसहा निवासी उपेंद्र कुमार गुप्ता ने केस दर्ज कराया है। उपेंद्र ने तहरीर में लिखा है कि गांव के उमेश कुमार निषाद ने मकान व अन्य कार्य के लिए बीस लाख रुपये उधार लिए थे। अब रुपये देने में आनाकानी कर रहे हैं। उधर, कैंट थाने में माया देवी ने दर्ज कराया है। नंदापार निवासी माया देवी पत्नी गजेंद्र प्रसाद ने तहरीर में लिखा है कि पति घर पर रहते हैं। गौतम धोबी ने पति को विदेश भेजने के नामर 85 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ब्यूरो

# गैर इरादतन हत्या के दोषी को दस साल की सजा

गोरखपुर। गैर इरादतन हत्या का जुर्म सिद्ध होने पर जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी ने कुशीनगर जिले के अहिरौली थाना क्षेत्र के परतावल पिपराइच निवासी अभिषेक उर्फ गुड्डू को दस साल के कारावास एवं दस हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर दो माह और जेल में रहना पड़ेगा। प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता सौरभ श्रीवास्तव एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जयनाथ यादव का कहना था कि वादी योगेंद्र गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल अयोध्या प्रसाद चौहान टोला का निवासी है। उसका छोटा भाई बाले चौहान शाहपुर पादरी बाजार स्थित राधे इलेक्ट्रॉनिक की दुकान पर काम करता है। 26 नवबंर 2020 को वह सहारा स्टेट में डेकोरेशन कराने गया था। रात वह अलाव ताप रहा था। राय इलेक्ट्रानिक पिपराइच के कार्यकर्ता ने वादी के भाई पर डीजल फेंक दिया था। ब्यूरो

# इनामी बदमाश के बेटे ने बच्ची से किया दुष्कर्म, हुआ अरेस्ट

**बच्ची की मां ने की थी कंप्लेन**
**पाक्सो एक्ट में भेजा गया जेल**




पुलिस गिरफ्त में आरोपित.

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (23 Aug):** राजघाट एरिया में एक बच्ची से फरार बदमाश के बेटे ने बलात्कार किया. 13 साल की बच्ची को बहला फुसला कर सुनसान जगह पर ले गया और वहां पर उसके साथ जबरदस्ती रेप किया. पुलिस ने केस दर्ज कर घटना के 8 घंटे बाद ही रामगढ़ताल मंझरिया डोमवा ढाला निवासी आरोपी अविनाश निषाद को गिरफ्तार कर लिया. गुरुवार को पुलिस ने उसे कोर्ट में पेशकर जेल भिजवा दिया.

## सामान खरीदने के बहाने रेप

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि मंगलवार की सुबह राजघाट के अमरूद बगिया के पास एक अर्ध निर्मित मकान में 13 साल की बच्ची से रेप की घटना हुई थी. बच्ची की मां ने राजघाट थाने आकर शिकायत की. जिसके बाद बच्ची को पुलिस ने मेडिकल के लिए भेज दिया. स्थानीय पुलिस ने रेप, पास्को में केस दर्ज कर घटना के 8 घंटे बाद ही आरोपी अविनाश को गिरफ्तार कर लिया.

अविनाश गांव की ही बच्ची को कुछ खाने का सामान खरीदने के बहाने ले गया और रेप किया. फिर उसे वही छोड़कर चला गया था. पुलिस के अनुसार अविनाश पर पहले से लूट, चोरी, हत्या के प्रयास के आरोप में 5 केस पहले से दर्ज है. वह एक माह पहले ही जमानत पर जेल से छूटकर बाहर आया है.

## पिता 3 साल से है फरार

अविनाश के पिता सम्पत पर 25 हजार का इनाम है. वह एनडीपीएस के मुकदमे में वांछित है और 3 साल से फरार है.

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-24-08-2023

# हनी ट्रैप : गिरोह में शामिल महिला गिरफ्तार, भेजी गई जेल

**जासं, बरहज**: जिले के हनी ट्रैप गिरोह में अहम किरदार निभाने वाली महिला को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दी गई। गिरफ्तार महिला ने गिरोह से जुड़ी कुछ अहम बातें भी पुलिस को बताई हैं। अब पुलिस उसका साक्ष्य जुटाने में जुट गई है। जल्द ही कुछ और लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है।

- पूछताछ में महिला ने उगला कई अहम राज, पुलिस जटाने में जुटी साक्ष्य
- विवेचक ने गिरफ्तार महिला से की घंटों पूछताछ, न्यायालय में किया पेश

जिले में संचालित हो रहे हनी ट्रैप का मामला उजागर होने के बाद पुलिस की जांच तेज हो गई है। 10 दिन पहले नगर पालिका बरहज के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने इस गिरोह का मामला सामने लाते हुए मुकदमा दर्ज कराया। जिसमें बैजनाथ, रवि चौहान व सुभाष चौहान को आरोपित बनाया गया, लेकिन गिरोह में अहम रोल निभाने वाली महिला को भी नामजद आरोपित नहीं बनाया गया। पुलिस की विवेचना में उसका नाम प्रकाश में लाया गया और बुधवार की सुबह आरोपित महिला को पुलिस ने धोखाधड़ी, आइटी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि सीओ व अन्य अधिकारियों ने महिला से तीन बार कई घंटों तक पूछताछ की। महिला ने इस गिरोह से जुड़े कई अहम बात बताई है। कई बड़े लोगों का भी उसने नाम लिया है। सीओ अंशुमन श्रीवास्तव ने बताया कि विवेचना की जा रही है। महिला को गिरफ्तार कर पूछताछ करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दी गई है।

# सीमेंट लदा ट्रक चुराने वाला भेजा गया जेल

**जासं, देवरिया**: शहर के स्टेशन रोड से सीमेंट लदे ट्रक की चोरी करने वाले को बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। आरोपित लक्ष्मण राय बिहार के छपरा के पिरारी (थाना गरखा) का रहने वाला है।

शहर के रामनाथ देवरिया के रहने वाले, जन्मेजय मिश्र का सीमेंट लदा ट्रक मंगलवार की रात में रेलवे स्टेशन रोड पर खड़ा था। भोर में चालक शौच करने चला गया और इसी दौरान ट्रक गायब हो गया। कोतवाली पुलिस ने गौरीबाजार के समीप से ट्रक बरामद कर लिया। साथ ही चोरी करने के आरोपित लक्ष्मण राय को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। कोतवाली प्रभारी दिनेश मिश्र ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया है। इसके अन्य किसी घटना में शामिल होने के साक्ष्य नहीं मिले हैं।

# घर में घुसकर महिला से छेड़खानी, विरोध करने पर पीटा, मुकदमा दर्ज

**जासं, देवरिया**: लार क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला के साथ घर में घुसकर युवक ने छेड़खानी की और विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट भी की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित की गिरफ्तारी के लिए दबिश शुरू कर दी है।

पीड़िता का कहना है कि वह अपनी तीन बेटियों के साथ गांव में रहती है। 18 अगस्त की रात साढ़े ग्यारह बजे अचानक बिजली कट गई। इस बीच पड़ोस का शंभू राजभर घर में घुस गया और छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर आरोपित ने मारपीट की। मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने बताया कि जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सात लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा

**जासं, देवरिया:** भलुअनी थाना के बहोर धनौती के समीप पुरानी रंजिश में युवक पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने सात लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

खुखुंदू थाना के पिपरा खेमकरन के रहने वाले सत्य नारायण चौहान 17 अगस्त की शाम कार्य करने के बाद अपने घर जा रहे थे, अभी वह बहोर धनौती के समीप पहुंचे थे कि कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया और उनकी पिटाई की। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका उपचार सीएचसी में कराया गया। इस मामले में पुलिस ने मोनू यादव, लालमन यादव, उमेश चौहान, आनंद यादव, प्रकाश, संदीप, भीम के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश पांडेय ने बताया कि जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# धोखाधड़ी के आरोपितों को तलाश रही राजस्थान पुलिस

जासं, भटनी : क्षेत्र के जिगिना मिश्र गांव में धोखाधड़ी के आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए राजस्थान के चिकसाना थाने की पुलिस ने बुधवार को दबिश दी। हालांकि आरोपितों के न मिलने के चलते पुलिस को बैरंग लौटना पड़ा। राजस्थान के भरतपुर के चिकसाना थाने में एक व्यक्ति ने जिगिना मिश्र के प्रभात मिश्र, जुगनू मिश्र तथा एक अन्य व्यक्ति के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। इन पर लाखों रुपये लेकर भागने का आरोप है। मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी चिकसाना थाने की पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी को भटनी पुलिस के सहयोग से जिगिना मिश्र में दबिश दी, लेकिन सफलता नहीं मिली।

# जुर्म स्वीकार करने पर 26 माह का कारावास

विधि संवाददाता, देवरिया: बाइक चोरी के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजू कुमारी की अदालत ने बुधवार को फैसला सुना दिया। आरोपित को 26 माह के कारावास की सजा सुनाई गई है।

आरोपित एक वर्ष से ऊपर की अवधि से जेल में ही है। सदर कोतवाली के रजला सेंटर के रहने वाले सत्येंद्र कुमार की बाइक 28 जून 2021 को उनके दरवाजे से ही चोरी हो गई। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और विवेचना की। पुलिस ने रघवापुर के रहने वाला अरविंद कुमार के पास से चोरी की बाइक बरामद की और जेल भेज दिया। अब इस मामले में फैसला आ गया है।

# एसपी ने बरियारपुर थाने का किया निरीक्षण

देवरिया। एसपी संकल्प शर्मा ने बुधवार को बरियारपुर थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने थाना परिसर में निर्माणाधीन भवन की जांच की और एसओ को सुझाव दिए। इसके अलावा चोरी और महिला अपराध पर अंकुश लगाने को रात्रि में गश्त बढ़ाने और विवेचना की कार्रवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिला अपराध को लेकर शासन-प्रशासन गंभीर है। स्कूल -कॉलेज के आसपास की गतिविधियों पर नजर रखें, छोटी-छोटी गलतियों को भी गंभीरता से लें। अगर जरूरत पड़े तो छात्राओं से बात करें और उन्हें किसी भी परेशानी में पुलिस से संपर्क करने की सलाह दें। इस दौरान सीओ सलेमपुर, एसओ आदि उपस्थित रहे। संवाद

# गुंडा एक्ट के तहत तीन जिला

देवरिया। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह लोगों के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत जिला मुख्य राजस्व अधिकारी रजनीश राय ने बता आधार पर तीन लोगों को जिला बदर किया थानाध्यक्ष को आदेश का तामीला कराने का बदर किए गए लोग क्षेत्र में अशांति का कार रहना शांति व्यवस्था और आम जनमानस वे इसमें सदर कोतवाली के बसडीला के विपि एवं थाना मदनपुर क्षेत्र के इशु उर्फ युसु अंस निवासी बरडीहा दल को छह माह के लिए के पथरदेवा के धीरज सिंह पुत्र रामप्रीत को तीन माह के लिए जिला बदर किया गया है।

# नरक की दुनिया से बाहर निकलना चाहती थी महिला पुलिस ने किया चालान

संवाद न्यूज एजेंसी

बरहज। महिला के साथ संभ्रांत लोगों का वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के मामले में पुलिस ने तीन पर केस दर्ज कर दो का चालान किया है। प्रकाश में नाम आने पर पुलिस ने बुधवार को केस में 66 आईटी एक्ट बढ़ाते हुए नरक से बाहर निकालने की पुलिस से गुहार लगाने वाली महिला का भी चालान कर दिया है। सात अगस्त को एसपी डॉ.संकल्प शर्मा से महिला ने तहरीर देकर नरक की दुनिया से बाहर निकलने के लिए गुहार लगाई थी। महिला के साथ संभ्रांत लोगों का वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल करने का मामला नगर-क्षेत्र में चर्चा में है।

मुखबिर ने बुधवार की सुबह पुलिस को एक संदिग्ध महिला के रगरगंज के पास तहसील मार्ग पर होने की सूचना दी। जानकारी होने पर इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह ने हमराहियों के साथ घेराबंदी कर महिला को हिरासत में ले लिया। संभ्रांत लोगों का वीडियो बनाकर उनसे मोटी रकम वसूलने मामले में महिला शामिल बताई गई। जिसका चालान कर दिया गया। स्वतंत्रता दिवस के दिन पूर्व पालिकाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्त की तहरीर पर पुलिस ने कपरवार के नौकाटोला निवासी बैजनाथ उर्फ बड़कू यादव, तिवारीपुर वार्ड के सुभाष और उसके पुत्र रवि के खिलाफ केस दर्ज गंभीर धारा में केस दर्ज किया था।

आरोप है कि एक महिला के साथ संभ्रांत लोगों का वीडियो बनाकर आरोपियों द्वारा ब्लैकमेल करते हुए उनसे अच्छी-खासी रकम वसूल की गई है।

### संभ्रांत लोगों का वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किए जाने का है मामला

## बच्चियों पर गलत नजर या पैसे के लेन-देन में महिला ने बगावत कर लगाया था आरोप

बरहज। क्षेत्र के एक शख्स को अपना पति बताने वाली महिला देवरिया के एक प्रतिष्ठित कालोनी में किराए के मकान में रहती है। महिला ने बरहज थाने और सात अगस्त को एसपी डॉ.संकल्प शर्मा से पति और उसके साथी सहित अन्य पर संभ्रांत लोगों के साथ वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया था। मामले में लोग महिला के बगावत करने की वजह अपनों से पैसे का लेन-देन या उसकी छोटी बच्चियों पर गलत नजर से जोड़कर कयास लगा रहे हैं। बताया जा रहा है कि नौ अगस्त को एसपी से मिलकर महिला ने 11वीं और कक्षा आठवीं में पढ़ रही पुत्रियों पर उनके द्वारा स्वयं की तरह दलदल में फंसाए जाने जैसी बात कह रही थी। प्रकरण में न्याय न मिलने पर उसने बच्चों के साथ आत्महत्या जैसा कदम उठाने की भी बात कहे जाने की बात सामने आ रही है। संवाद

*वीडियो बनाकर लोगों को ब्लैकमेल करने के मामले में महिला संलिप्त बताई जा रही है। मामले में 66 आईटी एक्ट की धारा बढ़ाई गई है। महिला का चालान कर दिया गया।*

**- अंशुमन श्रीवास्तव सीओ, बरहज**

# सात लोगों के विरुद्ध मारपीट का केस

देवरिया। तरकुलवा थानाक्षेत्र के नरायनपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो सगे भाइयों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस दोनों तरफ के सात लोगों पर केस दर्ज किया है। थानाक्षेत्र के नरायनपुर गांव में सोमवार की देर रात में दो सगे भाइयों के बीच जमीन के बंटवारे को लेकर मारपीट हो गई। आरोप है कि इस मामले में बड़े भाई ने धारदार हथियार से हमला कर दिया था, जिससे छोटे भाई की नाक कट गई थी। पुलिस ने एक पक्ष के तसीरुन्न निशा की तहरीर पर नजीबुल्लाह, हकीमुल्लाह, अमानुल्लाह व नजमा खातून तथा दूसरे पक्ष की हकीमुल्लाह की तहरीर पर तसीरुन्न निशा, हसीमुल्लाह तथा हफीजुल्लाह के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

# पशु का सिर व पैर मिला

बरहज। मदनपुर कस्बा के गोला वार्ड में बुधवार को खाली पड़े जर्जर विद्यालय में एक जानवर का सिर और पैर पाया गया। मौके पर पहुंची मौके पर मदनपुर थानाध्यक्ष महेंद्र चतुर्वेदी भी दलबल के साथ पहुंच गए। पुलिस ने इसकी सूचना अधिकारियों और पशु पालन विभाग को दी। पुलिस ने जानवर के अवशेष को कब्जे में ले लिया। जबकि पशु पालन विभाग ने जांच के लिए सैंपल लिया है। मामले में करीब आधा दर्जन लोगों को पूछताछ के लिए उठाया गया है। संवाद

# लार ब्लॉक में 57.5 लाख रुपये के गबन का आरोप

देवरिया। जन सुनवाई के एक मामले में लार ब्लॉक में 57.5 लाख रुपये के गबन का आरोप लगाया गया है। पिंडी निवासी अरविंद कुमार सिंह ने जन सुनवाई के माध्यम से लार के तत्कालीन बीडीओ पर आरोप लगाया है कि लार ब्लॉक में मर्यादाओं को ताक पर रख कर फर्जी कार्यपूर्ति लगाकर सरकारी धन की बंदरबांट की गई है।

जनसुनवाई के जवाब में विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि विकास खंड लार से संबंधित प्रकरण में पूर्व में संयुक्त विकास आयुक्त गोरखपुर मंडल, गोरखपुर एवं उपायुक्त श्रम रोजगार देवरिया, अधिशासी अभियंता, पीडब्लूडी, एवं जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी की जांच आख्या में पाई गई कमी के आधार पर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह एवं लेखा सहायक अनरेंद्र कुमार गौतम को संविदा समाप्ति का नोटिस एवं कार्यक्रम अधिकारी चंद्रभूषण यादव व लेखाकार के विरुद्ध कार्रवाई के लिए जिला विकास अधिकारी को पत्र जारी किया गया।

विकास खंड लार में बुद्ध महिला स्वयं सहायता समूह ग्राम पंचायत सजांव की ओर से मनरेगा योजना के तहत कराए गए कार्यों पर सीआईबी बोर्ड लगाए जाने का कार्य किया गया। संवाद

# आरोपी को पकड़ने जिगिना मिश्र पहुंची राजस्थान पुलिस

सलेमपुर। धोखाधड़ी के फरार आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए राजस्थान पुलिस बुधवार को भटनी के जिगिना मिश्र पहुंची। राजस्थान पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपी के घर दबिश दी, लेकिन आरोपी हाथ नहीं लगा। राजस्थान पुलिस के जिगिना मिश्र पहुंचने पर गांव में चर्चाओं का बाजार गर्म है। आरोपियों पर करीब 25 लाख रुपये गबन करने का आरोप है। मामले में राजस्थान के चिकसांना में विभिन्न धाराओं में केस दर्ज है।

भटनी के दो युवक राजस्थान स्थित एक पाइप फैक्ट्री में काम करते हैं। वहां उनकी मुलाकात मथुरा के रहने वाले सुनील कुमार से हुई। आरोप है कि दोनों ने एक रिश्तेदार के साथ पीड़ित को पाइप लाइन बिछाने वाली फैक्ट्री खोलने की सलाह दी।

इसके बाद तीनों उसमें काम करने लगे। इसी दौरान आरोपी करीब 25 लाख रुपये लेकर फरार हो गए। मामले में पीड़ित की शिकायत चिकसाना जिला भरतपुर राजस्थान पुलिस ने आरोपियों पर गबन सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया। संवाद

# मारपीट के मामले में सात पर केस

तरकुलवा। पुरानी रंजिश को लेकर नरायनपुर गांव में सगे भाइयों में आपस में मारपीट करने के मामले में पुलिस ने एक पक्ष से चार तथा दूसरे पक्ष के तीन लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। मालूम हो कि पुलिस ने मामले में एक पक्ष के तसरून्न निशा पत्नी हबीबुल्लाह की तहरीर पर नजीबुल्लाह, हकीमुल्लाह, अमानुल्लाह तथा नजमा खातून के विरुद्ध तथा दूसरे पक्ष हकीमुल्लाह पुत्र हनीफ की तहरीर पर तसीरुन्न निशा, हसीमुल्लाह तथा हफीजुल्लाह के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

# चार पर केस दर्ज

नवलपुर। कोतवाली क्षेत्र के अहिरौली लाला गांव में दो दिन पूर्व पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडे से जमकर मारपीट हो गई। जिसमे एक पक्ष के सावित्री देवी व इनके पति सुदामा गम्भीर रूप से घायल हो गये थे। मामले में पीड़ित सावित्री देवी के तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने गांव के छोटेलाल के बेटे राजा, अभिनाश, बेटी पिंकी, सीमा व पत्नी कुआरी देवी के खिलाफ केस दर्ज किया।

# स्कूल के खंडहर में मिला जानवर का पैर और सिर

मदनपुर। सरस्वती शिशु मंदिर के पुराने जर्जर और खंडहर भवन में बुधवार को एक जानवर का पैर और सिर मिला। इसकी सूचना मिलते ही कस्बा में हड़कंप मच गया। पुलिस ने जानवर के पैर और सिर का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद उसे नदी के किनारे दफ़ना दिया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देख आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# अश्लील वीडियो प्रकरण में महिला गिरफ्तार

बरहज, हिन्दुस्तान संवाद। फोन करके घर बुलाना और फिर अश्लील वीडियो बना ब्लैकमेल करने के मामले में पुलिस ने बुधवार को धंधे में शामिल एक महिला सुनीता यादव पत्नी बैजनाथ यादव निवासी नौकटोला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

नगर के नंदना वार्ड पूर्वी निवासी व पूर्व नपाध्यक्ष की तहरीर पर 16 अगस्त को पुलिस ने तिवारीपुर निवासी सुभाष चौहान पुत्र गब्बू चौहान, रवि चौहान पुत्र सुभाष चौहान और महिला के पति बैजनाथ यादव निवासी नौका टोला के खिलाफ केस दर्ज किया था।

## ब्लैकमेलिंग के लिए शुरू हुआ बन गया धंधा

इस मामले से जुड़े एक दो मिनट के आडियो पर भरोसा कर तो यह कार्य निकाय चुनाव के दौरान एक दावेदार को मैदान से बाहर करने के लिए योजनाबद्ध तरीके एक वीडियो बनाया गया। चुनाव में इस्तेमाल हुआ वीडियो धनार्जन का जरिया बना। पैसे की चमक को देख आरोपियों ने इसे धंधा बना लिया और एक एक कर बड़ी संख्या में लोगों को शिकार बनाया गया।

> जांच के दौरान महिला की भूमिका सन्दिग्ध पाई गई। पूछताछ में महिला ने अपराध स्वीकार किया है। इसमें कुछ और लोग भी शामिल हो सकते है। कुछ नए सुराग भी हाथ लगे। आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई भी हो सकती है।
>
> – अंशुमान श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी, बरहज

**वीडियो में मुख्य आरोपी संग दिख रही महिला पर पुलिस की नजर:** जिले के सनसनीखेज मामले में संदिग्धों के तार गोरखपुर से लेकर बिहार बॉर्डर तक जुड़े हुए हैं। पंचायत के दौरान लिक हुए वीडियो में मुख्य आरोपित के साथ दिख रही महिला से भी यह बात पुष्ट हो रही है। महिला बिहार बॉर्डर स्थित एक गाँव की आशा बहू बताई जा रही है। पुलिस इस एंगल पर भी जांच कर थी है। पुलिस की नजर कुछ बड़ी मछलियों पर है, लेकिन पहले पुख्ता सबूत जुटा लेना चाहती है। कथित रूप से कुछ वीडियो और आडियो भी होने की बात सामने आई। स्कैंडल में सफेदपोश नेताओं और व्यापारियों का नाम आते ही मैनेज का खेल शुरू हो गया।

# आरोपितों की तलाश में पहुंची राजस्थान पुलिस

देवरिया, हिन्दुस्तान संवाद। जनपद के भटनी थाना क्षेत्र के जिगिना मिश्र में बुधवार की सायं स्थानीय पुलिस के साथ राजस्थान पुलिस ने छापेमारी की। चोरी तथा धोखाधड़ी के मामले में आरोपी दो सगे भाईयों की तलाश में राजस्थान पुलिस भटनी पहुंची थी। दोनों भाईयों के खिलाफ पाइप लगाने की मशीन तथा कच्चा माल चोरी करने व पार्टनर के साथ धोखाधड़ी करने का अरोप लगा है।

मथुरा जनपद के गयरा निवासी सुनील कुमार ने राजस्थान स्थित किसाना थाना में तहरीर दी कि जिगिना मिश्र निवासी प्रभात मिश्र उर्फ उर्फ मोनू तथा जुगुनू मिश्र पुत्र अंगद मिश्र तथा उसका साला विकास पाण्डेय पाइप फैक्ट्री लगाने के नाम पर साझे में व्यापार शुरु किया। जयदेव पालिमर्स नाम से चालू किए गए फैक्ट्री का मशीन, कच्चा माल चोरी कर तथा करीब 25 लाख रुपए हेरफेर तीनों आरोपी फरार हो गए। जांच में पूछताछ के लिए आरोपियों की तलाश में किसाना थाना के सहायक उपनिरीक्षक राजकुमार, उदयवीर सिंह भटनी पहुंचे। जहां बुधवार को स्थानीय पुलिस टीम के साथ आरोपी के घर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान एक आरोपी छत से कूदकर भाग गया। स्थानीय पुलिस टीम तथा राजस्थान पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी में लगी है।

> "दो अगस्त को थाने में तीनों आरोपियों के खिलाफ चोरी तथा धोखाधड़ी आदि का केस दर्ज किया गया है। मामले में पूछताछ के लिए आरोपियों की तलाश की जा रही है। एक आरोपी छत से कूदकर फरार हो गया। अन्य की तलाश में पुलिस टीम जुटी है।
>
> राजकुमार, सहायक उपनिरीक्षक, थाना किसाना, राजस्थान

## तीन लोगों को किया गया जिला बदर

देवरिया। मुख्य राजस्व अधिकारी रजनीश राय ने बताया कि डीएम को प्रेषित एसपी की आख्या के आधार पर धारा गुंडा एक्ट के तहत मुख्य राजस्व अधिकारी न्यायालय से तीन लोगों को जिला बदर किया है। कोतवाली सदर के विपिन गुप्ता पुत्र इन्द्रदेव गुप्ता निवासी ग्राम-बसडीला एवं थाना मदनपुर अंतर्गत इशु उर्फ युसु अंसारी पुत्र सिराजुद्दीन निवासी-बरडीहा दल तथा तरकुलवा थाना के धीरज सिंह पुत्र रामप्रीत निवासी पथरदेवा को जिला बदर किया गया है।

## छह पर छेड़खानी व मारपीट का केस दर्ज

सलेमपुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव दो दिन पूर्व रंजिश में हुई के मामले में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मारपीट एवं छेड़खानी का केस दर्ज किया है। पीड़ित एक महिला ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि दो दिन पूर्व गांव के सुदामा, अंकित, मंटू, जोखन, उर्मिला समेत छह लोगों ने मारपीट एवं छेड़खानी की थी। पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुटी है।

## वाद दाखिल करेगा रौनियार समाज

देवरिया। अखिल भारतीय रौनियार समाज का एक प्रतिनिधि मंडल 26 अगस्त को दिल्ली जाएगा। यह प्रतिनिधि मण्डल समाज को ओबीसी में शामिल करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में वाद दाखिल करेगा। रौनियार समाज ने 6 जुलाई को प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेज ओबीसी श्रेणी में शामिल करने की मांग किया था।

## बाइक व साईकिल की टक्कर में तीन घायल

मेहरौनाघाट। बाइक व साईकिल की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में बद्रीनाथ तिवारी(50)निवासी सुतावर व छोटेलाल गोड (40),घनश्याम गोड़(27) निवासी बरनई महुआडीह शामिल हैं।

# फर्जी दस्तावेज पर गैंगस्टर बना प्रधान, डीएम ने निलंबित किया

देवरिया, निज संवाददाता। जांच में शिकायत की पुष्टि होने पर विकासखंड भाटपाररानी के धरमखोर करन ग्राम पंचायत में फर्जी दस्तावेज के सहारे नाम बदलकर बने ग्राम प्रधान को डीपीआरओ ने डीएम की संस्तुति पर निलंबित कर दिया है। निलंबित ग्राम प्रधान पर गैंगस्टर के तहत मुकदमा दर्ज है।

खामपार थाना क्षेत्र के धरमखोर गांव निवासी जगरनाथ सिंह पुत्र स्व. उमाशंकर सिंह ने शिकायत किया था कि जय प्रकाश यादव ने गोरखपुर के मानीराम स्थित डीपीएस से हाई स्कूल और इंटर की परीक्षा पास किया। उसने गोरखपुर विश्व विद्यालय से स्नातकोतर किया। उनका आरोप है कि इसी बीच गोरखपुर में जय प्रकाश यादव अपराध जगत से जुड़ गया। उसके विरुद्ध गोरखपुर में कई मुकदमा दर्ज है। उसके विरुद्ध गैंगेस्टर की भी कार्रवाई हुई थी। आरोप है कि बाद में जय प्रकाश यादव ने अपना नाम बदल कर अजय प्रताप यादव कर लिया। इसके बाद वर्ष 2009 में अजय प्रताप यादव नाम से एसबीसी दास एच. एस.एस.जे. मालीपुर देवरिया से दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण किया। वर्ष 2011 में एम.एस. एस.डी.आई.सी. सहजौर विशुनपुरा देवरिया से 12 वीं की परीक्षा उत्तीर्ण किया है। उसने वर्ष 2015 में गांव के ग्राम प्रधान का चुनाव जय प्रकाश यादव के नाम से लड़ा, जिसमें वह हार गया था। इसके बाद उसने वर्ष 2021 में हुए पंचायत चुनाव में अजय प्रताप यादव के नाम से आधार कार्ड समेत अन्य कागजात बनाकर चुनाव लड़ा और चुनाव जीत गया। शिकायत के आधार पर डीपीआरओ ने मामले की जांच कराई तो शिकायत में फर्जी दस्तावेजों के सहारे शातिर बदमाश नाम बदलकर ग्राम प्रधान पद हथियानने की की पुष्टि हुई। इस आधार पर ग्राम प्रधान को निलंबित कर दिया है।

## मारपीट का केस दर्ज

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रानीपुर निवासिनी परमशीला पत्नी हंसराज राजभर ने पुलिस को दिये गये तहरीर में कहा है, कि 19 अगस्त की रात्रि 8 बजे प्रार्थनी अपने दिये हुए दूध के बकाया को मांगा, उसी की बात को लेकर उक्त गांव निवासी सचिन राजभर, अजय, सन्नी, विद्यावती देवी ने मारापीटा तथा गाली गुत्ता दिया, जान माल की धमकी दी। इस मामले में उपरोक्त लोगों के खिलाफ धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# पुलिस शूटिंग प्रतियोगिता में बलरामपुर, देवरिया अव्वल

- 300 मीटर प्रोन में बलरामपुर प्रथम, देवरिया द्वितीय और मेजबान बस्ती को तीसरा स्थान
- 300 थ्री पी गेम में देवरिया, बलरामपुर व गोरखपुर रहे क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय

बस्ती, निज संवाददाता। गोरखपुर जोन की 48वीं अंतरजनपदीय शूटिंग स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के समापन धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि आईजी आरके भारद्वाज ने बुधवार को पुलिस लाइंस में विजेता खिलाड़ियों को स्मृति चिह्न व पुरस्कार से सम्मानित किया।

प्रतियोगिता में 300 मीटर प्रोन पुरुष वर्ग में बलरामपुर के एसआई अनिल दीक्षित को प्रथम, देवरिया के पीटीआई राजनरायन यादव को द्वितीय स्थान और बस्ती के क्षेत्राधिकारी कलवारी विनय चौहान को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। 300 मीटर थ्रीपी पुरुष वर्ग प्रतियोगिता में देवरिया के पीटीआई राजनरायन यादव को प्रथम स्थान, बलरामपुर के एसआई अनिल दीक्षित को द्वितीय, गोरखपुर के आरक्षी अंकित दुबे को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार से सम्मानित करते हुए। आईजी ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलते हुए विजय प्राप्त करने को प्रेरित किया। इस मौके पर एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी, एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी व समस्त सीओ, थाना प्रभारी, पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# सेक्स स्कैण्डल में शामिल महिला को पुलिस ने भेजा जेल

बरहज (एसएनबी)। देवरिया जनपद के एक कालोनी में चर्चित सेक्स स्कैण्डल काण्ड में शामिल महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया। अब तक इस प्रकरण में शामिल तीन आरोपी को पुलिस जेल भेज चुकी है जबकि एक आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है। महिला की गिरफ्तारी और जेल भेजने के बाद इस प्रकरण में संलिप्त लोगों के भी होश उड़ गये है। पुलिस महिला द्वारा पूछताछ में बताये गये लोगों के बारे में भी कार्यवाही करने में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार खुखुन्दू थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला की शादी देवरिया कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। महिला की दो बेटा व दो बेटी है। महिला के कार्य व्यवहार व चरित्र को लेकर पति से आये दिन तकरार होने के बाद महिला के पति ने उसको छोड़ दिया। महिला देवरिया में ही किराये के मकान में रहती थी। उसी में वह ब्यूटीपार्लर भी चलाती थी। महिला से करीब दो वर्ष पूर्व बरहज थाना क्षेत्र के कपरवार नौका टोला निवासी बैजनाथ उर्फ बड़कू यादव से मुलाकात हुई और दोनों के बीच दोस्ती हो गयी। महिला अवैध कारोबार में संलिप्त थी। बड़कू यादव ने अपने दोस्त नगर के तिवारीपुर निवासी सुवाष चौहान से मिलकर सेक्स स्कैण्डल की प्लानिंग रची और नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व सम्भ्रान्त लोगों को अपने जाल में फंसाकर देवरिया स्थित महिला को उनका मोबाइल नम्बर उपलब्ध करा देते थे। जिसके बाद महिला उक्त नम्बर पर फोन करके अपने झांसे में लेकर देवरिया स्थित अपने रूम पर बुला लेती थी। इधर प्री प्लानिंग के तहत बड़कू यादव व सुवाष चौहान तथा उसका बेटा रवि चौहान तीनों शिकार पहुंचने से पहले ही रूम पर पहुंच जाते थे और कमरे के अन्दर वीडियो रिकार्डिंग का सारा सिस्टम सेट कर देते थे और सेक्स के दौरान पूरा वीडियो क्लिप बना लेते थे। कुछ दिनों बाद इन लोगों को वीडियो क्लिप दिखाकर बैजनाथ और सुवाष तथा रवि ब्लैकमेल करते हुए भारी रूपये की डिमांड करने लगे। परिवार, समाज व लोकलाज से बचने के लिए संलिप्त लोगों द्वारा लाखों रूपये दिये जाने लगे। साजिशकर्ताओं द्वारा संलिप्त लोगों को कई बार ब्लैकमेल कर रूपये ऐंठते रहे। वीडियो क्लिप देने के नाम पर नोटरी शपथ पत्र बनाकर भी दिए। धनउगाही के धंधे में उक्त महिला को शेयर नहीं मिलने पर महिला ने छः माह बाद पुलिस अधीक्षक व मुकामी पुलिस को तहरीर देकर शिकायत कर डाली। महिला द्वारा तहरीर देने के बाद ही पूर्व नपाध्यक्ष विरेन्द्र गुप्ता ने भी मुकामी पुलिस को तहरीर दिया। पुलिस ने पूर्व नपाध्यक्ष की तहरीर पर त्वरित कार्यवाही करते हुए नगर के तिवारीपुर निवासी सुवाष चौहान व उसका बेटा रवि चौहान तथा बैजनाथ उर्फ बड़कू यादव के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए बैजनाथ व रवि चौहान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बुधवार को पुलिस ने इस पूरे प्रकरण में संलिप्त महिला सुनीता यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। चर्चा तो यह भी है कि महिला ने अनेक ऐसी जानकारियां पुलिस को दी है जिसके सामने आने पर पूर्व में रंगरेलियां मना चुके कई सफेदपोश बेनकाब हो जायेंगे। इसीलिए ऐसे लोगों के पैरों के नीचे से जमीन खिसकने लगी है यह भी चर्चा जोरों पर है। क्षेत्राधिकारी अंशुमन श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्व नपाध्यक्ष की तहरीर में पुलिस की जांच में महिला की संलिप्तता पाये जाने पर उसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की गयी है। पूछताछ में महिला ने जबरदस्ती धंधा कराने की बात कहीं। छः माह से यह प्रकरण चल रहा था। महिला को आपत्ति थी तो पहले ही पुलिस को सूचना दी होती। इस स्कैण्डल में शामिल सुवाष चौहान के गिरफ्तारी के लिए पुलिस चिन्हित ठिकानों पर दबिश दे रही है। इस प्रकरण की जांच कार्यवाही अभी चल रही है।

**तीन आरोपी अब तक जा चुके है जेल, अभी भी एक आरोपी पुलिस पकड़ से दूर**

# एसडीएम की कुर्सी पर बैठ फोटो खिंचवाने वाला युवक गया जेल

**सलेमपुर।** उपजिलाधिकारी सलेमपुर की कुर्सी पर बैठकर फोटो खिंचवाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसडीएम की कुर्सी पर बैठे युवक की फोटो वायरल होने के बाद प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया था। मामले में एसडीएम कार्यालय के आशुलिपि की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया थाद्य बताते हैं कि 19 अगस्त को सलेमपुर की एसडीएम सीमा पाण्डेय जिला स्तरीय तहसील दिवस में बैठी थी। इसी दौरान नवलपुर गांव निवासी राजन पुत्र लकी टेलर एसडीएम कक्ष में घुस गया और एसडीएम की कुर्सी पर जा बैठा यही नहीं एसडीएम के कार्यालय के उनकी कुर्सी पर कार्य करते हुए अपनी मोबाइल से फोटो खिंचवाने के बाद उसे स्टेटस लगाने के साथ ही सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, इस बात जानकारी जब तहसील के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हुई तो उनके होश उड़ गए इस घटना से तहसील कार्यालय की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पर भी सवाल खड़े हो गए इस मामले में एसडीएम कार्यालय में कार्यरत आशुलिपिक रमेश प्रसाद के तहरीर पर पुलिस ने राजन पुत्र लकी टेलर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल गोपाल पाण्डेय ने बताया कि आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए कोर्ट में चालान कर दियाद्य जहां से उसे 14 दिन के लिए जेल भेज दिया है।

# बंद पड़े विद्यालय में मिला जानवर का अवशेष

मदनपुर (एसएनबी)। मदनपुर थानाक्षेत्र के एक बंद पड़े विद्यालय में किसी जानवर का अवशेष लोगों ने बुधवार को देखा। अवशेष मिलने की खबर से हड़कम्प मच गया। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी। खबर लिखे जाने तक मुकदमा लिखने की बात बतायी जा रही थी। पुलिस एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मदनपुर के गोला में सरस्वती शिशु मंदिर है। यह विद्यालय काफी दिनों से बंद पड़ा है। बुधवार को सुबह कुछ महिलाएं विद्यालय के तरफ गयीं तो, उन्हें विद्यालय से दुर्गन्ध आती मिली। विद्यालय के अन्दर जाकर देखा, तो उन्हें किसी जानवर का अवशेष दिखायी दिया। बताया जाता है कि विद्यालय के हिस्से में स्थित एक गड्ढे में कुछ भाग भी मिला। जानकारी मिलते ही लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। मौके पर मदनपुर पुलिस भी पहुंच गयी। रुद्रपुर से पशु डाक्टर भी घटना स्थल पर पहुंचे और वे कुछ सैम्पल अपने साथ ले गये। पुलिस एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। थानाध्यक्ष मदनपुर ने बताया कि अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा लिखा जायेगा।

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-24-08-2023

# 48 घंटे की खोजबीन के बाद दस किलोमीटर दूर मिला किशोर का शव

**पडरौना।** मुख्य पश्चिमी गंडक नहर में पडरौना से सटे परसौनी कला साइफन के निकट नहाते समय डूबे 13 साल के किशोर का शव बुधवार की शाम को घटनास्थल से करीब दस किलोमीटर दूर पचरुखिया गांव के पास मिला। 48 घंटे बाद बालक का शव मिला। एसडीआरएफ की टीम बुधवार को भी सुबह से ही बालक की तलाश में जुट गई थी।

पडरौना के कोतवाल राजप्रकाश सिंह ने बताया कि शहर के कन्नौजिया वार्ड पूर्वी इंदिरा नगर के निवासी पवन श्रीवास्तव का 13 वर्षीय पुत्र मोहित अपने हमउम्र अन्य लड़कों के साथ सोमवार को दोपहर में मुख्य पश्चिमी गंडक नहर में नहाने गया था। उस समय नहर में पानी बहुत अधिक था। नहाते समय वह पानी की तेज धारा में डूब गया।

परिवार के लोगों ने सूचना दी, लेकिन अंधेरा हो जाने के कारण उस दिन खोजनहीं हो सकी। संवाद

# प्रवासी फाउंडेशन की मदद से आया नाजिर का शव

**नेबुआ नौरंगिया :** थाने के सरगटिया गांव के अमरप अंसारी के पुत्र नाजिर की सऊदी अरब में मृत्यु हो गई थी। प्रवासी मदद फाउंडेशन और भारतीय दूतावास की सहायता से गुरुवार को उसका शव स्वदेश लाया गया। रात साढ़े आठ बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर शव पहुंच गया था। वहां से निजी वाहन से घर लाया जाएगा।

# जलमार्ग से शराब और गांजे की तस्करी

सिसवा नाहर, हिसं। पुलिस की सड़क मार्ग पर सख्ती से घबराए शराब तस्करों ने नया रास्ता खोजा है। अब यह जल मार्ग से शराब की तस्करी कर रहे हैं। तरया सुजान पुलिस ने जलमार्ग के रास्ते मोटर बोट से तस्करी कर ले जायी जा रही 12 पेटी अंग्रेजी शराब तथा चार किलो 600 ग्राम गांजे बरामद करने की सफलता पायी है। एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मोटर बोट, अंग्रेजी शराब व गांजा जब्त कर लिया है। जब्त सामनों की कीमत लगभग 6 लाख 64 हजार रुपये बतायी गयी है।

बुधवार को तरया सुजान के प्रभारी निरीक्षक अमित शर्मा को सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर जल मार्ग से शराब व गांजे की खेप लेकर बिहार जाने की तैयारी में हैं। पुलिस टीम लेकर वह तस्करों का पता लगाने में जुट गए। तस्करों की तलाश करते हुए उनकी टीम नारायणी नदी के किनारे अहिरौलीदान पहुंची तो जलमार्ग के रास्ते मोटर बोट से माल ले जाने को तैयार तस्कर दिख गया। पुलिस ने नदी में बोट आगे बढ़ने से पहले ही रोक लिया। मोटर बोट में करीब 64 हजार रुपये की 12 पेटी अंग्रेजी शराब और करीब एक लाख रुपये रुपये मूल्य का 4. 600 किलो गांजा लदा था। मोटर बोट से तस्कर मंजेस कुमार सिंह निवासी अहिरौलीदान थाना तरया सुजान जनपद को गिरफ्तार किया गया। तस्कर के खिलाफ शराब व मादक द्रव्य की तस्करी का केस दर्ज किया गया है। मोटर बोट को भी जब्त किया गया है।

# शहर के बाजारों में बिकता है फुटपाथ, खरीदते हैं ठेले वाले

## छह लाख रुपये महीना है पटरी खरीदने-बेचने का धंधा, घरों के सामने की फुटपाथ पर ठेले, खोमचे वालों को देनी पड़ती है रकम, पुलिस की मिलीभगत

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना। शहर के कसया रोड, कोतवाली रोड, रामकोला रोड, धर्मशाला रोड, मेन बाजार रोड, जटहां बाजार रोड, सुभाष चौक, तिलक चौक समेत सभी प्रमुख मार्गों और चौराहों पर फुटपाथ बेचने का धंधा जोर पकड़ लिया है। यहां ठेले-खोमचे वाले अपनी दुकानें लगाते हैं। इसके एवज में उन्हें गृह स्वामियों को किराया देना पड़ता है। वसूली का यह खेल लगभग छह लाख रुपये महीने का है।

पुलिस भी धौंस दिखाते हुए इनसे वसूली करती है। असंगठित व्यवसायियों से दुकान लगवाने का यह नकद धंधा है। भीड़भाड़ वाली जगह पर यह और अधिक चल रहा है। ठेला व्यापरियों की मानें तो रोजाना प्रति ठेला 50 से 100 रुपये किराया के नाम पर चुकाना पड़ता है।

नगर के तिलक चौक, कोतवाली रोड, धर्मशाला रोड, जटहां रोड, रामकोला रोड, कसया रोड समेत अन्य प्रमुख सड़कों की दोनों पटरियों पर करीब एक हजार अस्थायी दुकानें रोज लग रही हैं। दोपहर बाद इन सभी प्रमुख सड़कों, चौराहों और बाजारों में सड़कों की दोनों तरफ की पटरियों पर अस्थायी दुकानें सज जाती हैं। जहां स्थानीय किसी व्यक्ति का दबदबा नहीं है, वहां पुलिस की मेहरबानी से इन दुकानों को जगह मिल रही है।

सड़क के किनारे जिस ठेले के पास खड़े होकर आप कुछ चटपटी चीज खा रहे हैं, वह यूं ही नहीं आया है। उसे किसी न किसी की मनुहार करनी पड़ी है। जिन स्थान पर उनका ठेला लगता है, वह नगर पालिका या पीडब्ल्यूडी या एनएच का फुटपाथ है, लेकिन उनसे किराया कोई और वसूलता है।

ठेले लगाने वालों को पुलिस या गृह स्वामियों की खिदमत करनी पड़ती है। इस तरह असंगठित व्यवसायियों के कमाने की डगर बहुत कठिन है। नगर पालिका क्षेत्र के करीब रेहड़ी, ठेली वाले सहित 800 से अधिक असंगठित व्यवसायी हैं। ये शहर की सड़क के किनारे फुटपाथ या प्रमुख चौराहों पर अपनी दुकानें लगाते हैं। इनमें से अधिकांश दुकानदारों को रोज किराए का फुटपाथ लेकर दुकानदारी चलानी पड़ती है।

नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि कोरोना काल के बाद से नगर के सरकारी भवन या सार्वजनिक स्थानों पर दुकान लगाने के लिए नगर पालिका की तरफ से किराया लेना बंद कर दिया गया, लेकिन निजी घरों के सामने की फुटपाथ पर दुकान लगाने के लिए ठेला-खोमचा वालों को किराया देना विवशता है।

**फुटपाथ व्यवसायियों का हब है तिलक चौक, सुभाष चौक और बावली चौक :** नगर के जटहां रोड से तिलक चौक होते हुए सुभाष चौक तक ठेला व्यवसायियों का हब बन गया है। इसके अलावा रामकोला रोड के बावली और बलोचहां चौक भी व्यावसायिक हब बन गया है। यहां सड़क की दोनों तरफ बड़े प्रतिष्ठानों के मालिक या गृह स्वामी अपने-अपने घरों के सामने फुटपाथ पर मालिकाना हक जताते हैं।

गृहस्वामियों की रजामंदी के बगैर वहां फुटपाथ पर दुकान लगाना असंगठित व्यवसायियों के लिए संभव नहीं है। नगर के धर्मशाला रोड, सुभाष चौक, कोतवाली रोड पर चाट, खोमचे, आइसक्रीम, फास्टफूड, पान, सब्जी आदि के सौ से अधिक ठेले और गुमटियां रोज पटरियों पर सजती हैं।

जिनकी दुकान पर अधिक ग्राहक होते हैं, उन्हें पुलिस की भी कुछ न कुछ सेवा करनी पड़ती है। यह रेहड़ी व्यवसायी अपनी दुकान के पीछे स्थित बड़े प्रतिष्ठानों या मकानों के मालिक को रोज आठ घंटे का 50 से 100 रुपये किराया चुकाना पड़ता है।

चाउमीन, बर्गर का ठेला लगाने वाले एक व्यापारी ने बताया कि जिनके घर के सामने ठेला लगाते हैं, उन्हें प्रतिदिन 100 रुपये देना पड़ता है। इसके अलावा पुलिस को न खुश रखो तो फुटपाथ की जमीन बताकर दुकान हटवाने की धमकी मिलती है।

छुछिया गेट, जटहां रोड, सुभाष चौक, कसेरा टोली मोड़ के आसपास फुटपाथ पर दुकान लगवाने के लिए भी कुछ लोगों की रजामंदी जरूरी है। यहां दुकानदारी के हिसाब से घर के मालिक को किराया देना पड़ता है। सुभाष चौक और तिलक चौक पर शाम ढलने पर स्थानीय पुलिस की धमक होती है। दुकानदार उन्हें भी खुश करके भेज देते हैं।

नगर के बेलवा चुंगी, बलोचहां रोड, जटहां रोड, कन्नौजिया वार्ड स्थित सब्जी मंडी में सड़क की एक तरफ मकानों के मालिक फुटपाथ पर सब्जी, चाट, खोमचे और अंडे आदि के ठेले लगवाने के लिए फुटकर कारोबारियों से किराया रोजाना वसूल रहे हैं तो दूसरी ओर पुलिस की मेहरबानी से रेहड़ियां सज रही हैं। रेलवे स्टेशन के आसपास भी गृह मालिकों की सरपरस्ती कम नहीं है।





नगर के तिलक चौक पर फुटपाथ पर सजी दुकानें। नगर के सुभाष चौक के पास फुटपाथ पर सजी दुकानें। संवाद

### चाट, मोमो और बर्गर की सजती हैं दुकानें

असंगठित व्यवसाय के क्षेत्र में मोमो, चाउमीन, बर्गर, वेज, नानवेज रोल और चाट की दुकानें नगर के सभी प्रमुख चौराहों पर शाम होते ही लग जा रही हैं। ग्राहक बटोरने में लोगों ने यहां के कारोबारियों को पीछे छोड़ दिया है। इससे किराएदारी के नाम पर अच्छी-खासी कमाई भी की जा रही है।

### विभिन्न सड़कों पर लगभग 800 लोग लगाते हैं ठेला

पडरौना। शहर की विभिन्न सड़कों पर 800 से अधिक ठेला-खोमचा और फुटपाथ व्यवसायी सड़क की पटरी पर अपनी दुकानें सजाते हैं। इसमें से शहर के प्रमुख चौराहों अथवा लोगों के घरों के सामने करीब दो सौ ठेला-खोमचा की दुकानें लगती हैं। इन दुकानदारों से पुलिस या खोमचे वालों से 50 रुपये से 100 रुपये तक वसूली करती है। इस तरह देखा जाए तो इनसे एकत्र रुपये का महीने का धंधा करीब छह लाख रुपये का है। गरीब और मजदूर तबके के व्यापारी, जिनके पास बड़ी पूंजी नहीं होती, वे बचत या लोगों से कर्ज लेकर शहर की सड़कों के किनारे बने फुटपाथ पर छोटी-मोटी दुकानें करते हैं। इससे मिली आमदनी से परिवार का भरण-पोषण करते हैं। इनकी मजबूरी का फायदा उठाने वाले भी कम नहीं हैं। शहर के फुटपाथ पर 800 से अधिक व्यापारी दुकानें लगाते हैं। इनमें कई व्यापारियों ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि करीब दो सौ ऐसे व्यापारी हैं, जो लोगों को घर के सामने या अन्य भीड़-भाड़ वाले चौराहे पर दुकानें लगाते हैं। इनसे घर का मालिक या पुलिसवाले दुकान लगाने के लिए प्रतिदिन 50 रुपये से सौ रुपये लेते हैं। इसके अलावा उन्हें उनकी बेगारी भी करनी पड़ती है। इस तरह सबको जोड़कर देखा जाए तो शहर के इस तरह के व्यापारी अपनी गाढ़ी कमाई का प्रतिदिन बीस हजार रुपये सड़क के किनारे बने घरों के कुछ मालिकों या कुछ पुलिसकर्मियों को दे देते हैं। यदि पूरे महीने की बात करें तो इन व्यापारियों से एक माह में करीब लाख रुपये वसूला जाता है। संवाद

*फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों से किराया वसूलने के लिए कोई भी प्राइवेट व्यक्ति अधिकृत नहीं है। नगर विस्तार के बाद असंगठित व्यवसायियों के लिए वेंडिंग जोन चिन्हित करने के लिए भूमि की तलाश की जा रही है। शीघ्र ही इन व्यवसायियों को वहां शिफ्ट कराया जाएगा। - **विनय जायसवाल**, चेयरमैन, नगर पालिका परिषद, पडरौना*

# चार लोगों पर किशोरी के अपहरण का केस

संवाद न्यूज एजेंसी

खड्डा। एक पखवारा पहले अपने घर से चौराहे पर आधार कार्ड से पैसा निकालने गई किशोरी को योजना बनाकर अपहरण कर एक युवक के साथ बाहर भेज दिया गया। मां ने उसके साथ दुष्कर्म व हत्या की आशंका जताते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के विरुद्ध अपहरण का केस दर्ज किया है।

खड्डा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि 06 अगस्त 23 की शाम छह बजे उसकी नाबालिग पुत्री गांव के चौराहे पर आधार कार्ड से पैसा निकालने के लिए गई थी और लापता हो गई। पता चला कि लड़की को पूर्वनियोजित योजना के तहत भुजौली खुर्द गांव के चार लोग पुरानी रंजिश में अगवा कराकर एक लड़के के साथ कहीं भेज दिए हैं।

किशोरी की मां ने आशंका जताई है कि किशोरी से दुष्कर्म करके हत्या की जा सकती है।

# गांजा के साथ दो गिरफ्तार

रामकोला। पुलिस ने बुधवार को अलग-अलग स्थान से गांजा के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। रामकोला एसओ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि जांच के दौरान सफीउल्लहक अंसारी, मेंहदावल बाजार, संतकबीरनगर और शहजाद निवासी बडहरागंज थाना पडरौना को पकड़ा गया।संवाद

# फूंक दी किराने की गुमटी तीन के खिलाफ तहरीर

- बीती रात कुछ असामाजिक तत्वों ने गुमटी को फूंक दिया
- कप्तानगंज थाने में तहरीर देकर कारवाई की मांग की है

मथौली बाजार, हिन्सं। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के जमुआन निवासी एक व्यक्ति की किराने की गुमटी कुछ लोगों ने मामूली विवाद को लेकर फूंक दी। दुकानदार इसमें किराना व पान की दुकान चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था। पीड़ित दुकानदार ने तीन लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जमुआन निवासी वशिष्ठ गौड़ ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया अपने ही गांव के चौराहे पर लकड़ी की गुमटी रख कर किराने व पान की दुकान चलाता था। इसी दुकान से परिवार का जिकोपार्जन करता है। बीती रात कुछ असामाजिक तत्वों ने गुमटी को फूंक दिया। इससे दुकान में मौजूद हजारों रुपये के सामान जल कर राख हो गये हैं। बुधवार की सुबह उसने 112 नंबर की पुलिस को सूचना दी। इसके बाद कप्तानगंज थाने में तहरीर देकर कारवाई की मांग की है। वशिष्ठ ने तहरीर में बताया है कि दस दिन पूर्व नगर पंचायत मथौली के वार्ड नंबर 8 इन्दिरा गांधी नगर, बहुआस के निवासी एक ही परिवार के तीन भाई निवासी भूडाडीह थाना कप्तानगंज मेरी दुकान पर आये थे जिनसे मेरा विवाद हो गया था।

# अवैध अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग ने सील किया

## कार्रवाई

**सेवरही, हिन्दुस्तान संवाद।** स्थानीय थाना क्षेत्र में बिना वैध कागजात के अवैध रूप से संचालित निजी अस्पतालों में चिकित्सकीय सेवाएं दिये जाने की शिकायत पर एसीएमओ डॉ. आरके गुप्ता की अगुवाई में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कस्बे में बुधवार को जांच की। इस दौरान एक निजी अस्पताल के संचालक से वैध कागजातों को प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन वैध कागजात नहीं होने पर टीम ने अस्पताल को सील कर दिया। इस अस्पताल के बारे में शिकायत थी कि यहां अप्रशिक्षित डॉक्टर द्वारा प्रसव कराने के दौरान गर्भस्थ शिशु की मौत हो गयी थी और प्रसूता की बच्चेदानी खराब हो गयी थी। कार्रवाई से कस्बे के अस्पताल संचालकों में खलबली मची रही।



सेवरही में निजी अस्पताल को सील करते स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार । ● हिन्दुस्तान

एसीएमओ डॉ. आरके गुप्ता की अगुवाई में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बुधवार को नगर पंचायत सेवरही के सेवरही-तमकुहीराज मार्ग पर ब्लॉक कार्यालय के समीप पकड़ीहार पश्चिम पट्टी में संचालित एक निजी अस्पताल की जांच की। इस दौरान अस्पताल में कुछ मरीजों का इलाज किया जा रहा था।

टीम द्वारा संचालक से वैध कागजातों के अलावा वहां संचालित मेडिकल स्टोर के लाइसेंस व फायर सिलेंडर व एनओसी के कागजात प्रस्तुत करने की बात कही गई, लेकिन वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किये जाने पर टीम ने अस्पताल को सील करते हुए आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया।

एसीएमओ ने बताया कि आईजीआरएस एवं शिकायतकर्ताओं द्वारा मिल रही शिकायतों पर डीएम रमेश रंजन के निर्देशानुसार सेवरही क्षेत्र में बिना वैध कागजात के अवैध रूप से संचालित अस्पतालों की जांच की गई है।

इसमें सेवरही के जनता क्लीनिक के संचालक द्वारा वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किये जाने पर अस्पताल को सील कर दिया गया है। इस मामले में कार्रवाई की जा रही है। टीम में सीएचसी सेवरही प्रभारी डॉ. अमित जायसवाल, विजय गिरी आदि मौजूद रहे।

# तांगे से टकराकर नहीं, पिटाई से हुई थी एमआर की मौत

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में संजय के शरीर में बताई गईं हैं 11 चोटें, सिर में अत्यधिक रक्तस्राव और चोट की वजह से हुई मौत

संवाद न्यूज एजेंसी

**खड्डा।** थाना क्षेत्र के एकडंगा गांव के पास जिस बाइक सवार युवक के तांगे से टकराकर मौत होने की बात मंगलवार को सामने आई थी, उसमें मृतक के घरवालों ने लाठी-डंडे से पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है।

परिजनों के मुताबिक, घटनास्थल पर मौजूद पत्थरकट समुदाय के किसी व्यक्ति को बाइक से ठोकर लग जाने के कारण उन लोगों ने सिसवा मनिराज के रहने वाले संजय पाल को पीटकर मार डाला। इस घटना के सिलसिले में मृतक की पत्नी ने पहले दुर्घटना में मौत की बात बताई थी, लेकिन बुधवार को उन लोगों पर पीटकर मार डालने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी।



मृतक संजय पाल की शोकाकुल पत्नी अंगीरा व मां और बच्चे। संवाद

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के शरीर में 11 जगह चोटें बताई गई हैं। सिर में अत्यधिक चोट और रक्तस्राव के कारण संजय की मौत बताई गई है। इस तरह दूसरी तहरीर के बाद घटना में नया मोड़ आ गया है।

खड्डा थाना क्षेत्र के सिसवा मनिराज गांव के संजय पाल के घर में उनकी पत्नी अंगीरा अपने तीन बच्चों के साथ शोक में थीं। रोते-रोते उनकी आंखों के आंसू सूख गए थे। मां कैलाशी देवी का रोने से गला बैठ गया है। अंगीरा ने बताया कि पति एमआर अर्थात मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव का काम करते थे।

घटना के विषय में अंगीरा का कहना था कि सोमवार की शाम संजय दवा लाने ढोलहा गए थे। उधर से लौट रहे थे कि रास्ते में एकडंगा गांव के पास रोहित नाम के एक पत्थरकट युवक को किसी कारण चोट लग गई। इसके बाद उसके समुदाय के पुरुष व महिलाओं की भीड़ ने संजय को पकड़ लिया और उनकी बाइक से रोहित को चोट लगने की बात कहते हुए पिटाई करने लगे। लाठी-डंडे से निर्ममता से मारा-पीटा व सड़क के किनारे फेंक दिया।

बाद में संजय पाल को जिला अस्पताल रेफर किया गया था। वहां भी स्थिति न संभलने पर मेडिकल कॉलेज गोरखपुर ले जाते समय संजय की मौत हो गई थी। रोहित का भी इलाज कराया गया था। अंगीरा ने कहा कि उस समय इतनी बड़ी आफत थी कि सोचने-समझने की हालत नहीं थी। पोस्टमार्टम के लिए तहरीर देने के लिए कहा गया। पता नहीं किसने लिखी और सड़क दुर्घटना लिख दिया। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने की धारा में अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर पोस्टमार्टम कराया। मंगलवार की शाम अंतिम संस्कार कर दिया गया।

बुधवार को संजय की पत्नी अंगीरा ने दूसरी तहरीर देते हुए बताया है कि उनके पति की पत्थरकटों की भीड़ ने पीटकर हत्या कर दी थी। हत्या का केस दर्ज करने की मांग की।

### खड्डा थानाध्यक्ष ने कहा

खड्डा थाने के प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह का कहना है कि उस समय मिली तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है। दूसरी तहरीर के विषय में अभी जानकारी नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के शरीर पर 11 जगह चोटें बताई गई हैं। सिर में अधिक चोट लगने से रक्तस्राव के कारण मौत हुई है। उनका कहना था कि दुर्घटना में ही मौत की जानकारी थी। दूसरा घायल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दूसरी तहरीर के आधार पर भी जांच करा ली जाएगी।

GLA UNIVERSITY MATHURA

# सामान्य हो रहे हालात, घटनास्थल पर पुलिसफोर्स तैनात

## बिहार प्रांत के बगहां में सोमवार को धार्मिक यात्रा के दौरान दो पक्षों में हुआ था बवाल

संवाद न्यूज एजेंसी

**खड्डा।** जनपद की सीमा से सटे बिहार प्रांत के बगहा थाना क्षेत्र में सोमवार को एक धार्मिक स्थल के पास से गुजर रही धार्मिक यात्रा के विरोध के बाद शुरू हुए दो पक्षों में बवाल के बाद बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात होने के कारण हालात तेजी से सामान्य हो रहे हैं।

पुलिस फोर्स अभी तैनात है। इंटरनेट बंद होने के कारण लोग परेशान रहे। बवाल में पुलिस, पत्रकार सहित 12 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया।

**बगहा में धार्मिक जुलूस में दो पक्ष भिड़े, वाहनों में लगाई आग**

खड्डा (कुशीनगर)। बिहार के बगहा क्षेत्र में सोमवार को एक समुदाय के धर्मस्थल के पास से

23 अगस्त को प्रथम पेज पर छपी खबर।

इसके चलते कुशीनगर के रास्ते यूपी-बिहार को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-727 पर आवागमन ठप रहा। इस मामले में दोनों पक्षों से लगभग 50 लोगों को हिरासत में लिया गया है, लेकिन अब तक कोई केस दर्ज होने की जानकारी नहीं दी गई है।



जानकारी देते डीएम पश्चिमी चंपारण दिनेश राय । संवाद

सोमवार को धार्मिक यात्रा के दौरान एक दूसरे धार्मिक स्थल के पास हुए दो पक्षों में विवाद के बाद पूरा क्षेत्र अराजकता की चपेट में आ गया था। 12 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। वाहनों में तोड़फोड़, आगजनी के साथ सड़क जाम कर दी गई थी। सड़कें लड़ाई के मैदान में तब्दील हो गई थीं।

दो दिनों तक चले इस बवाल में सोशल मीडिया पर अफवाहों का दौर भी चला था। प्रशासन ने एहतियात बरतते हुए 22 अगस्त से 24 अगस्त को दोपहर तक के लिए इंटरनेट बंद कर दिया है। पुलिस प्रशासन के प्रयास व मार्च के बाद बुधवार को क्षेत्र में शांति बनी रही।

### अधिकारी बोले

बुधवार को डीआइजी जयकांत और डीएम दिनेश कुमार राय ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान लोगों से शांति की अपील की। अधिकारियों के मुताबिक, लगभग 50 लोगों को हिरासत में लिया गया है। वीडियो फुटेज के आधार पर उपद्रवियों को चिह्नित किया जा रहा है। इसमें शामिल रहे लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

# पुलिस ने 14 घंटे में बरामद किया बच्चा

लक्ष्मीगंज। दहाउर गांव निवासी गुड़िया देवी पत्नी संतोष विश्वकर्मा का पुत्र शुभम विश्वकर्मा बीते मंगलवार को स्कूल पढ़ने गया था। शाम तक घर वापस नहीं आया तो परेशान मां गुड़िया ने पुलिस को तहरीर देकर बच्चे बरामद करने की गुहार लगायी। पुलिस ने 14 घंटे के भीतर बच्चे को बरामद कर मां को सौंप दिया है।

# 42 बोटा सागौन के साथ दो गिरफ्तार

कुशीनगर। तरयासुजान पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली से तस्करी कर ले जायी जा रही 42 बोटा अवैध सागौन की लकड़ी बरामद कर विनोद चौहान निवासी दनियाड़ी और नन्दलाल चौहान निवासी गोपालपुर थाना तरया सुजान को गिरफ्तार किया है।

बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अमित शर्मा, दरोगा महेन्द्रनाथ सिंह यादव, सिपाही श्रीकृष्ण मौर्य, अमित यादव व अश्वनी यादव शामिल रहे।

# चोरी के जेवर व गांजे के साथ दो गिरफ्तार

**लक्ष्मीगंज।** रामकोला पुलिस ने दो शातिर चारों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के जेवर बरामद किया है। चोरों के पास से 1.20 किलो गांजा भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार यह दोनों मादक द्रव्य की तस्करी में भी लिप्त थे। पुलिस के अनुसार पकड़े गए चोरों की पहचान सफीउलहक अंसारी निवासी मेंहदावल बाजार थाना मेहदावल जनपद संतकबीर और शहजाद निवासी बडहरागंज थाना रामकोला जनपद कुशीनगर के रूप में हुई है।।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**कुशीनगर।** कुबेरस्थान पुलिस ने बुधवार को रेप व पॉक्सो एक्ट के मुकदमे में वांछित विशाल निवासी कठकुईया बाजार थाना कुबेरस्थान को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा मारपीट के मुकदमे की आरोपी एक महिला को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में एसएसआई रामचन्द्र यादव, दरोगा शमशेर यादव, हवलदार सदानन्द यादव, अम्बिका प्रसाद, सिपाही राजदीप ओझा, रत्नेश राव व महिला सिपाही सोनम खरवार शामिल रहे।

# कार्यालय में बैठाया गया था शातिर सुड्डू साई

## तड़के चार बजे पुलिसकर्मियों के नींद में आने पर मौका देख थाने से हो गया था फरार

जागरण संवाददाता,खड्डा: बिहार के रामनगर में एसएसबी जवान पर हमला कर बाइक लूटने वाले शातिर बदमाश सुड्डू साई को हिरासत में लिए जाने के बाद हनुमानगंज पुलिस द्वारा हद दर्जे की लापरवाही बरती गई। बिहार पुलिस के वांटेड इस अपराधी के पकड़ में आने के बाद पुलिस ने जरूरी सतर्कता नहीं बरती और उसे हवालात में रखने की बजाय कार्यालय में रखा गया। ऐसा थानाध्यक्ष के निर्देश पर हुआ। सूत्रों का कहना है कि पुलिस के उच्चाधिकारी थाने व कार्यालय में लगे सीसी कैमरे की अगर पड़ताल करा लें तो थानाध्यक्ष अजय पटेल की लापरवाही उजागर हो जाएगी। बिहार में लूट की घटना को अंजाम देने के बाद शातिर अपराधी सुड्डू साई निवासी मेहनौल थाना मटियरिया जिला पश्चिमी चंपारण बिहार कुशीनगर के सीमावर्ती इलाके में ही शरण् लिए हुए था। रविवार की रात 12 बजे हनुमानगंज पुलिस नशे की हालत में पकड़ कर उसे थाने लाई थी। पकड़े गए बिहार पुलिस के इस वांटेड अपराधी की पहचान सामने आने के बाद भी थानाध्यक्ष ने गंभीरता नहीं बरती और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को पकड़े गए बदमाश को कार्यालय में बैठाने का निर्देश देकर आवास चले गए। सोमवार तड़के करीब चार बजे पहरे पर तैनात व उसी रात छुट्टी से अपने गृह जनपद रायबरेली से लौटे सिपाही व कार्यालय में मौजूद पुलिसकर्मियों की आंख लग गई और मौका पाकर वह परिसर से फरार हो गया।

**फर्द कटने के वाद भी नहीं वरती गई सतर्कता:** पुलिस सूत्रों के अनुसार थानाध्यक्ष के निर्देश पर रात तीन बजे पकड़े गए शातिर बदमाश का फर्द कटा और कार्यालय में मौजूद पुलिसकर्मियों ने आवश्यक कार्रवाई पूरी की। पर शातिर बदमाश को कार्यालय से हटाकर बंदीगृह में रखने की सतर्कता नहीं दिखाई। संयोग ठीक रहा कि फर्द में बदमाश का स्थायी पता, ठिकाने का उल्लेख होने के आधार पर पुलिस बदमाश के घर पहुंच उसे गिरफ्तार कर लिया।

**पुलिस को पेट्रोल पंप कर्मचारी ने दी थी वदमाश की सूचना:** रविवार की रात करीब 12 बजे सुड्डू साई ने छितौनी स्थित पेट्रोल पंप पर बाइक में तीन सौ रुपये की पेट्रोल डलवाई। कर्मचारी ने जब पैसे मांगे तो उसने पैसे न होने की जानकारी दी। इस पर कर्मचारी ने उसकी बाइक रोक ली। फंसता देख सुड्डू ने पैंट की जेब से मोबाइल निकाली और कर्मचारी को यह कहते हुए दिया कि कल सुबह वह पैसे लेकर आएगा तो अपना मोबाइल ले जाएगा। मोबाइल लेने के बाद कर्मचारी ने बाइक छोड़ दी। सुड्डू साई उस समय नशे की हालत में था। वह पंप परिसर में ही था कि उसके द्वारा दिए गए मोबाइल की घंटी बजी। फोन करने वाली महिला ने अपना परिचय एसएसबी जवान की बहन बताते हुए मोबाइल व बाइक लूट की जानकारी दी। कर्मचारी ने सजगता दिखाते हुए तत्काल हनुमानगंज पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में पहुंची पुलिस ने शातिर बदमाश को पकड़ लिया।

# अपहृत किशोरी पंजाब से बरामद, आरोपी फरार

**खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद।** खड्डा कस्बे के एक वार्ड से दूसरे समुदाय के युवक द्वारा एक सप्ताह पूर्व बहला फुसला कर अपहृत की गयी किशोरी पंजाब में मिली। पुलिस ने परिजनों की मदद से उसे बुधवार को बरामद कर लिया है। किशोरी का बयान दर्ज कर उसे परिजनों के हवाले कर दिया है। अपहरण का आरोपी अभी फरार है।

खड्डा कस्बे के एक मोहल्ला निवासी 14 वर्षीय किशोरी को 16 अगस्त को मोहल्ले का ही एक दूसरे समुदाय का युवक छात्रा को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उसी मोहल्ले के निवासी आरोपी युवक के विरुद्ध अपहरण का केस दर्जकर किशोरी को खोजने में जुट गयी। परिजनों की मदद से किशोरी को पंजाब से बरामद कर लिया है। आरोपी भागने में सफल रहा।



छात्राओं को जागरूक करती महिला कांस्टेबल

## अभियान के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

**टेकुआटार।** रामकोला पुलिस द्वारा गठित नारी सुरक्षा दल टेकुआटार में महिलाओं, युवतियों व छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूक किया। बुधवार को नारी सुरक्षा दल ने थाना क्षेत्र टेकुआटार दुलहिन जगनन्नाथ कुंवरी इंटरमीडिएट कॉलेज समेत विभिन्न विद्यालयों में जाकर मिशन शक्ति अभियान के बारे में जानकारी दी।

# छात्र को पुलिस ने स्वजन को सौंपा

जासं, पडरौनाः नगर के साहबगंज मोहल्ले से बुधवार दोपहर को लापता हुए कक्षा चौथी के छात्र को देर रात तमकुहीराज से सुरक्षित ढूंढ कर पुलिस ने स्वजन को सौंप दिया। मोहल्ले के आलोक चौबे का पुत्र देवांश नगर स्थित सेंट थ्रेसेस स्कूल में कक्षा चौथी का छात्र है। बुधवार दोपहर ढाई बजे के करीब वह स्कूल से घर आया। आईकार्ड उतार वह कमरे बैठा। मां बच्चे के लिए भोजन लेने किचन में गईं तो देवांश नहीं था। पुलिस की चार टीमें छात्र की तलाश में लग गईं। मैसेज पास हो गया। रात करीब सवा नौ बजे तमकुहीराज रेलवे स्टेशन पर स्कूल ड्रेस में व परेशान छात्र को देख जीआरपी ने तमकुहीराज थाने को सूचना दी। तमकुहीराज पुलिस ने कोतवाली पुलिस से संपर्क किया तो बच्चे की पहचान देवांश के रूप में हुई। पुलिस को उसने बताया कि परीक्षा में कम अंक आने पर स्वजन की डांट से नाराज होकर पडरौना रेलवे स्टेशन से ट्रेन में बैठकर वह तमकुहीराज पहुंच गया।

कोतवाल राजप्रकाश सिंह ने बताया कि छात्र को सुरक्षित ढूंढ कर स्वजन को सौंप दिया गया है।

लापता छात्र को ढूंढ कर पुलिस ने स्वजन को सौंपाः लक्ष्मीगंजः रामकोला के महुअवां के दहाउर टोला निवासी लापता छात्र को बुधवार को ढूंढ कर पुलिस ने स्वजन को सौंप दिया। संतोष विश्वकर्मा दुबई में निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। उनका 12 वर्षीय पुत्र शुभम लक्ष्मीगंज स्थित निजी स्कूल में कक्षा छह का छात्र है। मंगलवार सुबह पर्स से पैसे निकालते समय मां गुड़िया ने देखा तो बेटे को डांट फटकार लगाई। शुभम ने बताया कि वह नाराज होकर वह स्कूल से लक्ष्मीगंज फिर ट्रेन से गोरखपुर पहुंच गया।

खाताधारक को पता नहीं, पास हो गया 10 हजार का ऋणः सुकरौली बाजारः हाटा कोतवाली के देवतहां निवासी देवेंद्र सिंह ने बिना लोन लिए ही खाते से 10 हजार रुपये का लोन होने की शिकायत की है। पुलिस जांच कर रही है। बुधवार को दिए तहरीर में उन्होंने बताया है कि सुकरौली स्थित पंजाब नेशनल बैंक में उनका बचत खाता है। बीते 17 अगस्त को केसीसी की किश्त जमा करने गया तो पता चला कि मेरे नाम से 10 हजार रुपये का एक अन्य लोन भी पास हुआ है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि चार दिनों तक बैंक का चक्कर लगाया पर बैंक इसका जवाब नहीं दे रहा।

## मनचला छेड़े तो बिना घबराए पुलिस को करें काल

**जासं, टेकुआटार :** रामकोला पुलिस ने बुधवार को टेकुआटार में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं, युवतियों व छात्राओं को जागरूक किया। थाने की नारी सुरक्षा दल सुबह 10 बजे दुल्हिन जगन्नाथ कुंवरि इंटरमीडिएट कालेज में पहुंची। शिक्षिका एवं छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के बारे में बताया तो उन्हें आत्म सुरक्षा का गुर भी सिखाया। दल की सदस्य कांस्टेबल कु. सीता ने कहा कि महिलाएं पुरुषों से पीछे नहीं हैं। इसका उन्हें एहसास होना चाहिए। कहीं भी कोई मनचला परेशान करे तो घबराएं नहीं। टोल फ्री नंबर 1090, 181, 108, 112, 1098 पर काल करें।

## शराब व गांजा बरामद एक गिरफ्तार

**जासं, तरयासुजान :** प्रभारी निरीक्षक अमित शर्मा के साथ पुलिस टीम ने अहिरौलीदान बांध के समीप गंडक नदी में मोटरबोट पर लादकर बिहार में ले जाई जा रही अवैध अंग्रेजी शराब 12 पेटी और चार किग्रा 600 ग्राम अवैध गांजा बरामद करते हुए बोट को भी कब्जे में ले लिया है। साथ में पकड़ा गया शराब तस्कर मंजेश कुमार सिंह ग्राम अहिरौलीदान का रहने वाला है। टीम में एसआई महेंद्र नाथ सिंह यादव, सिपाही श्रीकृष्ण मौर्य, अमित यादव, अश्विनी यादव, रिशु यादव रोहित आदि शामिल रहे।

# महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर सरकार प्रतिबद्ध

**जागरण संवाददाता, कसया**: एसपी के निर्देश पर बुधवार को बुद्ध इंटर कालेज में एसएचओ डा. आशुतोष तिवारी ने छात्राओं को जागरूक किया। कहा कि प्राचीन काल से ही महिलाओं ने शिक्षा के बल पर अपने महत्व और गरिमा को स्थापित किया हैं। गार्गी, सीता, सावित्री, अनुसुइया आदि इसके उदाहरण हैं। केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं ताकि इसका लाभ महिलाएं ले सकें। छात्राओं को मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन संबंधित सरकारी योजनाओं का ब्रोसर वितरित किया। कहा कि महिला हर क्षेत्र में पुरुषों से कम योगदान नहीं देती हैं। महिलाओं को डरने की जरूरत नहीं है। कुशीनगर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक विवेक पांडेय, एसआई शीला देवी, प्रधानाचार्य उमेश उपाध्याय, कृष्ण कुमार आदि उपस्थित रहे।

---

**प्रधान ने लगवाया सीसी कैम्मरे**: नेबुआ नौरंगिया: खजुरिया गांव व चौराहे पर बुधवार को ग्राम प्रधान मारकंडेय गुप्ता की ओर से सीसी कैमरे लगवाए गए। गांव की आबादी लगभग नौ हजार है जो 10 टोलों में बंटी है। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए पंचायत भवन परिसर, धर्मपुर, सूरजनगर बाजार, नहर की पटरी व चौक पर कैमरे लगवा दिया है।

# शराब और गांजा के साथ एक गिरफ्तार

पडरौना। तरयासुजान पुलिस ने अवैध शराब और गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस पकड़े गए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई में जुटी है। एसएचओ अमित शर्मा ने बताया कि पुलिस टीम ने नारायणी नदी अहिरौलीदान जल मार्ग (नदी के रास्ते) अवैध शराब व गांजा बिहार ले जा रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान मंजेस कुमार सिंह निवासी अहिरौलीदान थाना तरयासुजान के रूप में हुई है। उसके पास से 12 पेटी अंग्रेजी शराब और 4.600 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। इस दौरान एसआई महेंद्र नाथ सिंह यादव, कांस्टेबल श्रीकृष्ण मौर्य, अमित यादव, अश्वनी यादव, रिशू यादव, आदित्य प्रताप सिंह, रोहित सिंह, राहुल यादव, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-24-08-2023

# आपरेशन कवच की चौपाल में दी जानकारी

ठूठीबारी। सीओ निचलौल अनिरुद्ध कुमार ने ऑपरेशन कवच के तहत ठूठीबारी के राजस्व टोला आराजी बैरिया व किशुनपुर के टोला सोबड़ा में चौपाल लगाई। गांव के अपराधों के बारे में ग्रामीणों से जानकारी हासिल की। लोगों को जरूरी जानकारी व सुझाव दिया।

सीओ ने कहा कि नेपाल सीमा खुली होने से अक्सर देश विरोधी गतिविधि में शामिल तत्वों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में बार्डर पर तस्करी व संदिग्ध गतिविधियों के बारे में जानकारी होने पर अवगत कराई जाए। कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र में किसी प्रकार का कोई हलचल या संदिग्ध व्यक्ति दिखायी देने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें, जिससे पुलिस घटना से पहले उस पर नियंत्रण



बुधवार को सीएफओ जसवीर सिंह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकालते अग्निशमन अधिकारी व पुलिस। • हिन्दुस्तान

# सीओ ने आपरेशन कवच की चौपाल में दी जानकारी

ठूठीबारी। सीओ निचलौल अनिरुद्ध कुमार ने ऑपरेशन कवच के तहत ठूठीबारी के राजस्व टोला आराजी बैरिया व किशुनपुर के टोला सोबड़ा में चौपाल लगाई। अपराधों के बारे में ग्रामीणों से जानकारी हासिल की। लोगों को जरूरी जानकारी व सुझाव दिया। इस अवसर पर कोतवाल जेपी सिंह यादव, एसआई अजय कुमार आर्यन रहे।

# जागरूकता के लिए
# निकाली तिरंगा यात्र

महराजगंज, निज संवाददाता। देश भक्ति के प्रति को जागरूक करने के लिए बुधवार को सीएफ नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। अग्निशमन का धनेवा-धनेई से तिरंगा यात्रा गबडुआ, मऊप आजादनगर, जिला उद्योग चौराहा, एसबीआई, स चौराहा और रोडवेज होते हुए कार्यालय पर जाक में परिवर्तित हो गई। यात्रा में अग्निशमन अधिका पुलिस जवान अमर शहीदों का जयघोष करते हु रहे थे।

सीएफओ जसवीर सिंह ने कहा कि शासन के और एसपी के निर्देश पर तिरंगा यात्रा 30 अग निकाली जाएगी। यात्रा का उद्देश्य युवाओं को दे स्वतंत्र कराने वाले अमर शहीदों का याद दिला

# अपहरण के मामले में

# सात-सात साल की

महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता। जिले के कोठीभार क्षेत्र के एक गांव से वर्ष 2016 में किशोरी को बहला-फुसलाकर भाग ले जाने के मामले में कोर्ट ने सजा सुनाई है। इस मामले में गांव के ही रहने वाले नासिर, वाजिद, लतीफ, शमसुद्दीन, सितारुन एवं शाहाना उर्फ भोले को दोषी पाए जाने पर अपर सत्र एवं विशेष न्यायाधीश विनय कुमार सिंह (द्वितीय) ने धारा 363/120 बी. एवं धारा 17 लैंगिक अपराध अधिनियम के तहत दोषी पाए जाने पर सभी को सात-सात साल की सजा के साथ 24 हजार के अर्थदंड से

दिया था। 18 फ
समय करीब
पट्टीदारी में एक
जाने के कारण
गांव की पोखरी प
गए थे। इस दौर
बेटी घर में अके
गांव के रहने व
लतीफ, शमसु
शाहाना उर्फ भ
बहला-फुसलाक
के आदेश पर क
पंजीकृत कर वि
बाद न्यायालय

# मारपीट के मामले में चार पर केस

निचलौल। निचलौल नपं के पांडेय वार्ड में दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस मामले में पीड़िता चंद्रकला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि मामूली बात को लेकर कुछ लोग उसे मारने पीटने लगे। इसका विरोध करने पर इन लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। इस मामले में पुलिस ने गोलू और मारकंडेय तथा दो महिलाएं सभी निवासी कस्बा निचलौल के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

# हरा पेड़ काटने का आरोप, कार्रवाई की मांग

भगवानपुर। बरगदवा क्षेत्र के ग्राम बेलहिया स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर से आठ हरा पेड़ काटने का आरोप लगाते हुए पुजारी बालक दास, बब्बन दास, सुरेश ने एडीजी को शिकायती पत्र भेजा है। शिकायती पत्र में लिखा गया है कि कुछ लोगों ने पेड़ कटवा लिया और इसकी सूचना देने पर भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की गई है।

# एसपी ने बदले चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र

**जासं, महराजगंज**: पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने बुधवार को मुजुरी के चौकी प्रभारी ओमजीत पटेल को हटाते हुए उन्हें पनियरा थाने पर तैनात कर दिया है।

पनियरा थाने पर तैनात उपनिरीक्षक रोहित यादव को मुजुरी चौकी का प्रभारी बनाया है। इसके साथ ही कुल आठ पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है।

इसके अलावा मुख्य आरक्षी अमरनाथ यादव को नौतनवा से हेड मुहर्रिर नौतनवा, सोनू यादव को नौतनवा से थाना भिटौली, आरक्षी अर्जुन प्रजापति को पुलिस लाइन से बृजमनगंज का पैरोकार, विनोद कुमार को पुलिस लाइन से थाना फरेंदा, विकास यादव को चौक से सोनौली और महिला आरक्षी प्रतिमा यादव को निचलौल से वन स्टाप सेंटर महराजगंज भेजा गया है।

# फर्नीचर कारोबारी के साथ धोखाधड़ी, मुकदमा

फरेंदा। फरेंदा क्षेत्र के एक फर्नीचर कारोबारी से धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। कारोबारी ने रुपये भेजने के बाद भी सामान न मिलने की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है।

फरेंदा क्षेत्र के बड़हरा देवीचरन निवासी अशोक कुमार अग्रहरी ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में लिखा कि उनकी उमा फर्नीचर के नाम से दुकान है। लकड़ी खरीदने के लिए पश्चिम बंगाल निवासी समद मलिक व प्रतापगढ़ निवासी फिरोज से फोन पर बात हुई तो उन्होंने पांच लाख रुपये का माल दुकान भेजने को कहा। उनके खाते में साढ़े तीन लाख रुपये 27 जुलाई को ट्रांसफर किया गया और बाकी पैसे माल मिलने के बाद देने की बात हुई। 30 जुलाई तक माल नहीं पहुंचा तो जानकारी के लिए व्यापारी ने फोन किया तो दोनों आनाकानी करने लगे। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार गुप्ता ने बताया कि दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# मारपीट के मामले की जांच की मांग

सिन्दुरिया। सिन्दुरिया क्षेत्र के बड़हरामीर निवासी जय हिंद भारती ने एसपी को पत्र देकर कहा कि स्थानीय पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है,जयहिंद भारती ने कहा कि वह 15 अगस्त की शाम वह अपने ग्राम सभा के कोटेदार के पास रखा गया राशन कार्ड व खाद्यान्न लेने गया था। पुरानी रंजिश में कुछ लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी केस दर्ज है। एसओ कंचन राय ने कहा कि एसपी के निर्देशा पर केस की विवेचना अब सीओ सदर कर रहे हैं।

# मारपीट के मामले में चार पर केस दर्ज

**महराजगंज।** निचलौल शहर के पांडेय वार्ड में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने बुधवार को पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रधान यादव ने कहा कि पीड़ित चंद्रकला की तहरीर पर आरोपी गोलू यादव, मार्कण्डेय, मंजू, सीमा के खिलाफ संबंधित धाराओं के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। संवाद

# दो किलो गांजा के साथ दो बाइक सवार गिरफ्तार

**कोल्हुई।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनपिपरी बुजुर्ग तिराहे से पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने दो बाइक सवार युवकों को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, एसएसबी व पुलिस की टीम मादक पदार्थों की रोकथाम अभियान के तहत तिराहे पर जांच कर रही थी। इसी बीच दो युवक बाइक से आते दिखाई दिए। बाइक को रोककर तलाशी ली गई तो झोले में रखा दो किलो गांजा बरामद हुआ। आरोपियों की पहचान अभिमन्यु चौरसिया निवासी लालपुर थाना कोल्हुई व रविंद्र यादव निवासी बड़हरा थाना फरेंदा के रूप में हुई। थानाध्यक्ष कोल्हुई महेंद्र यादव ने बताया कि आरोपियों पर केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया। संवाद

# 'संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें'

**महराजगंज।** ऑपरेशन कवच के तहत ठूठीबारी के राजस्व टोला आराजी बैरिया व किशुनपुर के टोला सोबड़ा में पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध कुमार की अध्यक्षता में चौपाल का आयोजन हुआ। सीओ अनिरुद्ध कुमार ने कहा कि बार्डर की गतिविधियों के बारे में जानकारी देते रहें। संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। इस अवसर पर कोतवाल जेपी सिंह यादव , एसआई अजय कुमार, एएचटीयू प्रभारी, कैलाश द्विवेदी, राम प्रवेश मौजूद रहे। संवाद

# अपरहण के छह अभियुक्तों को कारावास

**महराजगंज।** अपहरण व पॉक्सो के सभी छह अभियुक्तों को न्यायालय ने सात-सात वर्ष की सजा दी है। दो-दो हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड नहीं देने की दशा में छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। कोठीभार थाने के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार राय ने बताया कि आपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत अभियोजन विभाग से समन्वय बनाकर प्रभावी पैरवी की गई। नासिर, वाजिद, लतिफ, समसुद्दीन, सीतारुन, सहाना निवासी कोठीभार के खिलाफ अपहरण, पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज है। न्यायालय में प्रभावी ढंग से पैरवी की गई। इससे अभियुक्तों को न्यायालय की ओर से सजा सुनाई गई है। संवाद

# फर्नीचर कारोबारी के साथ धोखाधड़ी, केस दर्ज

**फरेंदा।** क्षेत्र के एक फर्नीचर कारोबारी से धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें कारोबारी ने रुपये भेजने के बाद भी माल न मिलने की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी हुई है। फरेंदा थाना क्षेत्र के बड़हरा देवी चरन निवासी अशोक कुमार अग्रहरी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में लिखा है कि उमा फर्नीचर के नाम से दुकान है। लकड़ी खरीदने के लिए पश्चिम बंगाल निवासी समद मलिक व प्रतापगढ़ निवासी फिरोज से फोन पर बात हुई तो उन्होंने पांच लाख रुपये का माल दुकान भेजने को कहा जिस पर उनके खाते में साढ़े तीन लाख रुपये 27 जुलाई को ट्रांसफर किया गया। संवाद

## तस्करी की 15 बोरी यूरिया बरामद

भगवानपुर : सोनौली कोतवाली क्षेत्र के चौकी भगवानपुर के खलांगा टोला पर बुधवार की दोपहर पुलिस ने 15 बोरी यूरिया व तीन साइकिल को नोमेंस लैंड के पास से लावारिस बरामद किया है। भगवानपुर चौकी इंचार्ज अरुण कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि भगवानपुर के पास पगडंडी उर्वरक की तस्करी हो रही है। मौके पर पुलिस टीम पहुंची तो खाद व साइकिल भारतीय क्षेत्र में छोड़ तस्कर नेपाल भाग गए। बरामद यूरिया खाद व साइकिल को कस्टम विभाग को सौंपा जाएगा। (जासं)

## गांजा सहित दो बाइक सवार गिरफ्तार

कोल्हुई :कोल्हुई के सोनपिपरी बुजुर्ग तिराहे से पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने दो बाइक सवार युवकों को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। टीम तिराहे पर जांच कर रही थी। इसी बीच दो युवक बाइक से आते दिखे। उनको रोककर तलाशी ली गई तो झोले में रखा दो किलो गांजा बरामद हुआ। आरोपितों की पहचान अभिमन्यु चौरशिया निवासी लालपुर व रविन्द्र यादव निवासी बड़हरा थाना फरेंदा के रूप में हुई। उनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत करवाई की गई है।

# मतांतरण का दबाव बनाने वाले पति के विरुद्ध गवाह बनेगी पत्नी

- **मतांतरण के मामले में जेल में बंद है आरोपित**
- **पत्नी ने भी पति के विरुद्ध खोला दिया मोर्चा**

जासं, निचलौल (महराजगंज): रुपये का लालच देकर मतांतरण करने के मामले में जेल में बंद अंगद निषाद की पत्नी किरन ने भी उसके विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। किरन ने सोमवार को उसके विरुद्ध मतांतरण का दबाव बनाने के मामले में निचलौल थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने उसकी तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

किरन ने बताया कि उसकी शादी 2015 में मिठौरा निवासी अंगद निषाद से हुई थी। वह अपने बहनोई संतोष निषाद के संपर्क में रहता था। दोनों एक ही साथ रहकर ईसाई धर्म का प्रचार प्रसार करते थे। पति अंगद भी उसके ऊपर मतांतरण का दबाव बनाने लगा, बात न मानने पर घर से मार कर निकाल दिया था। वह कई वर्षों से मायके में रहती है। उपनगर घोड़हवा निवासी शेषमणि गौड़ ने मदनपुरा निवासी संतोष कुमार व उसके रिश्तेदार अंगद कुमार पर रुपये का लालच देकर मतांतरण कराने का आरोप लगाया था। रविवार को संतोष कुमार की चाय की दुकान पर इसी बात लेकर दोनों में मारपीट हो गई थी। पुलिस दोनों आरोपितों के विरुद्ध मारपीट व मतांतरण का मुकदमा पंजीकृत किया था।

सोमवार को पुलिस ने दोनों आरोपितों संतोष कुमार निवासी मदनपुरा व उसके रिश्तेदार अंगद कुमार निषाद निवासी मिठौरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उप निरीक्षक प्रधान यादव ने बताया कि मंतातरण को लेकर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपित को जेल भेजा जा चुका है।

उसकी पत्नी भी उसके ऊपर मतांतरण का आरोप लगा रही है। वह उसके विरुद्ध गवाही देने के लिए भी तैयार है। मामले की जांच की जा रही है। इस मामले की विवेचना भी शुरू कर दी गई है।

# अपहरण के मामले में छह अभियुक्तों को सात वर्ष का कारावास

जासं, महराजगंज : सात वर्ष पूर्व कोठीभार थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग किशोरी के अपहरण के मामले में अपर सत्र न्यायालय ने गांव के ही छह आरोपितों को दोषी सिद्ध किया है। न्यायालय ने सभी दोषियों को सात-सात वर्ष के कारावास समेत 24 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

किशोरी की मां ने फरवरी 2016 में कोठीभार थाना में बेटी के अपहरण मामले में गांव के ही छह लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने गांव के नासिर, वाजिद, लतीफ, शमसुद्दीन, सितारुन और कुमारी शाहाना उर्फ भोले के विरुद्ध साजिश और अपहरण का मुकदमा दर्ज किया था। विवेचक द्वारा विवेचना के पश्चात न्यायालय

**सात वर्ष पूर्व कोठीभार पुलिस ने दर्ज किया था मुकदमा, भेड़िया गांव में नाबालिग किशोरी के अपहरण का था आरोप**

में सभी के विरुद्ध आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इधर पुलिस के आपरेशन कन्विक्शन के तहत कोठीभार थानाध्यक्ष सुनील कुमार राय व पैरोकार मुकेश मौर्या की पैरवी के बाद विशेष लोक अभियोजक विजय नारायण सिंह ने मामले में 10 गवाहों और अन्य साक्ष्यों को पेश कर मामले में सजा की मांग की। जिसपर न्यायालय ने दोषियों को सजा सुनाई है।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-24-08-2023

# विजेताओं को आइजी व एसपी ने किया पुरस्कृत

## गोरखपुर जोन की 48वीं अंतर जनपदीय शूटिंग स्पोर्ट्स व रायफल प्रतियोगिता सम्पन्न

जागरण संवाददाता, वस्ती : गोरखपुर जोन की 48वीं अंतर जनपदीय शूटिंग स्पोर्ट्स एवं एलार्म एफीसिएंसी रेस प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र रामकृष्ण भारद्वाज व पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ 20 अगस्त को अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी ने किया था। प्रतियोगिता में जोन के 10 जनपदों की पुलिस टीम ने भाग लिया।



48वीं अंतर जनपदीय शूटिंग स्पोर्ट्स एवं रायफल, पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में पुरस्कार वितरण करते आइजी आरके भारद्वाज साथ में एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ● जागरण

शूटिंग प्रतियोगिता में 100 गज स्टैंडिंग पोजीशन में जनपद गोंडा ने 33 अंक प्राप्त कर प्रथम, जनपद देवरिया ने 30 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 200 गज नीलिंग पोजीशन में सिद्धार्थनगर ने 58 अंकों के साथ प्रथम एवं बहराइच ने 55 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 300 गज पोजीशन में बलरामपुर ने 78 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि देवरिया ने 78 अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 300 गज स्नैप शूटिंग में महराजगंज ने 21 अंकों के साथ प्रथम एवं गोरखपुर ने 10 अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

300 मीटर श्रीपी में बलरामपुर ने 122 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान तथा बहराइच ने 107 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 300 मीटर प्रोन (महिला वर्ग) में बहराइच ने 35 अंकों के साथ प्रथम व बहराइच में 33 अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 300 मीटर श्रीपी महिला वर्ग में देवरिया ने 60 अंक प्राप्त कर प्रथम एवं बहराइच ने 52 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 300 मीटर प्रोन (पुरुष वर्ग) में बलरामपुर ने 81 अंक प्राप्त कर प्रथम, देवरिया ने 65 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

300 मीटर श्रीपी (पुरुष वर्ग) में देवरिया 132 अंक प्राप्त कर पहला व बलरामपुर ने 128 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। कार्बाइन शूटिंग (पुरुष वर्ग) 25 गज में देवरिया प्रथम व सिद्धार्थनगर द्वितीय स्थान पर रहा। 40 गज में देवरिया प्रथम व बलम द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 50 गज नीलिंग पोजीशन में बलरामपुर ने पहला स्थान व देवरिया ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 50 गज स्नैप में देवरिया ने बाजी मारी। रिवाल्वर, पिस्टल शूटिंग में 15 गज में बलरामपुर ने प्रथम व देवरिया द्वितीय स्थान, 25 गज में बलरामपुर प्रथम व गोंडा ने द्वितीय, 50 गज अटैक में देवरिया ने प्रथम व बलरामपुर ने द्वितीय, 50 गज स्नैप में देवरिया ने प्रथम व बलरामपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एलार्म सीसी रेस प्रतियोगिता में जनपद बस्ती ने प्रथम व देवरिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी, क्षेत्राधिकारी सदर आलोक प्रसाद, कलवारी विनय चौहान, रधौली प्रीती खरवार, प्रतिसार निरीक्षक संदीप कुमार राय आदि मौजूद रहे।

# पुलिसकर्मियों व अधिकारियों ने भी देखा लैंडिंग

**बस्ती**: पुलिस लाइन में भी चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग कार्यक्रम को देखा गया। जैसे ही चंद्रयान- 3 चांद की सतह पर उतरा सभी पुलिसकर्मी व अधिकारी खुशी से तालियां बजाने लगे। इस दौरान एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी, एएसपी दीपेंद्रनाथ चौधरी, सीओ सिटी आलोक प्रसाद मौजूद रहे। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष राम अधार पाल ने चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर खुशी जताई।

कहा कि हमारे देश के विज्ञानियों की कड़ी मेहनत के चलते आज चंद्रयान-3 की सफलता पर देश खुशी मना रहा है।

# छह घंटे के अंदर सकुशल बरामद हुआ युवक

**बस्ती**: नगर थाने की पुलिस ने एक गुमशुदा युवक को सूचना के छह घंटे के अंदर सकुशल बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष नगर संतोष कुमार ने बताया कि चौकी प्रभारी करहली अनस अख्तर और उनकी टीम ने गुमशुदा 20 वर्षीय तैयब अली पुत्र हजरत अली निवासी कन्हौली थाना नगर को सूचना मिलने के छह घंटे के भीतर बरामद कर लिया। तैयब अपने घर से नाराज होकर बुधवार की सुबह सात बजे घर से कहीं चला गया था। पुलिस ने सूचना मिलते ही तत्परता पूर्वक इंटरनेट मीडिया में प्रचार–प्रसार करते हुए उसकी खोजबीन की और उसे अक्सड़ा चौराहे से सकुशल बरामद कर स्वजन को सिपुर्द कर दिया।

# रंगदारी मांगने का मुकदमा

बस्तीः दुबौलिया पुलिस ने तीन लोगों पर कोर्ट के आदेश पर रंगदारी मांगने की धारा में मुकदमा दर्ज किया है।थाने के धर्मूपुर गांव निवासी दिलीप कुमार का आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों ने उन्हें भय दिखाकर उनसे धन की मांग की। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुन्नीलाल, देवव्रत सिंह व शेर मोहम्मद निवासी धर्मुपुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मामले की विवेचना उप निरीक्षक चतुर्भुज पाठक को सौंपी गई है।

# एक नामजद सहित तीन पर मुकदमा

**बस्ती**: पुरानी बस्ती थाने के डफाली टोला निवासी मो. यूनुस ने नगर थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया कि 21 अगस्त को बेलाड़ी में कुछ लोगों ने बेवजह उन्हें मारा पीटा और व जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर गया प्रसाद पाल निवासी साकेतपुरी थाना कोतवाली बस्ती के अलावा दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना फुटहिया चौकी प्रभारी राजीव सिंह को सौंपी गई है।

# सामूहिक दुष्कर्म के आरोपित की जमानत अर्जी खारिज

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रमोद कुमार गिरी ने सामूहिक दुष्कर्म के मामले में एक आरोपित की जमानत अर्जी निरस्त कर दिया।

मामला नगर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। पीड़िता की तरफ से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अजय बहादुर पाल व एसएन दुबे एडवोकेट ने अदालत को बताया कि नगर थानाक्षेत्र के एक गांव की युवती कार के शोरूम में नौकरी करती थी। रोज की भांति काम समाप्त कर वह तीन अगस्त को साइकिल से घर वापस जा रही थी। देर शाम 7.30 बजे जैसे ही वह कूढ़ापट्टी दरियांव गांव के पास वह पहुंची, वहां पहले से घात लगाए मनीष पांडेय व आदित्य पांडे निवासी कूढ़ापट्टी बैठे हुए थे। युवती को दुष्कर्म की नीयत से पीछे से पकड़ कर खींचते, मारते पीटते तिल के खेत में ले गए। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। बचाव के लिए पीड़िता जूझती रही, पर आरोपित उसे बुरी तरह से मार पीट कर बेहोश कर दिए और उसे छोड़कर चले गए। उसके वस्त्रों को फाड़कर अर्धनग्न कर दिया था। होश आने पर किसी तरह अपने गांव पहुंची। गांव के लोगों ने उसके परिवारवालों को बुलाकर पीड़िता को थाने पर पहुंचाया। स्थानीय पुलिस ने पहले छेड़छाड़ व दुष्कर्म के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया था। पीड़िता ने जब मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दिया तो पुलिस को सामूहिक दुष्कर्म की धारा में बढ़ोत्तरी करनी पड़ी। न्यायालय में आरोपित आदित्य पांडेय की ओर से दाखिल जमानत अर्जी की सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने कहा कि पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के अनुसार पीड़िता के शरीर पर 11 चोटें पाई गई हैं। अपराध जघन्य प्रकृति का है। ऐसे में अभियुक्त की जमानत मंजूर नहीं की जा सकती।

# मारपीट में चार पर मुकदमा

बस्ती : परशुरामपुर थाने के मिश्रौली गांव निवासी मीरा देवी पत्नी रामकिशन ने पुलिस को त्हरीर देकर आरोप लगाया कि 14 अगस्त को आपसी कहासुनी को लेकर कुछ लोगों ने उन्हें अपशब्द कहे और विरोध करने पर मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने ◌मतेरश, संजय, विनय व तारा देवी पर केस दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

# तय मूल्य से अधिक दामों पर यूरिया बेचने का आरोप



खाद लेकर जाते किसान ● जागरण

**जासं, बानपुर, बस्ती** : कुदरहा ब्लाक के पसड़ा में स्थित साधन सरकारी समिति बानपुर पर अधिक मूल्य पर यूरिया बेची जा रही है। यह आरोप बुधवार को यूरिया लेकर जा रहे किसानों ने लगाया है। किसानों ने बताया कि यूरिया का निर्धारित मूल्य 266.50 रुपये हैं। मगर यह किसानों को 300 रुपये में बेची जा रही है।

पसडा गांव निवासी किसान सुभाष और कपसौना गांव के विकास बताया कि समिति बानपुर के नाम से है मगर यह पसड़ा में किराए के भवन में संचालित होती है। आरोप लगाया कि वह लोग बुधवार को यूरिया लेने समिति पर गए थे। मगर सचिव ने उन्हें निर्धारित मूल्य में खाद देने की बजाय उनसे अधिक मूल्य 300 रुपये लेकर दिया। ढ़ढ़ौरा गांव निवासी किसान राम दुलारे ने बताया कि वह एक बोरी यूरिया लिये हैं। उनको खाद के साथ जिंक का पैकेट भी दिया गया है। इसके लिए उनसे 350 रुपये लिए गए हैं। खौराटी गांव के रहने वाले किसान रामदरश ने बताया कि पसड़ा से वह दो बोरी यूरिया लिए हैं। उनसे 600 रुपये लिए गए हैं। जिला कृषि अधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। अगर ऐसी शिकायत है तो इसकी जांच कराई जाएगी। मामला सही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

# सरयू नहर में गिरे बुजुर्ग का नहीं चला पता

- सोनहा थाना क्षेत्र के बसडिलिया गांव के पास की घटना
- काफी प्रयास के बाद भी बुजुर्ग को गोताखोर नहीं खोज पाए

**जासं,भानपुर, बस्ती:** सोनहा थाना क्षेत्र के बसडिलिया गांव के निकट पैर फिसलने से एक बुजुर्ग सरयू नहर में गिर गया। उसे डूबता देख नहर पर बकरी चरा रहे बच्चों ने शोर मचाया। शोर सुनकर मौके पर भारी संख्या में लोग जुट गए व घटना की सूचना पुलिस को दी। गोताखोरों की मदद से बुजुर्ग को काफी दूर तक खोजा गया, लेकिन उसका पता नहीं चला।

मोहम्मदनगर निवासी 70 वर्षीय मंगल चौधरी पुत्र मनोरथ बुधवार की दोपहर में बसडिलिया गांव के पास सरयू नहर की पटरी पर से कहीं जा रहे थे। इसी बीच पैर फिसलने से नहर में गिरकर डूबने लगे। पानी के तेज बहाव के कारण स्थानीय लोग नहर में उतरने की हिम्मत नहीं कर सके। इसके बाद पुलिस ने भवानीगंज से गोताखोरों को बुलवाया गया और बुजुर्ग को खोजवाने का प्रयास किया।



बसडिलिया गांव के पास सरयू नहर में बुजुर्ग के डूबने की सूचना पर जुटी भीड़ • जागरण

काफी प्रयास के बाद भी गोताखोर बुजुर्ग को नहीं खोज पाए। इस बीच तेज वर्षा शुरू हो जाने के कारण सर्च अभियान रोक दिया गया। वर्षा थमने के बाद फिर सर्च अभियान शुरू किया गया। फिलहाल बुजुर्ग का पता नहीं चल सका है। बुजुर्ग के परिवार में पत्नी व पांच बेटे हैं।

# जानलेवा हमले का आरोपित गिरफ्तार

**बस्ती:** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मदनपुरा गांव में एक युवक को चाकू मारकर घायल करने के मुकदमे में वांछित आरोपित रियाज को उसके गांव मदनपुरा से बुधवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। उसके विरुद्ध कार्रवाई के बाद उसे न्यायालय रवाना कर दिया गया। थानाध्यक्ष रोहित उपाध्याय ने बताया कि मदनपुरा गांव निवासी इब्राहिम ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनके बेटे साहिल पर सोमवार की रात गांव के रियाज और उसके पिता बुनियाद ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया था। पुलिस केस दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही थी। एक सूचना पर आरोपित रियाज को गिरफ्तार कर लिया गया।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारा पीटा, मुकदमा

**बस्ती**: रुधौली नगर पंचायत के वार्ड नंबर 12 गांधीनगर की रहने वाली संजू पत्नी लालमोहन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 22 अगस्त को पुरानी रंजिश के चलते उनके वार्ड के ही कुछ लोगों ने उन्हें अपशब्द कहे और जान माल की धमकी देते मारा पीटा। दीवाल में लगे सीसीटीवी कैमरे का हैंडल तोड़ दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सरस्वती शर्मा व उनके पुत्र हिमांशु शर्मा के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# एलॉर्म एफिशिएंसी रेस में बस्ती को पहला स्थान

## गोरखपुर जोन की 48वीं अंतर जनपदीय प्रतियोगिता का हुआ समापन

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** गोरखपुर जोन की 48वीं अंतर जनपदीय शूटिंग स्पोर्ट्स एवं रायफल/रिवाल्वर/पिस्टल शूटिंग एवं एलार्म एफिशिएंसी रेस महिला-पुरुष प्रतियोगिता वर्ष-2023 का बुधवार सायं पुलिस लाइंस में समापन हो गया। तीन दिन चली प्रतियोगिता का आईजी आरके भारद्वाज ने समापन किया। प्रतियोगिता में जोन की 10 जनपदों की टीमों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में श्रावस्ती ने कतिपय कारणों से भाग नहीं लिया। विजेता टीम के खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए आईजी व एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने पुरस्कार व प्रशस्तिपत्र देकर देकर सम्मानित किया। बता दें कि प्रतियोगिता का क्रम मंगलवार को ही समाप्त हो गया था, लेकिन बारिश होने के कारण समापन समारोह का आयोजन स्थगित करना पड़ा था।

इस मौके पर एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी, क्षेत्राधिकारी सदर आलोक परसाद, क्षेत्राधिकारी कलवारी विनय कुमार चौहान, क्षेत्राधिकारी रुधौली प्रीति खरवार, प्रतिसार निरीक्षक संदीप कुमार राय व अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

**इस तरह रहा प्रतियोगिता का परिणाम :** एलार्म एफिशिएंसी रेस प्रतियोगिता में जनपद बस्ती ने प्रथम व देवरिया में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शूटिंग प्रतियोगिता में 100 गज स्टैंडिंग पोजीशन में गोंडा ने 33 अंक के साथ प्रथम, देवरिया 30 अंक द्वितीय स्थान, 200 गज



प्रतिभागियों को पुरस्कार देते आईजी आरके भारद्वाज। संवाद

### पुलिस लाइंस में आईजी व एसपी ने प्रतिभागियों को वितरित किया पुरस्कार

नीलिंग पोजीशन में सिद्धार्थनगर ने 58 अंकों के साथ प्रथम एवं बहराइच ने 55 अंक द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 300 मीटर पोजीशन में बलरामपुर ने 78 अंक के साथ प्रथम एवं देवरिया ने 78 अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 300 गज स्नैप शूटिंग में महराजगंज ने 21 अंकों के साथ प्रथम एवं गोरखपुर ने 10 अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 300 मीटर थ्रीपी (17 बाल) में बलरामपुर ने 122 अंक आफ कर प्रथम स्थान तथा बहराइच ने 107 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

300 मीटर प्रोन (महिला वर्ग) में बहराइच ने 35 अंकों के साथ प्रथम व पुनः बहराइच ने 33 अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 300 मीटर थ्रीपी महिला वर्ग में देवरिया ने 60 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान एवं बहराइच में 52 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 300 मीटर प्रोन (पुरुष वर्ग) में बलरामपुर ने 81 अंक प्राप्त कर प्रथम, देवरिया ने 65 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 300 मीटर थ्रीपी (पुरुष वर्ग) में देवरिया 132 अंक प्राप्त कर प्रथम तथा बलरामपुर ने 128 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

कार्बाइन शूटिंग (पुरुष वर्ग) 25 गज में जनपद देवरिया प्रथम व सिद्धार्थनगर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 40 गज में देवरिया प्रथम व बलरामपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 50 गज नीलिंग पोजीशन में बलरामपुर ने प्रथम व देवरिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 50 गज स्नैप में देवरिया में प्रथम व बलरामपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रिवॉल्वर /पिस्टल शूटिंग में 15 गज में जनपद बलरामपुर प्रथम व देवरिया द्वितीय 25 गज में बलरामपुर प्रथम व गोंडा द्वितीय, 50 गज अटैक में देवरिया प्रथम बलरामपुर द्वितीय, 50 गज स्नैप में देवरिया प्रथम व बलरामपुर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# अब पंचांग देखकर तय होगी गश्त की रणनीति

**- चंद्रमा के निकलने और अस्त होने पर आधारित है पुलिस का यह फार्मूला, पुलिस मुख्यालय से जारी सर्कुलर के हिसाब से रणनीति बनाने में जुटे अधिकारी**

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** अपराध नियंत्रण के लिए हाईटेक तरीकों को इस्तेमाल करने के साथ ही तिथि मुहूर्त के हिसाब से रणनीति तैयार करने में जुटी है। अब पंचांग के हिसाब से गश्त पिकेट तैनात किए जाने की योजना बनाई जा रही है। पुलिस मुख्यालय से इस संबंध में बस्ती समेत सभी एसपी, आईजी व अन्य अधिकारियों को सर्कुलर जारी किया गया है। उसके हिसाब से अधिकारी एक्शन प्लान तैयार करने में जुटे हैं।

**अंधेरी रात में अपराधियों की गतिविधि बढ़ने पर आधारित है यह पहल**

सर्कुलर के मुताबिक चंद्रमा की कलाओं यानी उसके उगने और अस्त होने के समय का अध्ययन करके अपराधियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सकता है। चंद्रमा दिखाई न देने पर जब अंधेरी रात होती है तो अपराधी आसानी से चोरी, डकैती, नकबजनी जैसी घटनाओं को अंजाम दे सकते हैं, जबकि चंद्रमा उगे रहने पर हर तरफ उजाला रहता है, जिसमें अपराधी वारदात करते हुए डरता है।

डीजीपी का मानना है कि हिंदू पंचांग के कृष्ण पक्ष की अमावस्या के एक हफ्ता पहले और एक हफ्ते बाद तक रात में ज्यादा अपराध होता है, क्योंकि उस

## यह है तैयारी

डीजीपी के निर्देश के अनुसार अमावस्या के आसपास रात में गश्त के लिए ज्यादा से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किए जाने की व्यवस्था की जा रही है। अतिसंवेदनशील इलाकों को क्लस्टर में बांटकर गश्त करवाने की पहल भी की जा रही है। जिनकी भी ड्यूटी रात में लगे उन्हें उस इलाके में हुई घटनाओं, उनकी तारीख, समय और घटनाओं के तरीके की पूरी जानकारी दी जाएगी। निर्देश है कि सीसीटीएनएस और 112 यूपी की पीआरवी के रूट चार्ट को भी इसी आधार पर तैयार किया जाए। इसे थाने स्तर पर अपराध और अपराधियों की संवेदनशीलता की समीक्षा करके योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा।

## सप्तमी से सप्तमी तक संवेदनशील

पुलिस का मानना है कि अपराध की अधिकांश घटनाएं ''कृष्ण पक्ष'' में ''अमावस्या'' से एक सप्ताह पहले और उसके एक सप्ताह बाद होती हैं। कारण यह कि इस बीच रात के ज्यादातर समय अंधेरा रहता है। डीजीपी के सर्कुलर के हिसाब से हर महीने की अमावस्या से सात दिन पहले और सात दिन बाद यानी शुक्ल पक्ष की सप्तमी से कृष्ण पक्ष की सप्तमी के बीच रात में होने वाली आपराधिक घटनाएं बढ़ जाती हैं।

## चोरी-नकबजनी रोकने में कारगर हो सकता है फंडा

जानकारों का मानना है कि चोरी और नकबजनी रोकने में यह फंडा काफी कारगर हो सकता है। वरिष्ठ अधिवक्ता अवधेश प्रताप सिंह के अनुसार अंधेरी रात में चोरी की घटनाएं ज्यादा होती हैं। पुलिस अगर सही आकलन करके अंधेरी रात में अपनी गश्त और यूपी-112 की टीम को सही प्वाइंट पर तैनात करे तो चोरों को मजबूर होकर भागना पड़ेगा।

# विवाद में चाकू मारने का आरोपी गिरफ्तार

**महराजगंज, (बस्ती)।** कप्तानगंज थानाक्षेत्र के मदनपुरा में 21 अगस्त की रात रुपये के लेनदेन में युवक पर चाकू से हमला करने की घटना के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू भी पुलिस ने बरामद किया है। थानाध्यक्ष कप्तानगंज रोहित उपाध्याय ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मदनपुरा गांव के इब्राहीम ने बताया कि उनका बेटा सोमवार रात गांव में ही संचालित अपनी नमकीन की फैक्ट्री से घर आ रहा था। घर से कुछ ही दूरी पर गांव के ही रियाज और उनके पिता बुनियाद ने उसके ऊपर चाकू से हमला कर दिया। संवाद

# नाराज होकर निकला युवक, पुलिस ने छह घंटे में ढूंढा

**नगर बाजार।** थाना नगर पुलिस टीम ने घर से नाराज होकर गुमशुदा युवक को छह घंटे में सकुशल ढूंढ निकाला, जिसके बाद उसे उसके परिवार वालों के सुपुर्द कर दिया गया। थानाध्यक्ष नगर संतोष कुमार ने बताया कि थानाक्षेत्र के कन्हौली से हसरत अली के परिवार वालों की तरफ से सूचना दी गई। बताया गया कि हसरत अली का 20 वर्षीय पुत्र तैयब बुधवार सुबह सात बजे घर से नाराज होकर कहीं चला गया है। चौकी प्रभारी करहली अनस अख्तर मय पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए सोशल मीडिया ग्रुप में प्रचार-प्रसार करते हुए खोजबीन शुरू की। दोपहर करीब एक बजे अक्सड़ा चौराहे पर वह सकुशल बरामद किया गया। संवाद

# रंगदारी मांगने पर तीन नामजद

**बस्ती।** दुबौलिया पुलिस ने धरमूपुर गांव में रंगदारी मांगने के एक मामले में न्यायालय के आदेश पर तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में धरमूपुर गांव के दिलीप कुमार ने न्यायालय में प्रार्थनापत्र दिया था। पुलिस ने न्यायालय के आदेशानुसार मुन्नीलाल, देवव्रत सिंह व शेर मोहम्मद निवासी धरमूपुर पर केस दर्ज किया है। संवाद

# मारपीट में चार आरोपी नामजद

**बस्ती।** परशुरामपुर पुलिस ने क्षेत्र के मिश्रौली गांव में कहासुनी के बीच मारपीट की घटना के संबंध में चार आरोपियों पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में गांव की मीरा देवी ने तहरीर दी, जिसमें गांव के राम तेरस, संजय, विनय और तारा देवी पर आरोप लगाए गए हैं। संवाद

# गाड़ी चलाने को लेकर मारा-पीटा, तीन पर केस

**बस्ती।** नगर थानाक्षेत्र के बेलाड़ी में सोमवार को गाड़ी चलाने को लेकर मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया है। इसमें दो अज्ञात बताए गए हैं। इस संबंध में मो. युनुस निवासी राज मैदान डफाली पुरवा थाना पुरानी बस्ती ने तहरीर दी, जिसमें गया प्रसाद पाल निवासी मुहल्ला साकेतपुरी ब्राह्मण महासभा के पीछे थाना कोतवाली और दो व्यक्ति नाम व पता अज्ञात पर गाड़ी चलाने को लेकर मारने-पीटने और धमकी देने का आरोप लगाया गया है। संवाद

# गिरफ्तार तीनों जिला बदर बदमाशों पर केस दर्ज

**बस्ती।** घर पर मौजूद मिले तीनों जिला बदर अपराधियों पर पुलिस ने एक और केस दर्ज किया है। पुलिस ने गनेशपुर टोला धोबहिया निवासी सलीम, छावनी पुलिस ने मल्लूपुर निवासी पिंटू उर्फ विकाश मिश्रा और दुबौलिया पुलिस ने सिकटीहवा निवासी अशोक कुमार पर गुंडा नियंत्रण अधिनियम की धारा 10 के तहत केस दर्ज किया है। सोमवार रात जिला बदर अपराधियों के सत्यापन में यह तीनों घर पर मौजूद मिले थे। संवाद

# बंदर के हमले में छह घायल

**नगर बाजार (बस्ती)।** नगर थाना क्षेत्र के तिलकपुर समेत आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में बंदर के काटने से छह लोग घायल हो गया। लोहरौली निवासी तालुकदार, मरहा निवासी सनी देओल, तिलकपुर निवासी गेल्ही, गुड्डू मिश्रा अपने घर के पास खड़े थे कि अचानक एक बंदर कहीं से आकर सभी को काटकर घायल कर दिया। घायलों के शोर मचाने पर ग्रामीण जमा हो गये। जिससे बंदर भाग निकला। घायलों ने अपना उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज में कराया। बंदर को लेकर ग्रामीणों व बच्चों में भय व्याप्त हो गया है। लोग स्कूल जाने से डर रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग को इसकी सूचना फोन के माध्यम से दे दी है। संवाद

# डॉक्टर की जांच में सुझाव न देने पर टीम से मांगा स्पष्टीकरण

## सीएमओ ने दोनों एसीएमओ व महिला डॉक्टर से जांच रिपोर्ट में मांगी सलाह

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** जिले के हर्रैया चिकित्सालय में तैनात स्टाफ नर्स के आरोपों की तीन सदस्यीय जांच टीम ने रिपोर्ट दे दी है, मगर इसमें सुझाव न देने के कारण बुधवार को सीएमओ डॉ. आरपी मिश्र ने तीनों जांच अधिकारियों को सुझाव न देने के कारण स्पष्टीकरण तलब किया है। इसके बाद दोनों एसीएमओ व एक महिला डॉक्टर से तत्काल सुझाव देते हुए पत्र भेजने को कहा है।

उल्लेखनीय है कि हर्रैया में तैनात एक स्टॉफ नर्स ने 8 अगस्त को एक

**स्टॉफ नर्स ने 8 अगस्त को एक चिकित्सक पर उनके घर में रहने का दबाव बनाने का आरोप लगाया था**

चिकित्सक पर उनके साथ घर में अकेले रहने के लिए दबाव बनाने का गंभीर आरोप लगाते हुए महानिदेशक स्वास्थ्य व डीएम को शिकायती पत्र दिया था। इस पत्र के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया।

डीएम प्रियंका निरंजन के निर्देश पर सीएमओ ने दो एसीएमओ व एक महिला चिकित्सक की टीम जांच के लिए गठित कर दी। जांच रिपोर्ट एक सप्ताह में देनी थी। नियमानुसार रिपोर्ट तो आ गई, मगर बुधवार को जब रिपोर्ट का लिफाफा खुला तो उसमें रिपोर्ट जांच अधिकारियों के सुझाव के बगैर पाई गई। सीएमओ ने तत्काल जांच अधिकारियों को सुझाव देने के लिए स्पष्टीकरण जारी किया है।

सीएमओ डॉ. आरपी मिश्र ने कहा कि जांच रिपोर्ट मिल गई है। इसमें तीनों जांच अधिकारियों का सुझाव नहीं है। ऐसे में इसे अभी रख लिया गया है। जांच अधिकारियों को स्पष्टीकरण जारी कर उनसे जांच में निष्कर्षों का सुझाव मांगा गया है।

# प्रतियोगिता में बलरामपुर, देवरिया अव्वल

**पुलिस शूटिंग**



विजेता टीम को चल बैजंती प्रदान करते मुख्य अतिथि आईजी रेंज आरके भारद्वाज साथ में एसपी गोपाल कृष्ण भारद्वाज व अन्य पुलिस अधिकारी। • हिन्दुस्तान

**बस्ती, निज संवाददाता।** गोरखपुर जोन की 48वीं अंतरजनपदीय शूटिंग स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के समापन धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि आईजी आरके भारद्वाज ने बुधवार को पुलिस लाइंस में विजेता खिलाड़ियों को स्मृति चिह्न व पुरस्कार से सम्मानित किया।

प्रतियोगिता में 300 मीटर प्रोन पुरुष वर्ग में बलरामपुर के एसआई अनिल दीक्षित को प्रथम, देवरिया के पीटीआई राजनरायन यादव को द्वितीय स्थान और बस्ती के क्षेत्राधिकारी कलवारी विनय चौहान को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। 300 मीटर थ्रीपी पुरुष वर्ग प्रतियोगिता में देवरिया के पीटीआई राजनरायन यादव को प्रथम स्थान, बलरामपुर के एसआई अनिल दीक्षित को द्वितीय, गोरखपुर के आरक्षी अंकित दुबे को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार से सम्मानित करते हुए। आईजी ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलते हुए विजय प्राप्त करने को प्रेरित किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी, एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी व समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, पुलिस कर्मचारी गण रहे।

# गैंगरेप के मामले में अभियुक्त की जमानत अर्जी खारिज

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने गैंगरेप के एक आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। दोनों पक्षों की ओर से की गई बहस को सुनने के बाद न्यायाधीश प्रमोद कुमार गिरी ने आरोपी की जमानत अस्वीकार की है।

मामला नगर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। पीड़ित पक्ष की ओर से एडीजीसी अजय कुमार पाल एवं अधिवक्ता एसएन दुबे ने अदालत को बताया कि घटना तीन अगस्त की है। शाम 7.30 बजे एक कार एजेंसी से ड्यूटी करके पीड़िता अपने घर साइकिल से जा रही थी। जैसे ही कूढ़ापट्टी दरियांव गांव के पास वह पहुंची। सुनसान देखकर घात लगाए बैठे युवक आदित्य पांडेय और मनीष पांडेय निवासी कूढ़ा पट्टी पृथी ने उसे पीछे से पकड़ लिया। उसे साइकिल से गिरा दिया। आरोपी

## तीन अगस्त को ड्यूटी समाप्त कर साइकिल से अपने घर जा रही थी पीड़िता

पीड़िता के साथ अश्लील हरकत करते हुए उसे सड़क से घसीटते हुए खेत में ले गए। विरोध करने पर पीड़िता को मारापीटा गया।

इसके बाद दोनों ने पीड़िता से दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामले का अल्पीकरण कर केस दर्ज कर लिया था। विवेचना के दौरान पीड़िता के मेडिकल परीक्षण व मजिस्ट्रेटियल बयान के आधार पर केस को गैंगरेप में तरमीम किया गया। आरोपी आदित्य पांडेय की ओर से दाखिल जमानत अर्जी की सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने कहा कि पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के अनुसार पीड़िता के शरीर पर 11 चोटें पाई गई हैं। अपराध जघन्य प्रकृति का है। ऐसे में अभियुक्त की जमानत मंजूर नहीं की जा सकती है। उन्होंने जमानत अर्जी खारिज कर दी।

# उपचुनाव : 57 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध मिले

- नाम वापस और चुनाव चिह्न का आवंटन 24 अगस्त को होगा
- मतदान छह सितम्बर व मतगणना आठ सितम्बर की तिथि निर्धारित है

बस्ती, निसं। तीन ग्राम प्रधान, दो क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम पंचायत सदस्य के 46 पदों के सापेक्ष दाखिल 57 उम्मीदवारों ने नामांकन-पत्र वैध मिले।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बुधवार को सभी उम्मीदवारों के नामांकन-पत्रों की जांच हुई। नाम वापस और चुनाव चिह्न का आवंटन 24 अगस्त को होगा। मतदान के लिए छह सितम्बर व मतगणना आठ सितम्बर की तिथि निर्धारित है। परसुरामपुर में ग्राम प्रधान के एक, दुबौलिया में दो के चुनाव होने हैं। विक्रमजोत में चार, हर्रैया में पांच, परसुरामपुर में एक, गौर में चार, दुबौलिया में दो, सल्टौआ गोपालपुर में 11, रामनगर में आठ, रुधौली में छह ग्राम पंचायत सदस्यों का चुनाव होना है। सांऊघाट और कुदरहा में क्षेत्र पंचायत सदस्य के एक-एक पद पर चुनाव होना था। दोनों क्षेत्र पंचायत सदस्यों का नामांकन पत्र वैध पाया गया है।

सल्टौआ संवाद के अनुसार आरओ नीरज सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत बंगरिया में खाली सभी ग्राम पंचायत सदस्य के 11 पदों पर दाखिल नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं। इनमें प्रदीप, जवाहरलाल, केशमती, रिया देवी, रामनवल, लहुरी, रामललित, सुखराजी, रंजना, मोतीलाल व शीला शामिल हें। कुदरहा संवाद के अनुसार ग्राम पंचायत कुदरहा से रिक्त क्षेत्र पंचायत सदस्य के उपचुनाव में दाखिल अहमद रजा का एकमात्र नामांकन पत्र वैध पाया गया। इनका निर्विरोध निर्वाचित होना तय है। ब्लॉक प्रमुख अनिल दुबे, राम प्रकाश यादव, रमेश चौधरी, सहाबुद्दीन, सचिदानंद, रवि पांडेय आदि ने अहमद रजा को बधाई दी

# तीन के खिलाफ रंगदारी का केस दर्ज

बस्ती। दुबौलिया थानाक्षेत्र के ग्राम धरमूपुर में रंगदारी मांगे जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित दिलाप यादव की तहरीर पर गांव के ही मुन्नीलाल, देवव्रत सिंह व शेर मोहम्मद के खिलाफ दुबौलिया पुलिस ने रंगदारी का मुकदमा दर्जकर मामले की छानबीन कर रही है।

# नाबालिग से दुराचार का प्रयास पांच नामजद

बस्ती। कप्तानगंज थानांतर्गत एक गांव में 14 वर्षीया नाबालिग से सामूहिक दुराचार के प्रयास का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता का मां की तहरीर पर बनहरा गांव निवासी दानिश, अमिना, कल्लू, अरशद व अलीरजा के खिलाफ छेड़खानी करने व 7/8 पोक्सो एक्ट के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

# रेस्टोरेंट में शार्ट-सर्किट से लगी आग

बस्ती। शहर के दक्षिण दरवाजा स्थित एक रेस्टोरेंट में शार्ट-सर्किट से मंगलवार की रात आग लग गई। रेस्टोरेंट में लगी आग से अंदर रखा सोफा आदि सामान जल गया। दुकान मालिक महसो निवासी विनय कुमार की सूचना पर फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। प्रभारी एफएसओ के अनुसार रात करीब पौने दस बजे लगी आग में कोई जनहानि नहीं हुई है।

# जानलेवा हमले का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

कप्तानगंज। पैसे के लेन-देन के विवाद में जानलेवा हमले के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू भी पुलिस ने बरामद किया है। थानाध्यक्ष कप्तानगंज रोहित उपाध्याय ने बताया कि घायल युवक साहिल के पिता इब्राहिम की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी थी।

# सीएमओ ने कार्रवाई के लिए मांगी राय

बस्ती। जिले की एक सीएचसी पर तैनात एमओआईसी पर स्टाफ नर्स की ओर से लगाए गए गंभीर आरोपों की जांच रिपोर्ट प्राप्त हो गई है। हालांकि जांच रिपोर्ट में टीम ने कार्रवाई का उल्लेख नहीं किया, ऐसे में अब सीएमओ ने जांच टीम से राय प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया है।

शहर के कटरा मोहल्ले की रहने वाली एक स्टॉफ नर्स ने आठ अगस्त को सीएचसी अधीक्षक पर आरोप लगाया था कि वह मुझे आवास पर रहने के लिए विवश कर रहे हैं। गंभीर आरोप लगाते हुए निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के अलावा डीएम, एसपी व सीएमओ को शिकायती पत्र दिया था। सीएमओ ने दो एसीएमओ व एक महिला चिकित्सक समेत तीन सदस्यीय जांच टीम गठित करते हुए जांच कराई। रिपोर्ट आई, लेकिन टीम की ओर से चिकित्सक पर कार्रवाई के लिए कुछ नहीं लिखा गया है।

# अलग-अलग मारपीट में नौ पर मुकदमा दर्ज

**बस्ती।** अलग-अलग थानाक्षेत्रों में हुई मारपीट की घटनाओं में पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर पर नौ व्यक्तियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का मामला दर्ज किया है। परसरामपुर थानाक्षेत्र के मिश्रौली गांव में आपसी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में मीरा देवी की तहरीर पर रामतेरश, संजय, विनय और तारा देवी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

मारपीट की दूसरी घटना नगर थानाक्षेत्र के बेलाड़ी गांव में गाड़ी चलाने की बात को लेकर तीन ने ड्राइवर की पिटाई कर दी है। इस मामले में पुलिस मो. युनूस की तहरीर पर कोतवाली क्षेत्र के साकेतपुरी निवासी गया प्रसाद पाल और दो अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध नगर पुलिस ने केस दर्ज किया है। मारपीट की तीसरी वारदात रुधौली थानाक्षेत्र के वार्ड-12 गांधीनगर में सामने आई है। मुकामी पुलिस ने संजू की तहरीर पर सरस्वती शर्मा और हिमांशु शर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर घटना की छानबीन शुरु कर दी है।

# गैंगरेप के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**बस्ती।** न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने गैंगरेप के एक आरोपी की जमानत अर्जी को बुधवार को खारिज कर दी। बहस को सुनने के बाद न्यायाधीश प्रमोद गिरी ने जमानत अस्वीकार कर दिया। मामला नगर थानाक्षेत्र के एक गांव का है।

पीड़ित पक्ष की ओर से एडीजीसी अजय पाल और अधिवक्ता एसएन दुबे ने अदालत को बताया कि घटना तीन अगस्त की है। शाम 7.30 बजे पीड़िता घर जा रही थी। नगर थानाक्षेत्र के एक गांव के पास आरोपी आदित्य व मनीष ने पीड़िता को खेत में दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामले का अल्पीकरण कर केस दर्ज कर लिया था। विवेचना के दौरान पीड़िता के मेडिकल परीक्षण व मजिस्ट्रेटियल बयान के आधार पर केस को गैंगरेप में तरमीम किया गया। आरोपी आदित्य की ओर से दाखिल जमानत अर्जी को सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने अभियुक्त की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

# शूटिंग में बलरामपुर के एसआई अनिल दीक्षित प्रथम



विजेता खिलाड़ियोंसे परिचय प्राप्त करते आईजी आरके भारद्वाज।

**बस्ती (एसएनबी)।** बुधवार को पुलिस महानिरीक्षक बस्ती रेन्ज आरके भारद्वाज द्वारा गोरखपुर जोन की 48वीं अन्तर्जनपदीय शूटिंग स्पोर्टस एवं राइफल/ रिवाल्वर/ पिस्टल शूटिंग एवं अलार्म एफिशिएंसी रेस महिला-पुरुष प्रतियोगिता वर्ष 2023 के क्रम में मंगलवार को हुए प्रतियोगिता विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार से सम्मानित किया। प्रतियोगिता में 300 मीटर प्रोन पुरुष वर्ग में जनपद बलरामपुर के उपनिरीक्षक अनिल कुमार दीक्षित को प्रथम स्थान, जनपद देवरिया के पीटीआई राजनरायन यादव को द्वितीय स्थान तथा जनपद बस्ती के क्षेत्राधिकारी कलवारी विनय चौहान को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं 300 मीटर थ्रीपी पुरुष वर्ग प्रतियोगिता में जनपद देवरिया के पीटीआई राजनरायन यादव को प्रथम स्थान, जनपद बलरामपुर के उप निरीक्षक अनिल कुमार दीक्षित को द्वितीय, जनपद गोरखपुर के आरक्षी अंकित दूबे को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार से सम्मानित करते हुए आईजी आरके भारद्वाज ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने अपने सम्बोधन में खिलाड़ियों को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलते हुए विजय प्राप्त करने को प्रेरित किया व अन्य प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए हौसला आफजाई किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी, अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र नाथ, समस्त क्षेत्राधिकारी , थाना प्रभारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बाइक की ठोकर से साइकिल सवार की मौत

**हरैया(एसएनबी)।** महूघाट-अमारी मार्ग पर भदासी गांव के पास एक बाइक ने साइकिल सवार दम्पत्ति को ठोकर मार दिया जिससे दंपत्ति सहित बाइक सवार दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायलों को सीएचसी हरैया पहुंचाया जहां इलाज के दौरान साइकिल सवार युवक की मौत हो गई जबकि बाइक सवार युवक को गम्भीर हालत में जिला अस्पताल बस्ती रेफर कर दिया गया। मृतक की पत्नी व बाइक सवार दूसरे युवक का इलाज वहीं पर चल रहा है। मोटरसाइकिल संख्या यूपी 51 एजेड 3414 से अमारी बाजार निवासी राजकुमार शर्मा पुत्र रामसुरेश उर्फ फोरमैन तथा पेनहा निवासी अजय यादव पुत्र सम्मय प्रसाद यादव जा रहे थे। भदासी गांव के पास मोटरसाइकिल से एक साइकिल में ठोकर लग गई जिससे उसपर सवार उमरिया गोप्तार सिंह निवासी 55 वर्षीय सदल गौड और उनकी पत्नी विद्या देवी सहित मोटरसाइकिल पर सवार दोनों युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने 108 नंबर एम्बुलेंस की मदद से चारों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरैया पहुंचाया। इलाज के दौरान सदल की मौत हो गई और राजकुमार को गम्भीर हालत में जिला अस्पताल बस्ती रेफर कर दिया गया जबकि अजय व विद्या का इलाज वहीं पर चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए बस्ती भेज दिया।

# नाबालिग से छेड़खानी व मारपीट पर केस

**बस्ती (एसएनबी)।** आरोपी द्वारा नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी की गयी। जिसक उलाहना परिजनों द्वारा लेकर जाने पर आरोपी व उसके परिवार वालो ने पिटाई किया तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।कप्तानगंज थाने की पुलिस को लिखित तहरीर देकर एक महिला ने बताया कि उसकी 14 वर्षीय बेटी को गांव के दानिश पुत्र अलीरजा द्वारा गलत नियत से गन्ने के खेत में खींचकर ले गया था। इस बात का जब उसने आरोपी के घर उलाहना लेकर पहुंची तो आरोपी दानिश तथा उसके परिवार वालो ने एकराय होकर उसे मारापीटा तथा गालियां देते हुए घर से भगा दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी दानिश पुत्र अलीरजा, अमिना पत्नी अलीरजा, कल्लू, अरसद पुत्रगण अलीरजा तथा अली रजा पुत्र निवासीगण ग्राम बनहरा थाना कप्तानगंज के विरुद्ध धारा 354, 323, 504, 506 आईपीसी व 7/8 पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पुराने विवाद में मारपीट, दो नामजद

**बस्ती (एसएनबी)।** पुरानी रंजिश की बात को लेकर कुछ लोगो ने एक महिला को मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। रूधौली थानान्तर्गत नगर पंचायत रूधौली के वार्ड नम्बर 12 गांधीनगर निवासिनी संजू को अभियुक्तो ने पुरानी रंजिश की बात को लेकर गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान अभियुक्तो ने संजू के घर पर दीवाल में लगा कैमरा का हैण्डल तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। मामले में पीड़िता संजू पत्नी लालमोहन निवासी रुधौली वार्ड नम्बर 12 गांधीनगर थाना रूधौली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सरस्वती शर्मा पत्नी नरेन्द्र शर्मा , हिमांशु शर्मा पुत्र नरेन्द्र शर्मा निवासीगण ग्राम रुधौली वार्ड नम्बर 12 गांधीनगर थाना रूधौली के विरुद्ध धारा 323, 504, 506, 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# गाड़ी चलाने के विवाद में मारपीट, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** गाड़ी चलाने की बात को लेकर युवक को अभियुक्तों ने मारापीटा व जानमाल की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। नगर थानान्तर्गत बेलाड़ी गांव स्थित गाड़ी चलाने की बात को लेकर मोहम्मद युनुस को अभियुक्त गया प्रसाद पाल तथा दो अज्ञात लोगो ने मिलकर गालियां देते हुए मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित मोहम्मद युनुस पुत्र मोहम्मद कासिम खान निवासी राज मैदान डफाली पुरवा ,थाना पुरानी बस्ती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी गया प्रसाद पाल पुत्र इन्द्रसेन बहादुर पाल निवासी मुहल्ला साकेतपुरी ब्राम्हण महासभा के पीछे थाना कोतवाली तथा दो अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पुरानी रंजिश में चाकू से हमला, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** पुरानी रंजिश की बात को लेकर कुछ लोगो ने एक युवक के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की नियत से चाकू से हमला किया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। कप्तानगंज थानान्तर्गत मदनपुरा गांव में पुरानी रंजिश की बात को लेकर गांव के ही कुछ लोगोंने मोहम्मद इब्राहिम को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की नियत से उसपर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। मामले में पीड़ित मोहम्मद इब्राहिम पुत्र मैनुल्लाह ग्राम मदनपुरा थाना कप्तानगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रिजाज पुत्र बुनियाद, बुनियाद पुत्र तजमुल्ल निवासीगण मदनपुरा थाना कप्तानगंज के विरुद्ध धारा 323, 504, 506, 307 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# साइड को लेकर रोडवेज -परिचालक से विवाद

**बस्ती (एसएनबी)।** बस ड्राइवर से साइड मांग रहे कार चालक ने नाराज होकर रिवाल्वर तान दिया, जिसके बचाव में उतरे कंडक्टर पर भी यही गलती दोहरा दिया और जान से मारने की धमकी देने लगा। इस घटना के बाद रोडवेज कर्मियों में हड़कंप मच गया है। कंडक्टर ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग किया है।रोडवेज कर्मियों व तहरीर के मुताबिक कंडक्टर इंद्रदेव सिंह बस लेकर अयोध्या से बस्ती शहर के मालवीय रोड से बस स्टेशन जा रहे थे। इसी बीच नवयुग अस्पताल के पास एक कार सवार साइड मांगने लगा। भीड़ की वजह से साइड न मिलने पर नाराज कार सवार ड्राइवर से गाली गलौज करने लगा और रिवाल्वर तान दिया। ड्राइवर के बचाव में उतरे कंडक्टर से भी वह विवाद करने लगा और जान से मारने की धमकी देने लगा। मौजूद कुछ लोगों के बनाए वीडियो क्लिप व फोटोज के आधार पर कंडक्टर ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है।

# पुलिस ने जांच कर लोगों से की पूछताछ

**बस्ती (एसएनबी)।** लालगंज थाना क्षेत्र के कुदरहा और कल्याणपुर में हुई चोरी



की घटना पर लालगंज पुलिस और फोरेन्सिक टीम पहुंचकर पीड़ितों से पूछताछ कर साक्ष्य इकट्ठा किया। कुदरहा क्षेत्र में सेंध काटकर चोरी की घटना से सनसनी फैल गया था। मंगलवार को घटनास्थल पर पहुंचकर फोरेन्सिक टीम मंजीत कुमार और अजय चौरसिया ने पूछताछ कर साक्ष्य इकट्ठा किया। बीते गुरुवार को आर आर जी पूर्व माध्यमिक विद्यालय में हुयी चोरी के संबंध में प्रबंधक राम सुरेश यादव से पूछताछ किया। पूछताछ में पता चला कि कई महीने पहले गोदरेज आलमारी की चाबी खो गई थी। इसलिए अलमारी का ताला तोड़ दिया गया था। प्रबंधक राम सुरेश यादव ने गुरुवार की रात में अलमारी का ताला तोड़कर 25 हजार रुपए का चोरी की शिकायती पत्र पुलिस चौकी कुदरहा पर दिया था। फोरेन्सिक टीम की पूछताछ में 25 हजार रुपए गायब होने का साक्ष्य प्रबंधक नहीं दे सके। वहीं रविवार रात को चकिया के खलवा पुरवा निवासी शिवपूजन उर्फ गोली से पुलिस पूछताछ में गोली ने बताया कि पड़ोस के एक व्यक्ति को फसाने के चक्कर में चोरी की घटना की पुलिस में सूचना दिया था। दोनों व्यक्तियों से पुलिस ने माफीनामा लिखवा कर छोड़ दिया।वही कल्याणपुर में पीड़ित शोहरत के घर पहुंच कर सेंध कटने के बारे में पूछताछ कर फरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाया। दो चोरी की घटनाओं में पीड़ित पुलिस को माफी नामा लिखकर दे दिए जबकि तीसरे चोरी की घटना में लालगंज पुलिस अभी तक कोई खुलासा नही कर पाई है। चौकी इंचार्ज कुदरहा अरविंद यादव ने बताया कि टीम ने चोरी की तीनों घटनाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। पूछताछ में चोरी की दो घटना फर्जी पाई गई। दोनों लोगों ने पुलिस को माफीनामा दिया है।

# आपसी विवाद में मारपीट, एफआईआर

**बस्ती (एसएनबी)।** आपसी विवाद की बात को लेकर महिला को अभियुक्तो ने मारापीटा व जानमाल की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। परसरामुपर थानान्तर्गत मिश्रौली गांव में आपसी विवाद की बात को लेकर मीरा देवी को गांव के कुछ लोगो द्वारा एकराय होकर गालियां दी जा रही थी। जिन्हे ऐसा करने से रोका गया तो मीरा की पिटाई कर दी तथा जान से मारने की धमकी दिया। मामले में पीड़िता मीरा देवी पत्नी राम किशन निवासी मिश्रौली थाना परसरामपुर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रामतेरश पुत्र रामनेवाश, संजय, विनय पुत्रगण रामप्रकाश व तारा देवी पत्नी रामप्रकाश निवासीगण मिश्रौली थाना परसरामपुर के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# धमकी देकर मांगी फिरौती, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** कुछ लोगों ने एक व्यक्ति को धमकी देते हुए उससे धन की मांग किया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। दुबौलिया थानान्तर्गत धर्मूपुर गांव निवासी दिलीप कुमार पुत्र झिनकान यादव ने न्यायालय में अर्जी लगाते हुए यह बताया कि उसे मुन्नीलाल, देवब्रत व शेर मोहम्मद द्वारा क्षति करने के आशय का भय दिखाकर धन की मांग की जा रही है। जिसपर न्यायालय ने संज्ञान में लेते हुए कार्यवाही हेतु दुबौलिया थाने की पुलिस को आदेशित किया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी मुन्नीलाल पुत्र रामफेर, देवव्रत सिंह पुत्र विश्वनाथ, शेर मोहम्मद पुत्र उस्मान निवासीगण धर्मुपुर थाना दुबौलिया के विरुद्ध धारा 384 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-24-08-2023

# आठ उपनिरीक्षकों को मिली थाने में तैनाती

जासं, सिद्धार्थनगर: एसपी अभिषेक कुमार ने बुधवार को आठ उपनिरीक्षकों का स्थानांतरण किया है। एसपी आफिस के फीडबैक सेंटर में तैनात उपनिरीक्षक रामजी को कोतवाली बांसी, मानिटरिंग सेल से मार्कण्डेय पांडेय को थाना इटवा, वाचक एसपी आफिस संजय त्रिपाठी त्रिलोकपुर आदि को तैनाती दी गई है।

# महिला पुलिस ने दो परिवार बिखरने से बचाया

सिद्धार्थनगर। महिला थाने पर बुधवार को नई किरण में दो परिवार बिखरने से बचाए गए। नई किरण में छह मामले आए थे। इसमें से दो में सुलह समझौते के आधार पर परिवार को संग रहने को राजी कर लिया। इसमें सदर थाना क्षेत्र के सरोजनीनगर निवासी गौसिया पत्नी जाकिर हुसैन व कुशीनगर जिले की पडरौना थाना क्षेत्र के गुलेलहा निवासी सविता पत्नी नीरज मलिक संग रहने को राजी हुए हैं।

# 10 उपनिरीक्षकों का कार्यक्षेत्र बदला

सिद्धार्थनगर। कानून व्यवस्था का बेहतर बनाने के लिए 10 उपनिरीक्षकों को इधर से उधर किया गया है। इसमें बड़ी पेशी में तैनात संजय तिवारी को त्रिलोकपुर थाना, रामजी मिश्र को बांसी, मार्कंडेय पांडेय को इटवा, जयप्रकाश राव को पथरा बाजार, घनश्याम सिंह को कठेला समय माता, तीर्थराज कनौजिया को पथरा बाजार, रामप्रवेश द्विवेदी को मिश्रौलिया और राजकुमार यादव को लोटन कोतवाली में भेजा गया। एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल ने बताया कि कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के मद्देनजर यह फेरबदल किया गया है। संवाद

# एनडीपीएस एक्ट के आरोपित को छह माह की सजा

जासं, सिद्धार्थनगर : न्यायिक मजिस्ट्रेट अंकिता चौधरी ने मादक द्रव्य निषेध अधिनियम के आरोप में न्यायालय ने एक आरोपित को छह माह की सजा सुनाई है।

साथ ही एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। आरोपित का नाम विनोद पासवान है। वह नेपाल के नेपाल के कपिलवस्तु जिला के थाना चाकरचौड़ा ग्राम सिसवा का रहने वाला है। आरोपित को कपिलवस्तु कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया था। कपिलवस्तु पुलिस के मुताबिक सजा दिलाने में सहायक अभियोजन अधिकारी सुरेन्द्र प्रसाद व न्यायालय के पैरोकार उप निरीक्षक सुभाष चन्द्र वर्मा का योगदान सराहनीय है।

# जामताड़ा नहीं, अब मेवात बना साइबर ठगों का केंद्र

**साइबर अपराध : ठगी के मामले सामने आने के बाद जांच में जुटी साइबर सेल की टीम तो नया गैंग और उनका ठिकाना आया सामने**

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। अगर आप साइबर ठगी के शिकार हो गए हैं तो कॉल करने वाले की आवाज को अनसुना न करें। उसकी आवाज को दिमाग में बैठा लें। क्योंकि बात करने के उसके तौर-तरीकों से साइबर सेल की टीम यह तत्काल जान जाएगी कि किस गैंग ने आपसे ठगी की है। कारण झारखंड राज्य का जामताड़ा भले ही साइबर ठगी के लिए कुख्यात है और इस पर वेब सीरीज और बन चुकी है।

लेकिन, इससे आगे राजस्थान का मेवात निकल रहा है। राजस्थान और हरियाणा के बार्डर पर स्थित इस जनपद की पहचान साइबर ठगी की दुनिया में तेजी से बढ़ रही है। साइबर सेल ने ठगी के मामलों की जांच शुरू की तो कड़ी मेवात के ठगों से जुड़ गई। इनसे ठगी के रुपये भी वापस कराए जा चुके हैं।

यह गिरोह यूपी के लोगों को अधिक शिकार बना रहा है। बात करने का इनका तौर-तरीका भी अलग है। ऐसा साइबर एक्सपर्ट का कहना है कि अगर आप साइबर ठगी का शिकार हो गए हैं तो ठगों की आवाज को न भूलें। इससे आपका धन वापस मिल सकता है।

**कैसे पहचाने आवाज, किस गैंग ने बनाया शिकार :** साइबर के जानकारी के मुताबिक, झारखंड का जामताड़ा का गिरोह साइबर ठगी करता था। लेकिन, अब मेवात राजस्थान का गैंग लोगों को शिकार बना रहा है। ठगी के मामलों की जांच शुरू हुई तो इन गिरोह के बारे में जानकारी हुई। लेकिन, दोनों राज्यों के गैंग की भाषा में अंतर है। अगर कोई ठगी का शिकार हो रहा है तो वह ध्यान दे कि कॉल करने वाला किस प्रकार से बात कर रहा था और उसकी आवाज कैसी थी। यह जानकारी मिलने से जांच में आसानी होती है। साइबर ठगी से बचने के लिए जागरूकता जरूरी है। -अतुल कुमार चौबे, साइबर एक्सपर्ट, साइबर सेल, सिद्धार्थनगर

### रोजगार के नाम पर बनाया शिकार

चौमाहा क्षेत्र के एक युवक को कंपनी में नौकरी दिलाने के लिए कॉल आई। बात करने पर उसे ऑफर दिया कि इतने रुपये प्रति माह की नौकरी पक्की। सब कागजात भेज दो। उसने कागजात भेजा, फिर रुपये की डिमांड करने लगे। तीन बार में उसने 27 हजार रुपये बैंक खाते में भेज दिया। तीन दिन इंतजार के बाद जब कुछ नहीं हुआ तो उसे लगा कि ठगी का शिकार हो गया। इसके बाद उसने साइबर सेल के नंबर पर शिकायत की। जांच शुरू हुई तो पता चला कि मेवात का गैंग है। इसके बाद टीम ने होल्ड कराके पूरे 27 हजार रुपये उसके बैंक खाते में वापस करा दिए।

### इस गिरोह से की गई रिकवरी

बांसी कस्बे के एक युवक को फेसबुक पर गेम के जरिए इस गैंग ने फंसा लिया। गेम जीतने पर रुपये का लालच दिया। एक बार इसके पास रुपये भेजा भी। जब फंस लिया तो पांच-पांच हजार रुपये करके कई बार में डेढ़ लाख रुपये की ठगी कर ली। जानकारी हुई तो तत्काल साइबर सेल में शिकायत की। युवक के खाते के हिसाब से टीम ने काम शुरू किया और एक माह के भीतर पूरी रकम खाते में वापस कराने में कामयाब रही।

साइबर ठगी से लोग बच सकें, इसके लिए पुलिस टीम लोगों को जागरूक कर रही है। विद्यालय में जाकर और अन्य माध्यम से साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया जा रहा है। साइबर अपराध के मामले में साइबर सेल की टीम ठगी के रुपये वापस भी करा रही है। -अभिषेक कुमार अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक

गिरोह एटीएम कार्ड, डेबिट कार्ड एक्सपायर होने, नया कार्ड बनाने, बैंक अधिकारी बनकर कॉल करने, लॉटरी लगने, कारोबार दिलाने के नाम पर ठगी करता है। इनकी बोली बिहार से मिली-जुली हिंदी और बोली होती है। इससे सामने वाले को लगता है कि कोई अपने क्षेत्र का अधिकारी है। इसके बाद वह आपको अपने जाल में फंसा लेगा।

### खड़ी बोली और आवाज में भारीपन तो मेवात का गैंग

मेवात वाला गैंग ऑनलाइन, फेसबुक आईडी को हैक कर लेना, वीडियो कॉलिंग करना। रोजगार का लालच देना, ई-केवाईसी, बैंक लोन, नई तकनीक से होने वाली ठगी करता है। यह गैंग दिल्ली, मुरादाबाद, कोसी जैसी बोली बोलता है। अगर कॉल करने वाला तेज आवाज में बात कर रहा है। उसके मुंह से अक्सर 'तुम' निकल रहा है तो समझिए यह राजस्थान के मेवात का गिरोह है।

SBI
खुशहाली का द्वार खोलिए
आसान होम लोन प्रक्रिया के साथ
अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9595086086 पर मिस्ड कॉल करें
होम लोन 8.50% से शुरू

GLA UNIVERSITY
25 Years

# थानों पर तैनात किए गए आठ एसआई

सिद्धार्थनगर। एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल ने अलग-अलग थानों पर बुधवार को आठ एसआई को तैनाती दी है। एसआई रामजी मिश्र को फीड बैक सेंटर से थाना बांसी, मार्कंडेय पांडेय को मानीटरिंग सेल से थाना इटवा, संजय कुमार त्रिपाठी को वाचक एसपी कार्यालय से थाना त्रिलोकपुर, जय प्रकाश राव को एएचटीयू से थाना पथरा, एसआई घनश्याम सिंह को प्रभारी आपरेशन कवच से थाना कठेला समय माता में तैनात किया गया है।

# पुलिस ने रात में खटखटाया हिस्ट्रीशीटरों का दरवाजा

संवाद न्यूज एजेंसी

## विशेष अभियान के तहत 20 थानों की पुलिस ने ली चिह्नित हिस्ट्रीशीटरों की गतिविधियों की जानकारी

सिद्धार्थनगर। अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए मंगलवार रात विशेष चेकिंग अभियान चलाकर हिस्ट्रीशीटरों की गतिविधियों की जानकारी ली।

थानाध्यक्ष क्षेत्र के चिह्नित हिस्ट्रीशीटर के घर पहुंचे। उनका दरवाजा खटखटाकर जगाया। उनकी गतिविधि के बारे में जानकारी ली। रजिस्टर में नोट किया और फिर थाने लौट आए। रात में पुलिस के पहुंचने से लोग सकते में आ गए थे।

अपराध रोकने के लिए पुलिस तमाम कवायद कर रही है। बदमाशों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मंगलवार रात थाने के हिस्ट्रीशीटरों के क्रियाकलापों की जानकारी लेने के लिए चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें थानाध्यक्ष स्वयं मौके पर पहुंचे। दरवाजा खटखटाकर हिस्ट्रीशीटरों को जगाया। उनके बारे में तहकीकात की। उनकी बताई गतिविधियों को डायरी में नोट किया।

इसके बाद उनका फोटो लेकर पुलिस वहां से लौट गई। सदर कोतवाल सतीश कुमार सिंह, एसओ लोटन चंदन कुमार, एसओ मोहाना जीवन तिवारी, एसओ शोहरतगढ़ पंकज कुमार पांडेय, एसओ शिवनगर डिड़ई राजेश कुमार शुक्ल, एसओ खेसरहा शशांक कुमार सिंह सहित सभी थानाध्यक्षों ने एसपी को चेकिंग रिपोर्ट सौंप दी।

इस संबंध में एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल ने बताया कि विशेष चेकिंग अभियान चलाकर हिस्ट्रीशीटरों की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली गई है।

कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष ने दिए निर्देश

# बच्चों की तस्करी रोकने को करें प्रभावी कार्रवाई

**बैठक**

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। नेपाल सीमा से सटे इस जिले में बच्चों की तस्करी रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए। इस कार्य में लगी सुरक्षा एजेंसियां और विभाग के जिम्मेदार सतर्कता बरतें। स्कूल के आसपास नशीले पदार्थ, धूम्रपान की दुकानें संचालित न होने के साथ ही दुकान पर नाबालिग बच्चों से कार्य न लें, छापेमारी की कार्रवाई करें। ये निर्देश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र शर्मा ने बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में दिए।

उन्होंने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना व बाल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को सभी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक और बीएसए को निर्देश दिया कि स्कूल के सौ मीटर के आसपास नशीले पदार्थ, धूम्रपान आदि की दुकानें संचालित न हों। उन्होंने कहा कि जनपद सिद्धार्थनगर नेपाल बॉर्डर से सटा है। इससे बच्चों की तस्करी रोकने की प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित किया जाए।

सहायक श्रमायुक्त सुमन सिंह को निर्देश दिया कि किसी भी दुकान पर नाबालिग बच्चों की ओर से कार्य न लिया जाए। इसके तहत छापेमारी की कार्रवाई करें। इस अवसर पर डीएम संजीव रंजन, सीएमओ डॉ. बीके अग्रवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक उपेंद्र कुमार, बीएसए देवेंद्र पांडेय आदि शामिल रहे।



कलक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक को बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र शर्मा ने संबोधित किया।



जिला अस्पताल के पीआईसीयू वार्ड के बाहर बैठे तीमारदार से जानकारी लेते राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र शर्मा। • हिन्दुस्तान

- स्कूल के आसपास नशीले पदार्थ, धूम्रपान की दुकानें न हों संचालित
- दुकान पर नाबालिग बच्चों से कार्य न लें, छापेमारी की करें कार्रवाई

# पकड़ी में ग्राम समाज की भूमि पर बना था घर, चला बुलडोजर

सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ के पकड़ी गांव के टोला लालपुर में बुधवार को ग्राम समाज की जमीन पर बने मकान पर तहसील प्रशासन ने एसडीएम के नेतृत्व में बुलडोजर से गिरवा दिया। ग्राम समाज की जमीन पर सात लोग मिलकर व्यावसायिक कॉम्पेक्ट का निर्माण करा रहे थे। ग्रामीणों की शिकायत पर अवैध निर्माण गिरवाया गया। एसडीएम प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि ग्राम पंचायत पकड़ी के टोला लालपुर गांव के बभनी से होल्लापुर जाने वाले मार्ग के किनारे ग्राम समाज की जमीन है। 1996 में गांव घुरूहु के नाम से ग्राम समाज की जमीन पर नौ मंडी जमीन पट्टा हुआ था। हाईकोर्ट के आदेश पर 2010 में पट्टे को खारिज कर दिया। पट्टा खारिज होने से पहले ही पट्टेधारी ने ग्राम पंचायत सिरसिया निवासी विमलावती, सुभावती, उमेश, अखिलेश, राम प्यारी, अवधराजी के नाम बैनामा कर दिया। उसके बाद बैनामाधारी धीरे-धीरे मकान का निर्माण कराकर रहे थे। शिकायत पर 28 जुलाई को निर्देशित किया गया था कि अवैध निर्माण न करें, नहीं तो मकान को गिरा दिया जाएगा। बुधवार को पुलिस प्रशासन के साथ पहुंचकर मकान को जेसीबी से गिरा दिया गया। इस दौरान तहसीलदार अजय कुमार, थानाध्यक्ष पंकज पांडेय मौजूद रहे। संवाद

# SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः-24-08-2023

# यातायात नियम तोड़ने पर कार्रवाई

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने वाहन जांच के दौरान यातायात नियम तोड़ने वाले वाहनों को पकड़कर जुर्माने की कार्रवाई की। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की धर पकड़ के लिए गहनता से जांच पड़ताल की। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई की।

# 26 साल बाद गैंगस्टर के दो आरोपी दोषमुक्त

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। गैंगस्टर एक्ट के दो आरोपियों को एडीजे फास्ट ट्रैक द्वितीय एवं विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट काशिफ शेख की कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करने का फैसला सुनाया।

आरोपी इन्द्रजीत एवं राम पलट पर गैंग बनाकर हत्या, लूट एवं चोरी की घटना के माध्यम से आर्थिक लाभ उपार्जित करने एवं क्षेत्रों में आतंक का वातावरण स्थापित करने का आरोप लगाया गया था। इन आरोपियों पर 1997 में गैंगस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत हुआ था। बचाव पक्ष के अधिवक्ता सुभद्रनाथ राय ने बताया कि आरोपितों के विरुद्ध तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद नरेंद्र प्रसाद सिंह ने गैंगस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत कराया था। वादी का आरोप था कि 9 नवम्बर 1997 को अभिलेखों का अवलोकन किया।

इसी दौरान ज्ञात हुआ कि इन्द्रजीत पुत्र बुद्धू निवासी पटखौली एवं राम पलट पुत्र भागीरथी निवासी ग्राम गौरापार थाना कोतवाली खलीलाबाद का एक संगठित गिरोह है। इस गैंग का लीडर इन्द्रजीत है। यह गैंग आर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिए हत्या, हत्या के प्रयास, लूट एवं चोरी की घटना करते हैं। इनके आतंक के कारण इनके विरुद्ध कोई भी व्यक्ति अभियोग पंजीकृत कराने एवं साक्ष्य देने से का साहस नहीं करता। प्रार्थना पत्र के आधार पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत हुआ। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता सुभद्रनाथ राय ने कहा कि प्रकरण में वादी मुकदमा का साक्ष्य नहीं कराया गया है। आरोपियों के विरुद्ध को आरोप सिद्ध नहीं होता है। एडीजे फास्ट ट्रैक द्वितीय एवं विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट काशिफ शेख की कोर्ट ने पक्षों की बहस सुनने एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के पश्चात आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया।

# चार लोगों पर एससीएसटी का केस दर्ज

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर चार लोगों के विरुद्ध एससीएसटी मामले में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित पिन्टू पुत्र साहेब लाल निवासी अनई ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि 22 अगस्त को जेल चौकी खलीलाबाद के समाने पुराने झगड़े की रंजिश को लेकर रणवीर पुत्र झिनकू सिंह, अलोक एवं अमन पुत्र पिन्टू सिंह व गोलू पुत्र मुन्नू गौंड निवासी उपरोक्त ने उनके रिश्तेदारों को गाली देते हुए मारना पीटना शुरू कर दिया।

# हत्यारोपी पुत्र की जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त की

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। मां के हत्यारोपी पुत्र का जमानत प्रार्थना पत्र जनपद एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा प्रथम की कोर्ट ने निरस्त कर दिया। आरोपी पुत्र अशोक पर अपनी मां की बसुली से हत्या करने का आरोप लगाया गया है।

प्रकरण जिले के कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम छाछापार का है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में मृतका तीजा देवी के बेटे अशोक पुत्र गंगा प्रसाद ने अभियोग पंजीकृत कराया था। आरोपी पुत्र अशोक का कथन था कि उसकी मां तीजा देवी 70 वर्ष दूसरे मकान पर रहती थी और वह परिवार सहित दूसरे मकान पर रहता है। दोनों मकान के बीच लगभग 50 मीटर की दूरी है। दिनांक 2 मई 2023 को प्रातः साढ़े सात बजे तक उसकी मां तीजा देवी घर से बाहर नहीं निकली। मां को घर से बाहर निकलने के लिए आवाज दिया। चैनल गेट के ऊपर अंदर रखी गई चाभी को किसी तरह से निकालकर उसने गेट खोला तो देखा कि उसकी मां कमरे में चारपाई से नीचे गिरी हुई हैं और खून से लथपथ थीं। जब वह मां को देखा तो वह मर चुकी थी। किसी ने उसकी मां की हत्या कर दिया है। पुलिस ने मामले अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया।

# भाजपा के दो नेताओं में मारपीट की होती रही चर्चा

धनघटा। धनघटा थाना क्षेत्र के हैंसर चौराहे पर पर मंगलवार की रात मंडल स्तरीय दो भाजपा नेताओं में मारपीट हो गई। बुधवार को पूरे दिन इसकी चर्चा होती रही। लोग कहते रहे अनुशासनात्मक पार्टी होने का दावा करने वाले दल के पदाधिकारी स्वयं अनुशासन तोड़ रहे हैं। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष व थानाध्यक्ष ने मारपीट की जानकारी से इनकार किया है।

थाना क्षेत्र के हैंसर चौराहे पर मंगलवार की रात मंडल स्तरीय भाजपा के दो नेता किसी बात को लेकर आपस में भिड़ गए। दोनों नेताओं में जमकर मारपीट हुई। शोर होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचकर बचाव किया। दोनों लोग एक दूसरे को मारने पीटने पर आतुर रहे। इस बात की चर्चा बुधवार को पूरे दिन चौराहों पर होती रही। इस संबंध में पूछने पर भाजपा ज़िला अध्यक्ष जगदंबा लाल श्रीवास्तव ने बताया कि भाजपा नेताओं में मारपीट होने की जानकारी नहीं है। पता किया जाएगा। अगर नेताओं ने आपस में मारपीट की है तो यह बहुत ही घृणित कार्य है।

# सात वारंटियों को पुलिस ने भेजा जेल

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने सात वारंटियों को गिरफ्तारकर कानूनी कार्रवाई करने के बाद जेल भेज दिया। जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त गुलाब पुत्र कैलाश निवासी मोहनलालपुर, सुदर्शन पुत्र घुरहू निवासी दरुआमाफी को गिरफ्तार किया।


# 24 पुड़िया स्मैक के साथ एक को दबोचा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने 24 पुड़िया स्मैक के साथ एक आरोपित को दबोचकर उसके विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की। थानाध्यक्ष बखिरा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने दिनांक 23 अगस्त को क्षेत्र भ्रमण व संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग के दौरान मेड़रापार गांव प्राइमरी स्कूल के पास से आरोपित अभियुक्त धर्मेन्द्र गिरी पुत्र फूलचन्द निवासी ठठेरा मोहल्ला कस्बा बखिरा को 24 पुड़िया स्मैक के साथ गिरफ्तार किया।

# बाइक चालक के विरूद्ध गैर इरादतन हत्या का केस

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थानान्तर्गत नेतवापुर चौराहे पर बीते रविवार की देर रात बाइक की ठोकर से घायल होने के बाद इलाज के लिए लेकर जाने के दौरान धनघटा थाना क्षेत्र के चपरापूर्वी गांव निवासी महिला की हुई मौत की घटना में मृतका के पति की तहरीर पर बुधवार को धनघटा पुलिस ने दुर्घटना में शामिल बाइक चालक के विरूद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। दुर्घटना के सम्बन्ध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के चपरापूर्वी गांव निवासी कपिलदेव पुत्र रामनाथ ने बताया है कि बीते 20 अगस्त रविवार की देर रात उसकी पत्नी सानिका देवी जरूरी कार्य से नेतवापुर चौराहे से होते हुए घर जा रही थी। नेतवापुर चाराहे के समीप पत्नी पहुंची थी कि उसी बीच बाइक नम्बर यूपी 58 ए सी 9395 का चालक नाम-पता अज्ञात तेज रफ्तार से पहुंचा और पत्नी सानिका देवी को जोरदार ठोकर मारकर बुरी तरह से घायल करने के बाद बाइक समेत मौके से फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना पर पहुंचे परिजन पत्नी को इलाज के लिए लेकर अस्पताल जा रहे थे कि रास्ते में ही पत्नी की मौत हो गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दुर्घटना में शामिल उक्त बाइक नम्बर यूपी 58 ए सी 9395 के चालक नाम-पता अज्ञात के खिलाफ आईपीसी की धारा 304 ए के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि जल्द ही दुर्घटना में शामिल बाइक समेत उसके चालक को चिन्हित कर गिरफ्त में ले लिया जाएगा और कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत ग्राम प्रधान सम्मानित



**धनघटा (एसएनबी)।** पुलिस कप्तान के निर्देश में थाना प्रभारी महुली के पहल पर धनघटा तहसील क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत झिंगुरापार के प्रधान फ़िरोज खान उर्फ चुन्नू द्वारा पंचायत भवन पर सी.सी.टी.वी.कैमरा लगवाया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में बढ रहे अपराध की दृष्टिगत पुलिस कप्तान सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा आपरेशन त्रिनेत्र अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थलों पर जनसहयोग के माध्यम से सीसीटीवी कैमरा लगवाने का काम किया जा रहा है।

इसी क्रम में बुधवार को थाना प्रभारी महुली भगवान सिंह के नेतृत्व में ग्राम पंचायत झिंगुरापार में ग्राम प्रधान ने सी.सी.टी.वी.कैमरा लगवाने का काम किया। थाना प्रभारी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ रही छेड़छाड़ व अन्य अपराधिक घटनाओं के रोक-थाम में सी.सी.टी.वी. लग जाने से काफी सहयोग मिलेगा। ग्राम प्रधान के इस कार्य से अभिभूत होकर थाना प्रभारी महुली ने फूल-मालाओं से स्वागत भी किया। इस मौके पर मास्टर रामभवन, इलियास, जयसिंह, नईमुल्लाह, मंसूर खान आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# मां-बेटी की पिटाई के आरोप में चार नामजद

नाथनगर (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के मजगांवा गांव में बुधवार को मामूली विवाद में मां-बेटी की पिटाई कर कुछ लोगों ने बुरी तरह घायल कर दिया। घटना को लेकर घायल मां की तहरीर पर पुलिस ने चार हमलावरों के विरूद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घायल मां-बेटी को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए सीएचसी नाथनगर भेज दिया है। घटना के संबंध में थाना क्षेत्र के मजगांवा गांव निवासी पार्वती देवी पत्नी पूर्णमासी ने बताया कि बुधवार को दोपहर में गांव निवासी विपक्षी सुरेन्द्र पुत्र रामसोपारे, रामसोपारे पुत्र कल्पू, मन्जू पुत्र रामसोपारे तथा निशा पुत्री अज्ञात उसकी बेटी संगीता को भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। बेटी ने गाली देने का विरोध किया तो उक्त सभी बेटी को जान से मारने की धमकी देते हुए उसके उपर हमला कर दिया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचकर जब उसने बेटी का बचाव करने की कोशिश की तो उक्त हमलावर बेटी के साथ-साथ उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने उक्त चारो हमलावरों के विरूद्ध आईपीसी की धारा 323,504,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक महुली भगवान सिंह ने बताया कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# दलित परिवार की पिटाई, चार नामजद

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के घोरांग गांव में मंगलवार की देर शाम दलित परिवार के घर में घुसकर मां-बेटे की पिटाई करने के आरोप में बुधवार को धनघटा पुलिस ने चार नामजद समेत पांच अज्ञात के विरूद्ध बलवा, घर में घुसकर मारपीट करने और एससी-एसटी के तहत मुकदमा दर्ज कर घायल मां-बेटे को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए सीएचसी हैंसर बाजार भेज दिया है। घटना के सम्बन्ध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के घोरांग गांव निवासी दलित इन्द्रजीत पुत्र रामू ने बताया कि मंगलवार की देर शाम पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी गांव निवासी मदनचन्द पुत्र त्रिभुवन, विपुल व राहुल पुत्रगण मदनचन्द व अजय पुत्र अज्ञात समेत पांच अन्य अज्ञात व्यक्ति लाठी डण्डा लेकर उसके दरवाजे पर चढ़ गए और दरवाजे पर मौजूद उसके भाई को भद्दी-भद्दी जातिसूचक गाली देने लगे। भाई द्वारा गाली देने का विरोध करने पर उक्त सभी ने जान से मारने की धमकी देते हुए उसके उपर हमला कर दिया तो भाई जान बचाने के लिए घर के भीतर भागकर छिपने लगा तो हमलावर घर में घुसकर भाई को मारने-पीटने लगे। शोर सुनकर पहुंची उसकी मां ने भाई का बचाव करने की कोशिश की तो उक्त हमलावर भाई के साथ साथ मां को भी मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मदनचन्द, विपुल, राहुल व अजय समेत पाच अन्य अज्ञात हमलावरों के खिलाफ आईपीसी की धारा 147, 323, 452, 504, 506 तथा 3(1) (द) तथा 3(1) (ध) एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। सीओ धनघटा वृजेश सिंह ने बताया कि जांच में दोषी पाए जाने पर सभी हमलावरों को गिरफ्त में लेकर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# प्राण घातक हमला करने के आरोप में चार नामजद

नाथनगर (एसएनबी)। महुली थानान्तर्गत स्थानीय महुली खास निवासी एक युवक के उपर जमीनी विवाद को लेकर बीते दिनों रात में सोने के दौरान लाठी-डंडे और ईंटों से प्राण घातक हमला करने के आरोप में महुली पुलिस ने बुधवार को चार हमलावरों के विरूद्ध मारपीट की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घायल को पुलिस अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी नाथनगर भेज दिया है। पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के महुली खास गांव निवासी फेकू पुत्र नन्दू ने बताया कि एक जमीन के बैनामे को लेकर पट्टीदार से रंजिश चल रही है। बीते 18 अगस्त की रात वह भोजन करके सो रहा था। उसी दौरान रात करीब 10.30 बजे सगे पट्टीदार नन्दू पुत्र श्यामलाल, रंगी पुत्र दुर्वली, राकेश पुत्र नन्दू तथा सवित्रा पत्नी राकेश उसके उपर लाठी-डंडा और ईंट से प्राण घातक हमला कर दिए और उसे मृत समझ कर मौके से फरार हो गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने उक्त चारो के विरूद्ध आईपीसी की धारा 308, 323 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक महुली भगवान सिंह ने बताया कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# एसपी ने शस्त्रों एवं कारतूसों का मिलान किया

संतकबीरनगर(एसएनबी)। रिजर्व पुलिस लाइन स्थित शस्त्रागार का पुलिस



अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने औचक निरीक्षण किया। एसपी ने शस्त्रों के रख-रखाव एवं साफ-सफाई करने सहित शस्त्रों और कारस्तूसों की संख्या का मिलान किया। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि रिजर्व पुलिस लाइन स्थित शस्त्रागार का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें सर्वप्रथम क्वार्टर गार्द पर गार्द द्वारा सलामी दी गयी। तत्पश्चात शस्त्रागार का निरीक्षण किया गया। जिसमें शस्त्रों की रख रखाई, साफ-सफाई आदि की जांच की गई और रजिस्टर से शस्त्रों तथा कारतूसों की संख्या का मिलान किया गया। शस्त्रागार में रखे दैनिक गोसवारा रजिस्टर, वितरण रजिस्टर आदि रजिस्टरों को चेक किया गया। एसपी ने शस्त्रागार की साफ-सफाई आदि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा, रीडर एसपी कृष्ण देव सिंह, प्रीआरओ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव आदि उपस्थित रहे।

# डेढ़ लाख की नकदी व जेवरात चोरी

बखिरा (एसएनबी)। बखिरा थाना क्षेत्र के ग्राम कुसरू खुर्द स्थित घर में बीती रात घुसे अज्ञात चोर डेढ़ लाख ₹ नकदी व जेवरात लेकर फरार हो गये। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर बारीकी से जांच पड़ताल की और गृहस्वामी की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर घटना की जांच में जुट गई। दी गई तहरीर में आरिफ खान पुत्र नसीबुल्लाह ग्राम कुसरु कला ने कहा है कि बीती 21/22 अगस्त की रात को लगभग एक बजे अज्ञात चोर उसके घर में घुस गये और घर में रखा 1,62,500 ₹ नकद व कीमती जेवरात उठा ले गये।आलमारी व कमरे में कम्बल,चद्दर व अन्य सामान बिखरा पड़ा था। घटना की जानकारी उसकी पत्नी ने उसे सुबह को पता चलने पर दी। घटना के बाद दोनों अवाक रह गये और पुलिस को सूचना दी।तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 457, 380 भादवि के तहत केस दर्ज कर लिया और मामले की जांच में जुट गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# स्मैक बरामद, आरोपी को धराया

बखिरा (एसएनबी)। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व क्रय-विक्रय की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत बखिरा पुलिस ने 24 पुड़िया अवैध स्मैक के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर न्यायालय-जेल रवाना किया। थानाध्यक्ष बखिरा श्याम मोहन ने बताया कि प्रभारी चौकी बखिरा उ.नि. जितेन्द्र कुमार सिंह अपने हमराही कां. मुकेश वर्मा, कां. पंकज शाहू, कां. बालगोविन्द के साथ क्षेत्र भ्रमण व संदिग्ध व्यक्तियों-वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान उन्हें सूचना मिली कि एक युवक अवैध स्मैक बेच रहा है। सूचना पर तत्काल मेड़रापार प्राइमरी स्कूल के पास पहुंचकर पुलिस ने अभियुक्त धर्मेन्द्र गिरी पुत्र फूलचन्द निवासी ठठेरा मोहल्ला कस्बा बखिरा थाना बखिरा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से पुलिस ने 24 पुड़िया स्मैक बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय रवाना किया।

# मां के हत्यारोपी बेटे की जमानत अर्जी निरस्त

**संतकबीरनगर (एसएनबी)**। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा ने मां की हत्या के आरोपी बेटे की जमानत अर्जी खारिज कर दिया है। घटना थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम छाछापार में 02 मई 2023 को हुई थी। शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि खलीलाबाद कोतवाली थानांतर्गत छाछापार निवासी अशोक ने 02 मई 2023 को प्रार्थना पत्र दिया कि उसके परिवार के दो मकान हैं। उसकी मां तीजा देवी दूसरे मकान पर रहती हैं। दोनों मकानों के बीच 50 मीटर का फासला है। दिनांक 2 मई 2023 को समय 7:30 बजे सुबह जब उसकी मां तीजा देवी घर से बाहर नहीं निकलीं तो अपनी मां को घर से बाहर निकालने के लिए आवाज दिया। चौनल गेट के ऊपर अंदर से रखी गई चाभी को किसी तरह निकालकर चौनल गेट खोल कर घर के अंदर देखा तो उसकी मां छत के ऊपर बने कमरे में अपनी चारपाई से नीचे गिरी हुई थीं तथा खून से लथपथ थीं। जब उसने अपनी मां को देखा तो उसकी मां मर चुकी थी। किसी ने उसकी मां की हत्या कर दी। मामले में अशोक के प्रार्थना पत्र पर थाना खलीलाबाद में अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ। उन्होंने बताया कि दौरान विवेचना यह तथ्य प्रकाश में आया कि वादी अशोक ने ही अपनी मां की हत्या बंसुली से सिर पर वार कर की थी तथा विवेचक द्वारा साक्ष्य संकलित कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। आरोपी हत्यारे बेटे की तरफ से जमानत अर्जी सत्र न्यायालय में प्रस्तुत की गई। जिसे सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा प्रथम ने निरस्त कर दिया। त्वरित विवेचना करते हुए आरोप पत्र प्रस्तुत कर दिए जाने से अब न्यायालय में मुकदमा के विचारण में भी तेजी आएगी।

# दो भाजपा नेताओं में मारपीट की चर्चा

हैंसर (एसएनबी)। स्थानीय नगर पंचायत हैंसर बाजार धनघटा के हैंसर चौराहे पर दो भाजपा नेताओं के बीच बीती रात मारपीट की चर्चा क्षेत्र में जोरों पर है। सोशल मीडिया में भी ऐसी खबरें तैर रही हैं। विवाद का कारण निकाय चुनाव की गोलबंदी बताई जा रही है। फिलहाल किसी पक्ष ने थाने पर कोई तहरीर नहीं दी है। बताया जाता है कि स्थानीय हैंसर बाजार चौराहे पर भाजपा के स्थानीय संगठन के दो पदधिकारियों के बीच जम कर मारपीट हुई। घटना का कारण स्थानीय निकाय के चुनाव में गोलबंदी बताई जा रही है। भाजपा के एक पदाधिकारी पर कुछ लोग निकाय चुनाव में भितरघात करने का आरोप लगा रहे हैं जबकि पदाधिकारी का कहना था कि उनके बूथ पर भाजपा को अन्य दलों की अपेक्षा भारी मत मिले। सोशल मीडिया में भी कुछ लोग पक्ष-विपक्ष में कुछ दिनों से उलझे हुए थे। इसी बीच बीती रात भाजपा के दो स्थानीय पदधिकारियों के बीच जमकर लात घूसे चले। उक्त घटना को लेकर पूरे दिन क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। लोग अपने हिसाब से घटना की व्याख्या करने में लगे रहे। फिलहाल किसी पक्ष द्वारा धनघटा थाने में किसी के विरुद्ध कोई तहरीर नहीं दी गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक धनघटा संतोष मिश्रा ने कहा कि उन्हें इस प्रकार की किसी घटना की कोई जानकारी नहीं है और न ही कोई प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है।

# चोरी के मामले में तीन को भेजा जेल

जासं, बखिरा: बखिरा पुलिस ने मंदिर का घंटा चुराने के मामले में तीन लोगों को जेल भेज दिया है। थाने में दी गयी तहरीर में झुंगिया टोला निवासी छोटेलाल पुत्र जयराम साहनी ने बताया था कि उनके गांव में बुढिया माई का मंदिर है। गांव के लोगों के सहयोग से पीतल का घंटा खरीदकर मंदिर में बांधा गया था। बीते 20 अगस्त की रात अज्ञात चोरों ने यह घंटा चुरा लिया। बीते 22 अगस्त को गांव के भोला, बिकाऊराम, शिवशंकर, जोखन व अन्य ने संदेह होने पर गांव के ही शिवनाथ के घर गए। उनसे चोरी हुए घंटा के बारे में सख्ती से पूछने पर बताया कि गांव के ही श्रीराम के साथ मिलकर घंटा चुराया था और बखिरा निवासी शिवशंकर को यह घंटा एक हजार रुपये में बेच दिया।

# एसपी ने की पुलिस लाइन में शस्त्रागार की जांच

जासं, संतकबीर नगर: एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बीते मंगलवार को पुलिस लाइन स्थित शस्त्रागार का औचक निरीक्षण किए। पुलिसकर्मियों ने उन्हें सलामी दी। एसपी ने शस्त्रागार में रखे शस्त्रों की रखरखाव, साफ-सफाई आदि की जांच की। रजिस्टर देखकर शस्त्रों व कारतूसों की संख्या का मिलान किए। इसके अलावा उन्होंने शस्त्रागार में रखे वितरण रजिस्टर आदि की जांच की। जांच के दौरान प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा, एसपी के रीडर कृष्णदेव सिंह, एसपी के पीआरओ जितेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

# 119 वाहनों से 1.13 लाख समन शुल्क की वसूली

संतकबीर नगर : जनपद की विभिन्न थाने की पुलिस ने यातायात पुलिसकर्मियों के सहयोग से बुधवार को सरकारी अस्पताल व बैंक परिसर के अलावा सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों की जांच की। मोटर वाहन अधिनियम के तहत 119 वाहन चालकों से एक लाख 13 हजार 500 रुपये समन शुल्क की वसूली की। (जासं)

# शांतिभंग की आशंका में चार लोग पकड़े गए

संतकबीर नगर : धनघटा व मेंहदावल पुलिस ने बुधवार को शांतिभंग की आशंका में दो-दो कुल चार लोगों को पकड़कर थाने पर लाई। ये लोग भूमि विवाद को लेकर विवाद कर रहे थे। मारपीट की नौबत आ गई थी। (जासं)

# घायल पिता-पुत्र को अस्पताल पहुंचाया

संतकबीर नगर : पीआरवी के पुलिसकर्मी बुधवार को सूचना मिलने पर बखिरा थाना के मलेन (भगवानपुर) गांव में पहुंचे। पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में विवाद के बाद हुए मारपीट में घायल गांव के रामबुझारत यादव व उनके बेटे संजीव यादव को एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भेजवाया ।(जासं)

# फरार चल रहे सात वारंटियों को भेजा जेल

संतकबीर नगर : जनपद की पुलिस ने फरार चल रहे सात वारंटियों को बुधवार को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। इसमें कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने मोहनलालपुर निवासी गुलाब व दरुआमाफी गांव निवासी सुदर्शन, दुधारा पुलिस ने साफियाबाद गांव निवासी गुलाम वारिस, धनघटा पुलिस ने बैकुंठपुर गांव निवासी पप्पू, पड़रिया गांव निवासी रामचंद्र, उनके पिता बलीकरण व बंसू को गिरफ्तार किया है। (जासं)

# विवाहिता को घर से निकालने के मामले में चार पर केस

**महुली**: महुली पुलिस ने गोरखपुर जनपद के गीडा थाना के छोटा बनगवआं निवासी संजय, संजू, इंद्रकली, इनके पति बेचन प्रसाद आदि चार लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। टिकुईकोल बाबू गांव निवासी साधना पुत्री रामदत्त का आरोप है कि उनके ससुराल के इन चार लोगों ने कुछ दिन पूर्व उसे दहेज के लिए मारपीटकर घर से निकाल दिया। थानाध्यक्ष ने कहा कि केस दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

**मारपीट के मामले में चार लोगों पर मुकदमा** : **महुली**: महुली पुलिस ने मारपीट के मामले में मजगावां निवासी सुरेंद्र, रामसुपारी, मंजू, निशा आदि चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस गांव के पूर्णमासी का आरोप है कि बुधवार को पुरानी रंजिश को लेकर ये लोग उन्हें मारपीट कर घायल कर दिए। थानाध्यक्ष भगवान सिंह ने कहा कि मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

**चोरी के मामले में तीन लोगों पर मुकदमा** : महुली: महुली पुलिस ने चोरी के मामले में भैंसहीजोत कला गांव निवासी रामाज्ञा, उनके भाई रामगढ़ व प्रदीप आदि तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। रामपुर गांव निवासी साबिर अली का आरोप है कि बुधवार को घर के बरामदे में रखी बाइक, मोबाइल चुरा ले गए। थानाध्यक्ष भगवान सिंह ने कहा कि मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

# माफिया मुख्तार अंसारी गैंग का शूटर जिला जेल में शिफ्ट

**संतकबीरनगर**। माफिया मुख्तार अंसारी गैंग का शूटर मंगलवार की शाम को जिला कारागार में शिफ्ट किया गया। इसकी सुरक्षा को लेकर जेल प्रशासन काफी सतर्क हो गया है। उसकी गतिविधियों पर जेल प्रशासन नजर रख रहा है। जेलर रणजीत सिंह ने बताया कि माफिया मुख्तार अंसारी गैंग का शूटर जफर उर्फ चंदा गाजीपुर के मोहम्मदाबाद का रहने वाला है और गाजीपुर जेल में बंद था। प्रशासनिक आधार पर उसे संतकबीरनगर जेल में शिफ्ट किया गया है। शूटर शातिर किस्म का है। इसके खिलाफ अभी तक हत्या का एक वारंट मिला है। इसकी सुरक्षा को लेकर कड़ी निगरानी की जा रही है। संवाद

# सड़क हादसे में घायल महिला की उपचार के दौरान मृत्यु

जासं, संतकबीर नगर: धनघटा थाना के चपरा पूर्वी गांव की एक महिला की उपचार के दौरान बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर में बीते मंगलवार की रात मृत्यु हो गई। इससे घर में कोहराम मच गया। महिला बीते रविवार की रात पैदल नेतवापुर चौराहा स्थित दुकान पर सामान खरीदने जा रही थीं। पीछे से बाइक चालक ने ठोकर मार दी थीं।

धनघटा थाना के चपरा पूर्वी गांव निवासी कपिलदेव ने बताया कि बीते रविवार को रात के करीब आठ बजे उनकी 40 वर्षीय पत्नी सनीका गांव से पैदल नेतवापुर चौराहे पर स्थित एक दुकान पर सामान खरीदने जा रही थीं। इसी दौरान पीछे से आ रही एक तेज़ रफ्तार बाइक ने ठोकर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं बाइक चालक भी सड़क पर गिर गया। वह मौका देखकर अपनी बाइक को छोड़कर फरार हो गया। आसपास के लोगों ने स्वजन को सूचना देने के बाद उन्हें सीएचसी हैंसर बाजार में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखकर जिला अस्पताल भेज दिया। यहां के चिकित्सकों ने जांच के बाद बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान बीते मंगलवार की देर रात उनकी मृत्यु हो गई। थानाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# 24 पुड़िया स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

जासं, बखिरा, संतकबीर नगर: बखिरा पुलिस ने प्राथमिक विद्यालय मेड़रापार के पास वाहन की जांच के दौरान एक युवक के पास से 24 पुड़िया स्मैक बरामद हुआ। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम-पता धर्मेंद्र गिरी मोहल्ला-बखिरा कस्बे का ठठेरा निवासी बताया। पूछताछ करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने बताया कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

# भाजपा के दो नेताओं में मारपीट की घटना की चर्चा

जासं, धनघटा, संतकबीर नगर: धनघटा थाना के हैंसर बाजार चौराहे पर दो भाजपा नेताओं के बीच मंगलवार की रात हुई मारपीट की घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। बुधवार को इसकी खबर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुई। निकाय चुनाव में वफादारी और गद्दारी करने को लेकर विवाद और इसके बाद मारपीट होने की बात कही जा रही है। फिलहाल किसी पक्ष ने थाने में तहरीर नहीं दी है।

भाजपा के एक पदाधिकारी पर कुछ लोग निकाय चुनाव में गद्दारी करने का आरोप लगा रहे हैं, जबकि उनका कहना है कि उनके बूथ पर भाजपा को अन्य दलों से अधिक मत मिले हैं। कुछ लोग पक्ष-विपक्ष में कुछ दिन से उलझे हुए थे। इसी बीच बीते मंगलवार की रात हैंसर बाजार चौराहे पर दो स्थानीय पदाधिकारियों के बीच लात-घूसे चले। फिलहाल किसी पक्ष ने धनघटा थाने में कोई तहरीर नहीं दी है। थानाध्यक्ष संतोष मिश्र ने कहा कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# खेत बेचने से मना करने पर पिता-भाई को पीटा

बखिरा। क्षेत्र के सगरा गांव में खेत की बिक्री करने से मना करने पर युवक ने पिता और भाई की पिटाई कर दी। पीड़ित नीलू सिंह का आरोप है कि उसके देवर अनोज सिंह जबरदस्ती खेत की बिक्री करने का दबाव उसके ससुर पर डाल रहे थे। ससुर ने खेत बेचने से मना कर दिया। उसी से नाराज होकर देवर ने उन्हें अपशब्द कहते हुए लातों से मारापीटा। बीच बचाव के लिए गए उसके पति मनोज गए तो उन्हें भी लाठी डंडे से मारा-पीटा। पिटाई से दोनों लोगो को काफी चोटें आईं है। एसओ ने बताया कि आरोपी पर केस दर्ज किया गया। संवाद

# पुलिस ने चाकू के साथ युवक को किया गिरफ्तार

बखिरा। पुलिस ने बुधवार को अमरडोभा चौराहे के पास चाकू के साथ युवक को गिरफ्तार किया। एसओ ने बताया कि पूछताछ में पकड़ें गए आरोपी की पहचान अमरडोभा निवासी अब्दुल नूर के रूप में हुई। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। संवाद

# परतिया गांव में तीन जुआरी पकड़े गए

बखिरा। बुधवार को क्षेत्र के परतिया गांव में पेड़ के नीचे जुआ खेल रहे तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। एसओ ने बताया कि फड़ से 540 रुपये व ताश की गड्डी बरामद हुई। पूछताछ में जुआरियों की पहचान जसवल निवासी प्रीतम शर्मा, परतिया निवासी वीरेंद्र गौड़ अमरडोभा निवासी नबीउल्लाह के रूप में हुई। संवाद

# अब डॉक्टरों का पैनल बताएगा गर्भ था या नहीं

## दुष्कर्म पीड़ित किशोरी की मौत का मामला, गर्भपात के बाद अधिक रक्तस्राव से मौत का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। महुली क्षेत्र की किशोरी की मौत मामले की विवेचना में आगे नहीं बढ़ पा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके गर्भवती होने या नहीं होने का जिक्र नहीं है। जबकि, इस मामले में गर्भपात के बाद अधिक रक्तस्राव से मौत का केस दर्ज है। पुलिस ने फोरेंसिक लैब गोरखपुर को पोस्टमार्टम रिपोर्ट भेजकर यह पता लगाने की कोशिश की कि किशोरी गर्भवती थी अथवा नहीं। फोरेंसिक लैब के लोग भी यह जानकारी दे पाने से हाथ खड़े कर दिए हैं।

अब सीएमओ की ओर से गठित डॉक्टरों का पैनल तय करेगा कि किशोरी गर्भवती थी अथवा नहीं।

### पोस्टमार्टमकर्ता डॉक्टरों का पैनल नहीं बता पाया था कि किशोरी गर्भवती थी या नहीं

उसके बाद ही विवेचना आगे बढ़ पाएगी। महुली क्षेत्र की रहने वाली 14 साल की किशोरी घर की गरीबी की वजह से गांव के 55 साल के आरोपी के घर काम-काज करने जाती थी।

इसी बीच आरोपी ने किशोरी से अवैध संबंध स्थापित कर लिया था। किशोरी गर्भवती हो गई तो आरोपी ने 30 जुलाई को किशोरी का गर्भपात करा दिया। अधिक रक्तस्राव की वजह से एक अगस्त को किशोरी की मौत हो गई थी। घटना से अनभिज्ञ परिजनों ने किशोरी के शव को कुआनो नदी के किनारे दफन कर



दो अगस्त को प्रकाशित खबर।

दिया। बाद में घटना की जानकारी होने पर पीड़ित पिता की शिकायत पर आरोपी पर दुष्कर्म, गर्भपात कराने, गैर इरादतन हत्या, एससी-एसटी एक्ट व पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज कराया।

डीएम के आदेश पर पुलिस ने मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में शव को कब्र से निकलवा कर पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ और बिसरा सुरक्षित कर दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इस बात का जिक्र नहीं है कि किशोरी गर्भवती थी अथवा नहीं। इधर, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने खलीलाबाद में रहने वाली एक स्टॉफ नर्स से गर्भपात कराने की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी के साथ स्टॉफ नर्स को भी गिरफ्तार कर जेल भेजवा दिया।

किशोरी के गर्भवती होने या नहीं होने की जानकारी नहीं होने से पुलिस की विवेचना में पेच फंस गया है। विवेचक सीओ धनघटा ने विधि विज्ञान प्रयोगशाला गोरखपुर को रिपोर्ट भेजकर यह जानकारी हासिल करने की कोशिश की कि किशोरी गर्भवती थी अथवा नहीं। वहां से आए जवाब में सिर्फ बताया गया है कि यहां मौत का कारण स्पष्ट होगा, गर्भवती थी कि नहीं यह डॉक्टर बताएंगे। अब, सीओ ने सीएमओ को पत्र भेजकर डॉक्टरों के पैनल से गर्भवती होने या नहीं होने की जानकारी दिलाने का अनुरोध किया है।

*पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डॉक्टरों को यह स्पष्ट कर देना चाहिए था कि किशोरी गर्भवती थी अथवा नहीं। सीओ धनघटा का पत्र मिला है। सीएमएस डॉक्टर महेश प्रसाद, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रवि और पोस्टमार्टमकर्ता दोनों डॉक्टरों का पैनल गठित कर दिया गया है। किशोरी के यूटरस की जांच कर डॉक्टरों का पैनल यह तय करेगा कि किशोरी गर्भवती थी या नहीं। जैसी स्थिति होगी, सीओ को रिपोर्ट के माध्यम से अवगत करा दिया जाएगी। -अनिरुद्ध सिंह, सीएमओ*

*पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किशोरी की मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। बिसरा सुरक्षित है। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों ने रिपोर्ट में यह नहीं बताया कि किशोरी गर्भवती थी अथवा नहीं। विधि विज्ञान प्रयोगशाला गोरखपुर ने भी यह जानकारी देने से हाथ खड़े कर लिए। बिसरा की जांच से सिर्फ मौत का कारण पता होगा। गर्भ था या नहीं, यह जानकारी हासिल करने के लिए सीएमओ को पत्र भेजा गया है। सीएमओ से मांग की गई है कि डॉक्टरों का पैनल गठित कर उक्त जानकारी दिलाएं, जिससे केस की विवेचना पूरी की जा सके। -ब्रजेश सिंह, सीओ धनघटा*

# अवैध संबंध बनाने के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**संतकबीरनगर।** अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जैनुद्दीन अंसारी ने किशोरी को एक वर्ष से लगातार अवैध संबंध बनाने और बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

विशेष लोक अभियोजक सत्येंद्र शुक्ला ने बताया कि पीड़ित पिता ने एसपी को प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें कहा कि उसकी 13 वर्षीय बेटी को गोरखपुर के कैम्पियरगंज क्षेत्र का रहने वाला 30 वर्षीय आरोपी युवक करीब एक वर्ष से अवैध संबंध बनाया। उसकी बेटी को कई बार बहला फुसलाकर घर से भाग ले जाता था। बराबर उसके साथ यही घटना करता था।

28 मई से बेटी लापता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया। आरोपी ने कोर्ट में जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिसमें कहा कि वह निर्दोष है, उसे फर्जी मुकदमे में फंसा दिया गया है। उसने कोई गलत कार्य नहीं किया है। वह कई दिनों से जिला कारागार में निरुद्ध है। विशेष लोक अभियोजक ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि आरोपी ने गंभीर अपराध किया है। सुनवाई के बाद जमानत अर्जी खारिज कर दी। संवाद

# छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी शिक्षक पर धमकाने का केस

**धनघटा।** छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी शिक्षक के विरुद्ध पुलिस ने बुधवार को जान माल की धमकी देने का केस दर्ज किया। आरोप है कि आरोपी सुलह-समझौते के लिए धमका रहा है। वैसे आरोपी शिक्षक को अभी तक पुलिस पकड़ नहीं पाई है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा को प्राथमिक विद्यालय का शिक्षक अपने प्रेम जाल में फंसा कर 10 वर्षों से शारीरिक संबंध बनता चला आ रहा था। नौ अगस्त को शिक्षक छात्रा को क्षेत्र के एक बाजार में बाइक पर बैठाकर अपने साथ ले गया। छात्रा का आरोप है कि शिक्षक उसे अपने साथ ले जाने के बाद एक प्राइवेट डॉक्टर में गर्भपात कराने का कोशिश करने लगा।

छात्रा ने शोर मचाया तो आरोपी शिक्षक भाग निकला। छात्रा थाने पहुंची। पुलिस ने आरोपी शिक्षक के विरुद्ध दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया। छात्रा का आरोप है कि केस दर्ज होने के 15 दिन बाद भी आरोपी शिक्षक पुलिस पकड़ से दूर है। पुलिस क्षेत्र अधिकारी बृजेश सिंह ने बताया कि इस मामले में आरोपी शिक्षक के विरुद्ध जानमाल की धमकी देने का केस दर्ज किया गया है। संवाद

# अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज

बखिरा। दो दिन पूर्व क्षेत्र के कुसुरुकला में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने बुधवार को केस दर्ज किया। पीड़ित मोहम्मद आरिफ खान ने बताया कि 21/22 अगस्त की रात अज्ञात चोर उसके घर के मुख्य गेट का ताला काटकर अंदर घुस गए। चोर उसके घर से 1,62000 रुपये नकदी, जेवरात व कपड़े चुरा ले गए। एसओ ने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। संवाद

# डॉक्टर समेत दो पर केस दर्ज करने का आदेश

संवाद न्यूज एजेंसी

## क्लीनिक पर पैसा न देने के कारण मरीज को मारने-पीटने का आरोप

**संतकबीरनगर।** विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट दिनेश प्रताप सिंह ने डॉक्टर के जरिये पीड़ित को क्लीनिक पर पैसा न देने के कारण मरीज को मारने-पीटने के मामले में दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश दुधारा पुलिस को दिया।

अधिवक्ता नरेंद्र कुमार चौधरी, संतोष कुमार चौधरी ने बताया कि बेलहर कला क्षेत्र के गंगौरा निवासी पीड़ित 68 वर्षीय शोहरत ने कोर्ट में तहरीर दी। जिसमें कहा कि उसके पेट में दर्द था। इलाज कराने वह 15 जुलाई को डॉक्टर मोहम्मद अंजार हुसैन निवासी सेमरियावा थाना दुधारा के यहां पहुंचा।

डॉक्टर अंजार हुसैन ने दवा का पर्चा लिखा और दवा निकाल दिया। डॉक्टर ने बताया कि 200 रुपये की दवा है। उसने कहा कि उसके पास मात्र 100 रुपये है। उसी हिसाब से दवा दे दीजिए।

इतना सुनते ही डॉक्टर अंजार हुसैन ने उसे अपमानित किया और दवा देने से मना कर दिया। विरोध करने पर उसकी बाईं हाथ पकड़ कर ऐंठ दिया और थप्पड़ मारा। उसी समय एक अन्य व्यक्ति गुफरान अहमद निवासी मुडाडीहा बेग थाना दुधारा भी पहुंच गए और उसे अपशब्द कहते हुए थप्पड़ मारा।

कोर्ट ने डॉक्टर मोहम्मद अंजार हुसैन तथा गुफ़रान के खिलाफ केस दर्ज करने का दुधारा पुलिस को आदेश दिया। कोर्ट ने 15 दिन के अंदर संबंधित पंजीकरण के संबंध में आंख्या भी प्रस्तुत करने को कहा है।

# स्मैक के साथ दबोचा

संतकबीरनगर। बखिरा पुलिस ने बुधवार को मेंडसापार प्राथमिक स्कूल के पास से 24 पुड़िया स्मैक के साथ युवक को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी की पहचान धर्मेंद्र कुमार गिरी निवासी ठठेरा मोहल्ला कस्बा बखिरा थाना बखिरा के रूप में हुई। संवाद

# GONDA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-24-08-2023

# डायल 112 की टीम पर हमला, चार लोग पकड़े

खरगूपुर, संवाददाता। विवाद सुलझाने गई डायल 112 की टीम पर जानलेवा हमला कर दिया गया। पुलिस ने ग्राम प्रधान व तीन महिलाओं सहित 10 नामजद व आठ दस अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। साथ ही दो महिलाओं समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

मामला ग्राम पंचायत चौरी परिहार का है। गांव के अरुण सिंह नवीन परती पर मड़हा रखे हुए थे। आरोप है कि इसे मंगलवार की रात में अजय सिंह के परिवार वालों ने गिरा दिया। मंगलवार को पुलिस ने अरुण सिंह के प्रार्थना पत्र पर अजय सिंह सहित तीन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की थी। इसी विवाद को लेकर दूसरे पक्ष के अजय सिंह ने बुधवार को डायल 112 पर फोन किया था और फोन करने वाले ने ही पुलिस से अभद्रता शुरू कर दी। सूचना पर उपनिरीक्षक चंद्रसेन वर्मा पुलिस बल के साथ पहुँचे तो उन लोगों ने लाठी डंडे से पुलिस पर हमला कर दिया। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि हमला करने वाले अजय सिंह उनकी पत्नी गीता देवी, संतोष सिंह उनकी पत्नी सुधा देवी, अरुण सिंह उनकी पत्नी सावित्री देवी, अतुल सिंह, अभय सिंह उर्फ रिंकू, समरथ सिंह, विजय पाल सिंह व आठ दस अज्ञात लोगों के विरुद्ध संगीन आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# आठ लोगों पर महिला उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करवाया

**मामला**

- एसपी के आदेश पर तरबगंज पुलिस ने की कार्रवाई
- दो अलग-अलग मामलों में महिलाओं ने लगाई थी गुहार

तरबगंज, संवाददाता। थाना क्षेत्र के अलग-अलग दो ग्राम सभा में दो पीड़िता ने एसपी से शिकायत कर पति समेत ससुराली जनों द्वारा प्रताड़ना, शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न, मारपीट का आरोप लगाया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अंकित मित्तल ने दोषियों के विरुद्ध तत्काल मुकदमा दर्ज करवाया है।

क्षेत्र के रामापुर की रंजन पुत्री शिव कुमार एसपी को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसकी शादी 3 जून 2021 को हिंदू रीति रिवाज के अनुसार हरिशंकर निवासी कर्मडीह धानेपुर के साथ हुई थी। पीड़िता छह माह की गर्भवती है। आरोप हैकि 17 जुलाई को ससुरालीजनों उसे मारे पीटे व साड़ी का फंदा डालकर उसे जान से करने का भी प्रयास किया। इसके बाद पीड़िता अपने पिता के घर चली आई। पीड़िता ने तहरीर में पति हरिशंकर, ससुर सीताराम, सास लाली, ननद ननकी, किरण व माला के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न, मारपीट व जान से मारने के धमकी का मुकदमा दर्ज कराया है।

वहीं, पीड़िता गुड़िया देवी पत्नी संजय चौहान निवासी आजाद नगर लोनियन पुरवा ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देखकर आरोप लगाया है कि उसकी शादी संजय के साथ हुई है। शादी के कुछ दिन बाद से ही पीड़िता के ससुर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। पीड़िता की सास जीवित नहीं है। पीड़िता के ससुर उससे बदतमीजी करते हैं।

पीड़िता ने जब घटना की जानकारी पति संजय को दी तो उसने पीड़िता को ही मारा पीटा। बार-बार प्रताड़ित होने के बाद पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से पति व ससुर के विरुद्ध शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। जिसके बाद पुलिस ने प्रताड़ना, मारपीट व छेड़खानी की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। एसओ शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर आठ लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# हत्यारोपी को गिरफ्तार करने बिहार गई पुलिस

**नवाबगंज, संवाददाता।** फोरलेन हाईवे के किनारे सोमवार के देर बिहारी मजदूरों द्वारा की गई सरदार सिंह के हत्या के दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की लिए पुलिस टीम बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के लिए बुधवार को रवाना हुई है। सरयू घाट पुलिस चौकी प्रभारी शिव लाखन सिंह यादव की अगुवाई में गई टीम में दो पुलिसकर्मी शामिल है। मामले मे मुख्य आरोपी को पुलिस ने वारदात के दिन ही गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया था।

मृतक के बेटे द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में मुख्य आरोपी सन्तोष के अलावा छोटे लाल व एक अज्ञात को नामजद किया गया था। बीते सोमवार की देर रात फोरलेन के किनारे किराए के मकान मे रह रहे कुछ बिहारी मजदूर नशे के हालत में आपस मे मारपीट कर रहे थे। लोलपुर गांव के निवासी सरदार सिंह भी चीख-पुकार सुनकर झगड़ा शान्त कराने मौके पर पहुंच गए। इसी दौरान नशे में धुत मजदूरों ने लोहे की पाइप से उन पर हमला कर दिया था। सिर में लगी गम्भीर चोट के इलाज के लिए अयोध्या मेडिकल कालेज ले जाते समय सरदार सिंह की रास्ते में मौत हो गई। घटना के बाद मजदूर मौके से भाग निकले। पुलिस ने मुख्य आरोपी को रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया।

# तीन को पांच वर्ष की सजा

गोंडा, विधि संवाददाता। अपर सत्र न्यायाधीश डॉ. दीनानाथ ने जानलेवा हमला करने के आरोप में दो सगे भाइयों सहित तीन अभियुक्तों को पांच वर्ष की कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अभिनव चतुर्वेदी के अनुसार थाना मनकापुर अंतर्गत अमवां गांव निवासी हरिश्चंद्र ने अपने गांव के ही संजय वर्मा पुत्र राम चरित्र वर्मा, राम बहोर व राम चरित्र पुत्र लालता प्रसाद के विरुद्ध बारह मई 2013 को इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई कि सभी आरोपी उसके घर पर भूमि विवाद को लेकर लाठी डंडे से लैस होकर घर पर चढ़ आये और मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की विवेचना करने के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलों व बहस को सुनने के बाद दोनों अभियुक्तों को दोषी करार दिया।

# दबंगों ने पैमाइश के बाद पत्थर उखाड़कर फेंका

वजीरगंज। अयोध्या हाईवे पर वजीरगंज-झिलाही मोड़ के पास विवादित भूमि की पैमाइश तहसीलदार की अगुवाई में राजस्व टीम ने की थी। इसके बाद चिह्नांकन के लिए पत्थर भी लगाया गया था। ग्राम पंचायत चंदापुर के मजरा चाईपुरवा की श्रीमती पत्नी नंदलाल मौर्या का आरोप है कि पैमाइश के बाद ही दबंगों ने चिह्नांकन को लगाए गए पत्थर उखाड़ कर फेंक दिए।

धानेपुर में युवक-युवती की कर दी थी हत्या, एक ही कमरे में मिलने पर आया था गुस्सा, रस्सी से कस दिया था गला

# दोहरे हत्याकांड में पिता और पुत्र गिरफ्तार

**शिकंजा**

गोण्डा /धानेपुर, हिटी। युवक-युवती हत्याकांड में आरोपी बाप-बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बुधवार को दोनों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मृतक के घर पर पुलिस तैनात रही जबकि आरोपी के घर पर ताला लटकता रहा।



बुधवार को पीड़ित परिवार के घर तैनात फोर्स।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक रविवार की आधी रात को युवती के बुलावे पर उससे मिलने उसके घर पहुंच गया था। दोनों एक कमरे के अंदर थे। कमरे में बातचीत की आहट जब परिवार वालों को लगी तो लड़की का भाई-पिता व परिवार के अन्य सदस्य उसके घर से निकलने का इंतजार करने लगे। काफी समय बीतने पर जब नहीं निकला तो दीवार तोड़ने की कोशिश की जाने लगी, इसी बीच कमरे से निकले युवक को बाप बेटे ने दबोच लिया और रस्सी से गला कसकर एक-एक कर युवक व युवती दोनों को मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद युवक की लाश को खटोला पर लादकर गन्ना के खेत में फेंक दिया। वहीं अपनी लड़की को अयोध्या में ले जाकर दफन कर दिया है।एएसपी शिवराज ने बताया कि मृतक युवक की मां की शिकायत पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर गांव में जांच पड़ताल की जा रही थी। मृतका के घर पर पहुंचने पर बाप बेटे ने पूंछताछ करने पर घटना से पर्दा उठा दिया। दोनों ने अपना जुर्म इकबाल कर लिया जिस पर दोनों को हिरासत में लेकर आरोपी बेटे राघवराम की निशानदेही पर युवक का शव गन्ना के खेत से और युवती का शव अयोध्या के श्मशानघाट से बरामद कर लिया गया।



बुधवार को हत्यारोपियों के घर ताला लगाकर फरार हुए परिजन।

**भाई का रो-रोकर हाल बेहाल :** मुम्बई में रोजी-रोटी कमा रहे मृतक के परिजन बुधवार को यहां पहुंचे। बुधवार दोपहर पोस्टमार्टम हाउस पर रिश्तेदारों से मिल वह बिलख पडे। मृतक युवक के पिता को घर न होने का मलाल खाए जा रहा है।

कहते हैं कि अगर उन्हें मामले की जानकारी होती और घर पर होते तो युवती के घर वालों से बातकर सबकुछ ठीक-ठाक कर लेते। वहीं मृतक युवक का बड़ा भाई भी रो-रोकर बेहाल हो रहा था। उसने बताया कि रविवार रात दस बजे तक उससे बात हुई है। दस बजे के बाद मोबाइल स्विच आफ बताने लगा।

## चेहरे पर न शिकन और न ही कोई पछतावा

गोण्डा। दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने वाले आरोपी बाप-बेटे के चेहरे पर न कोई शिकन दिखाई पड़ी और न उनको अपने किए का कोई पछतावा ही है। बताया जाता है कि सोमवार सांय जब पुलिस टीम पूछताछ के लिए उनके घर पहुंची तो बाप-बेटे ने युवक-युवती को मौत के घाट उतारने की बात आसानी से स्वीकार कर ली। यही नहीं बेटे ने बडी बेबाकी से सारी दास्तान पुलिस के सामने बयां कर दी। बेटे की ही निशानदेही पर पुलिस ने आसानी से गन्ने के खेत से युवक का तो अयोध्या के श्मशानघाट से युवती का शव भी बरामद कर लिया। पुलिस सूत्रों की मानें तो जैसे आरोपी बाप-बेटे सबकुछ बताने को तैयार बैठे थे।

- मृतक युवक के घर पुलिस का पहरा
- आरोपियों के घर पर ताला गांव में पसरा सन्नाटा

## शव का अयोध्या में होगा अंतिम संस्कार

परिजनों के हाथो बेमौत मारी गयी युवती का पोस्टमार्टम होने के बाद फिर से अयोध्या में ही सरयू के तीरे अंतिम संस्कार होगा। थानाध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि डीएम अयोध्या की ओर से गठित को पांच डॉक्टरों की पैनल की ओर से पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। बताया कि उसके शव की सुपुर्दगी के लिए मृतका के जीजा व अन्य रिश्तेदारों को बुलाया गया है। उनकी मौजूदगी में अयोध्या में ही शव का अंतिम संस्कार कराया जाएगा।

## आरोपी गिरफ्तार, मददगार अब भी फरार

दोहरे हत्याकांड मे बाप-बेटे तो गिरफ्तार कर लिए गए लेकिन मदद करने वाले अब भी फरार है। लोग तर्क दे रहे है कि जिस प्रकार घर मे रस्सी से गला कसकर युवक व युवती को मौत के घाट उतारा गया और युवक के शव को घर से एक किमी दूर खटोले पर लादकर ले जाकर फेंका गया, यह सिर्फ दो लोगों के वश की बात नही है। रात के अंधेरे में शव को खटोले पर लादकर दो लोग एक किलोमीटर ले ही नही जा सकते, इस काम मे कम से कम चार लोग जरूर लगे होंगे। बाप-बेटे की तो करतूत सामने आ गई है लेकिन इस काम मे दोनों की मदद करने वाले वह दो और कौन लोग थे, इस पर अभी भी संशय बरकरार है। वही पुलिस बहुत ही फूंक-फूंककर कदम रख रही है। वह अभी बाप-बेटे की गिरफ्तारी की पुष्टि के सिवा कुछ भी कहने व बोलने से कतरा रही है। लेकिन इस घटना में और कौन लोग मददगार थे, यह प्रश्न लोगों के जेहन में अब भी उमड़-घुमड़ रहा है।

# पुलिस अफसरों से की कार्रवाई की मांग

गोण्डा। परसपुर बसंतपुर शमशेरपुरवा की रामा देवी ने पास के ही कुछ दबंगो पर आबादी की भूमि पर उन्हे कब्जे से बेदखल करने के लिए मारपीट करने के आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने बताया कि मारपीट की घटना की शिकायत करने पर दबंग उसे गांव से उजाड़ने की धमकी दे रहे हैं।

# मेहनौन में मातमी सन्नाटा, फिजा में तैरती रहीं चर्चायें

संवादसूत्र, मेहनौन/धानेपुर (गोंडा) : गत रविवार को धानेपुर थाना के मेहनौन गांव में प्रेमिका के घर गए प्रेमी को युवती के घर वालों ने संदिग्ध हालात में पकड़ लिया था। इससे नाराज प्रेमिका (युवती) के घर वालों ने दोनों की गला दबाकर हत्या कर दी थी। दोनों मृतक एक ही गांव के थे। ऐसे में गांव में पूरे दिन मातमी सन्नाटा छाया रहा। वहीं ग्रामीण तरह-तरह की चर्चा करते रहे। पुलिस ने घटना का राजफाश करते हुए हत्यारोपित प्रेमिका के पिता व भाई को गिरफ्तार कर लिया है।

मृतक के घर पुलिस कर्मी तैनात रहे। मृतक सतीश कुमार पांच भाइयों मे चौथे स्थान पर था। वह जेल भेज दिया गया है। ग्राम मेहनौन के रहने वाले मृतक सतीश कुमार के पिता विंदेश्वरी प्रसाद के दो बेटियां व पांच बेटे हैं। विंदेश्वरी प्रसाद दोनों बेटियों मालती व गुड़िया की शादी कर चुके हैं। बड़ा बेटा लवकुश शादी के बाद भिवंडी में होटल का व्यवसाय करता है। उसके साथ दो छोटे भाई संजय कुमार व हरीश कुमार पिता के साथ माली का कार्य करते हैं। गत मंगलवार को जब पिता को घटना की जानकारी मिली तो उसके पैर तले जमीन खिसक गई। विंदेश्वरी अपने दो बेटों संजय कुमार व हरीश कुमार के साथ घर के लिए रवाना हो गए।

मृतक सतीश कुमार कक्षा दस तक की पढ़ाई पूरी कर मां प्रभावती व छोटे भाई विशाल के साथ गांव में रहकर खेती करता था। सीओ सदर शिल्पा वर्मा ने कहा कि घटना का कारण स्पष्ट है। प्रेमिका के आरोपित पिता कृपाराम व भाई राघवराम को गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतक युवती के आरोपित पिता व भाई के गिरफ्तारी होने के बाद उसके घर ताला बंद रहा। मृतका के रिश्तेदारों को बुलाकर विधिक कार्रवाई कर शव को सौंपने की कार्रवाई की जाएगी। घटना से गांव में मातमी सन्नाटा छाया है।



गुमसुम बैठे मृतक सतीश कुमार के परिजन व हत्या आरोपित के घर के गेट में लगा ताला • जागरण

# सात साल से फरार इनामी गिरफ्तार

- 25 हजार का इनामी था पकड़ा गया आरोपी
- दो दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज थे

गोंडा/परसपुर, संवाददाता। सात साल से फरार चल रहे पच्चीस हजार के इनामिया शातिर अपराधी को परसपुर पुलिस गिरफ्तार करने में कामयाब रही है। शातिर अपराधी पर जनपद गोंडा समेत गैर जनपद के कई थानों में करीब दो दर्जन से अधिक गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है जिसमें सालो से वांछित था।

थानाध्यक्ष परसपुर शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान सूचना मिली कि एक शातिर किस्म का आदमी घूम रहा है। मौके पर पहुंचकर संदिग्ध की तलाशी ली गई। नाम पता पूछने पर आनाकानी करने लगा जिस पर शक के आधार पर उसे हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछा गया तो उसने अपना परिचय ग्राम चयपुरवा थाना कौड़िया निवासी शातिर अभियुक्त शाहिद पुत्र ननकऊ के रूप में बताया। शातिर अभियुक्त करीब सात से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ने 25,000 रुपए का पुरस्कार घोषित किया था। गिरफ्तार अभियुक्त शाहिद पुत्र ननकऊ के विरुद्ध स्थानीय थाने में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया है।

**25 हजार का इनामी गैंगस्टर पकड़ा:** थाना करनैलगंज पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर गैंगेस्टर ऐक्ट के वांछित अभियुक्त बुद्धिलाल पुत्र परागदत्त दुबे निवासी माधवपुर थाना कटराबाजार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक उसका एक संगठित गिरोह था।

# तिरंगे का अपमान करने में गिरफ्तार

संसू, खरगूपुर(गोंडा) : राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने पर दो आरोपितों पर राष्ट्र गौरव अपमान निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा लिख कर उन्हें गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि इंटरनेट मीडिया (वाट्सएप ग्रुप) पर एक फोटो प्रसारित हो रहा है। इसमें एक व्यक्ति राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करता हुआ दिख रहा है। ध्वज को वह अपने पैर के नीचे दबा रखा है। फोटो में एक दूसरा व्यक्ति भी खड़ा नजर आ रहा है। राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के आरोपित भगवानदीन पुरवा के उमानाथ शुक्ल व साथ में खड़े शिव शंकर को गिरफ्तार किया गया है।

# विवाहिता ने ससुर पर लगाया छेड़खानी का आरोप, मुकदमा

संवादसूत्र, बेलसर (गोंडा) : तरबगंज थाना के एक गांव की रहने वाली विवाहिता ने अपने ससुर पर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। वहीं पति पर मारने पीटने व जान से मार डालने की नीयत से बिजली का करंट लगाने और गला दबाने का आरोप लगाया है। विवाहिता का आरोप है कि उसने थाने पर तहरीर दी,लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई।

**दो पक्षों में मारपीट-**

**मनकापुर** : ग्राम झलमल लमती के रहने वाले जगत राम ने दी गई तहरीर में कहा कि गत मंगलवार की रात विपक्षी ने अभद्रता कर उसके साथ मारपीट की। बीच बराव करने आई बेटी व बेटा की भी पिटाई कर दी। दूसरे पक्ष के नंदलाल चौहान का कहना है कि आपसी विवाद को लेकर विपक्षी ने उसकी पिटाई कर दी। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि दोनों पक्षों के तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा किया गया है।

## 25-25 हजार के इनामी दो गैंगस्टर गिरफ्तार

गोंडा। पुलिस ने 25-25 हजार रुपये के ईनामी दो गैंगेस्टर को बुधवार को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक करीब सात साल से फरार चल रहा था।

परसपुर थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय ने बताया कि कौड़िया थाना क्षेत्र के चयपुरवा गांव के रहने वाले गैंगेस्टर शाहिद के खिलाफ थाना परसपुर में वर्ष 2016 में चोरी का मुकदमा दर्ज था। वह क्षेत्र के एक गांव के एक घर में चोरी के इरादे से घुसा था। परिवार वालों पर धारदार हथियार से हमला करके घायल भी कर दिया था। तभी से वह फरार चल रहा था।

थानाध्यक्ष के मुताविक बुधवार को शाहिद के घर पर दविश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। वताया कि उस पर एसपी ने 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित कर रखा था। शाहिद पर हत्या के प्रयास, लूट, डकैती, गैंगेस्टर एक्ट व अन्य धाराओं में 31 आपराधिक मुकदमे गोंडा व वहराइच जिले में दर्ज हैं।

करनैलगंज इंस्पेक्टर चितवन कुमार ने बताया कि 25 हजार के ईनामी गैंगेस्टर वृद्धिलाल निवासी माधवपुर थाना कटरा वाजार को क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। इंस्पेक्टर ने वताया कि वह अपने गिरोह के वदमाशों के साथ मिलकर भूमि के फर्जी दस्तावेज तैयार करके लोगों से जालसाजी करता था। (संवाद)

# मामला दर्ज

करनैलगंज । रस्सी के खिंचाव से जमीन पर गिरे एक व्यक्ति ने गुस्से में आकर लोहे के रॉड से प्रतिबंधित पशु पर हमला कर दिया था। इससे उसकी मौत हो गई थी। राहगीर मृत्युंजय पुरी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युनुस निवासी ग्राम गुरसड़ी के विरुद्ध पशु क्रूरता निवारण अधिनियम व धारा 426 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# दबंगों ने पुलिस टीम पर किया हमला, चार आरोपित गिरफ्तार

संसू, गोंडा : सूचना पर समस्या का निस्तारण कराने गई डायल 112 की टीम व पुलिस कर्मियों पर दबंगों ने लाठी-डंडा से हमला कर दिया, इसमें आरक्षी कृष्ण कुमार जख्मी हो गए। उप निरीक्षक चंद्रसेन वर्मा की तहरीर पर आठ नामजद समेत कई अज्ञात पर जानलेवा हमला सहित सहित अन्य धाराओं में मुकदमा किया गया है। पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। दूसरी तरफ दो थानों की पुलिस ने 25-25 हजार रुपये के इनामी दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

खरगूपुर थाना के चौरी परिहार के रहने वाले अजय सिंह ने विपक्षी से भूमि विवाद होने पर सूचना डायल 112 को दी। डायल 112 की टीम जब वहां पहुंची और समझौता कराने का प्रयास करने लगी तो दबंगों ने पुलिस कर्मियों के साथ विवाद शुरू कर दिया। डायल 112 की टीम ने इसकी सूचना थाने पर दी। उप निरीक्षक चंद्रसेन वर्मा टीम के साथ गांव गए। थानाध्यक्ष खरगूपुर दिनेश सिंह ने कहा कि दारोगा चंद्रसेन वर्मा टीम के साथ जब वहां पहुंचे तो देखा कि डायल 112 को फोन करने वाला व उसके घर के लोग पुलिस टीम पर हमला कर रहे रहें। पुलिस टीम ने मामले को शांत कराया। हमले में एक आरक्षी को चोट भी आई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में उप निरीक्षक की तहरीर पर मुकदमा लिख कर चार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है, इनमें अभय सिंह उर्फ रिंकू, समरथ सिंह, गीता देवी व सावित्री देवी शामिल हैं।

## इनामी बदमाश गिरफ्तार

सात वर्षों से फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी आरोपित कौड़िया थाना के चयपुरवा के रहने वाले शाहिद को परसपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि आरोपित शाहिद पर विभिन्न थानों में 31 मुकदमे दर्ज हैं। इसकी गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई थी। वहीं, कर्नलगंज पुलिस ने गैंगस्टर आरोपित व 25 हजार रुपये के ईनामी कटरा बाजार थाना के माधवपुर के रहने वाले बुद्धिलाल को गिरफ्तार किया है। आरोपित जालसाजी कर भूमि का बैनामा कराकर धन अर्जित करता था।

# पति व ससुर के खिलाफ मुकदमा

संवाद न्यूज एजेंसी

तरबगंज (गोंडा)। तरबगंज के एक गांव की विवाहिता की गुहार के बाद एसपी के आदेश पर उसके पति व ससुर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। महिला का आरोप है कि शादी के कुछ दिनों बाद से ही ससुराल में उसे प्रताड़ित किया जा रहा है।

ससुर आए दिन अश्लील हरकत व छेड़खानी करते हैं। जिसकी शिकायत उसने पति से की तो शराब के नशे में उसने पिटाई कर दी। थाने पर कई बार शिकायत भी की मगर हर बार सुलह करा दी गई। दो माह पहले आरोपियों ने उसे पीटकर बच्चों समेत घर से निकाल दिया। एसपी के आदेश पर तरबगंज थाने में आरोपी पति व ससुर के खिलाफ मारपीट, छेड़खानी, उत्पीड़न व धमकी के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच कराई जा रही है।

## दहेज प्रताड़ना का केस

इटियाथोक (गोंडा)। ग्राम हिंदूनगर की गायत्री देवी ने आरोप लगाया कि पति घनश्याम यादव निवासी विश्रामपुर बरेली ने अपने पिता दीनानाथ के सहयोग से दूसरा विवाह कर लिया है। पति व ससुर ने ससुराल आने पर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने आरोपी पति घनश्याम यादव व ससुर दीनानाथ यादव के खिलाफ दहेज प्रताड़ना के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। (संवाद)

## पति समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट

तरबगंज (गोंडा)। तरबगंज के रामापुर निवासी रंजना ने दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया है। एसपी से शिकायत कर रंजना ने बताया कि उसकी शादी जून 2021 में हरिशंकर निवासी खमरिया कर्मडीह, धानेपुर से हुई थी। छह माह की गर्भवती रंजना का आरोप है कि ससुराल वाले बुलेट की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। उसे मारने का प्रयास भी किया। एसपी के आदेश पर तरबगंज थाने में आरोपी पति हरिशंकर, ससुर सीता शरण, सास लाली, ननद ननकी मुन्नी उर्फ रंजना, किरन व माला निवासी खमरिया कर्मडीह धानेपुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि विवेचना की जा रही है। (संवाद)

# अवैध पैथोलॉजी की सील तोड़ने के मामले में एफआईआर

खोड़ारे (गोंडा)। बभनजोत विकासखंड के अल्लीपुर बाजार में संचालित अवैध पैथोलॉजी व डायग्नोस्टिक सेंटर में सरकारी सील लगा ताला तोड़ने के मामले में चौथे दिन चोरी का केस दर्ज कराया गया है।

खोड़ारे पुलिस ने एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर खानापूर्ति तो कर ली मगर 12 दिन में पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की टीम ये पता नहीं लगा सकी कि तीन साल से अवैध डायग्नोस्टिक सेंटर का संचालन कौन कर रहा था। सरकारी सील तोड़कर सामान निकालने वाला व्यक्ति भी अभी तक अज्ञात है। ऐसे में पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं, जबकि गांव-गांव में स्वास्थ्यकर्मी मौजूद हैं। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि एसीएमओ डॉ. आदित्य वर्मा की तहरीर पर एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। छानबीन कर कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

# दो धरे गए

खरगूपुर। राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने पर दो लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया के व्हाट्सएप ग्रुप पर एक फोटो वायरल हो रहा था। आरोपी उमानाथ शुक्ला और शिवशंकर निवासी गण भगवान दीन को पकड़ लिया गया।

# दो वाहन चोरों को तीन साल की सजा

## साक्ष्य के अभाव में अदालत ने चार को करार दिया दोषमुक्त

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। करनैलगंज में बाइक चुराकर बेचने के मामले में दो दोषियों को अदालत ने तीन-तीन साल कारावास और 20-20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। जबकि साक्ष्य के अभाव में न्यायालय ने चार आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अनीता साहू ने बताया कि 25 अगस्त 2012 को करनैलगंज पुलिस ने क्षेत्र में जहांगिरवा के पास से से बाइक सवार बहराइच के जरवलरोड थाना क्षेत्र के ग्राम बर्दपुर मौजा आगापुर निवासी दिनेश कुमार सिंह उर्फ बब्लू, ग्राम गुलरिहा मौजा धनराजपुर निवासी अनोखे लाल वर्मा व ननकू गोंडिया को पकड़ा था।

पूछताछ में तीनों ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों से बाइक चोरी करके गोंडा व बाराबंकी में बेचते हैं। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की पांच बाइक बरामद कीं।

पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना की और दिनेश कुमार सिंह, अनोखे लाल वर्मा, ननकू गोंड़िया, करनैलगंज के ग्राम अतरसुइया मौजा गुमदहा के वीर सिंह राना, ग्राम गोहट्टा काशीपुर के नन्हके गोंड़िया, नंगू गोंड़िया, बाराबंकी के टिकैतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर माझा के बसंतलाल व हरदोई के अतरौली थाना क्षेत्र के ग्राम कारको निवासी राहुल सिंह के खिलाफ न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया। मुकदमे के दौरान अनुपस्थिति के कारण दिनेश कुमार सिंह व राहुल सिंह की पत्रावली अलग कर दी गई। ट्रायल के दौरान साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने अनोखे लाल वर्मा व ननकू गोंड़िया को दोषसिद्ध किया। वहीं, साक्ष्य के अभाव में वीर सिंह राना, नन्हके गोंड़िया, नंगू गोंड़िया व बसंतलाल को दोषमुक्त कर दिया। बुधवार को अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम नम्रता अग्रवाल ने अनोखे लाल वर्मा व ननकू गोंड़िया को तीन-तीन साल कठोर कारावास और 20-20 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

### महिला समेत दो गैंगस्टरों की जमानत खारिज

गोंडा। हत्या, गौहत्या, मांस बिक्री व गिरोहबंद अधिनियम के तहत आरोपी एक महिला समेत दो अभियुक्तों का जमानत प्रार्थना पत्र न्यायालय ने निरस्त कर दिया। विशेष लोक अभियोजक (गैंगस्टर एक्ट) उदय प्रताप वर्मा व दान बहादुर सिंह ने बताया कि खरगूपुर थाने की पुलिस ने मारपीट, हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी और गौहत्या कर मांस बिक्री में लिप्त क्षेत्र के ग्राम लोनावा दरगाह निवासी इद्दन निशा और रबीउल्ला पर गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया था। बुधवार को सुनवाई के दौरान विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) राजेश नारायण मणि त्रिपाठी ने इद्दन निशा व रबीउल्ला का जमानत प्रार्थनापत्र निरस्त कर दिया। (संवाद)

## हत्या के प्रयास दो दोषियों को कारावास

### आठ माह की कैद और 6,550 रुपये जुर्माने से किया दंडित

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। नवाबगंज थाना क्षेत्र में आठ साल पूर्व पुलिस टीम पर जानलेवा हमला और पशु क्रूरता के मामले में न्यायालय ने दो दोषियों को आठ माह के कारावास और 6,550 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि 14 मार्च 2015 को सुबह आठ बजे नवाबगंज पुलिस ने फैजाबाद बस्ती मार्ग पर महेशपुर के पास पशुओं से लदे एक ट्रक को रोकने का प्रयास किया। इस पर चालक ने रफ्तार तेज कर वाहन से पुलिस टीम को कुचलकर जान से मारने का प्रयास किया।

पुलिस ने ट्रक रुकवाकर कूदकर भाग रहे अंबेडकरनगर के भीटी थाना क्षेत्र के ग्राम दहेमा निवासी चालक मलखान यादव व ट्रक में सवार जौनपुर के थाना सरपतहा के ग्राम गुलामीपुरवा निवासी मुन्नर, खुटहन थाना क्षेत्र के ग्राम पटेला के रहने वाले शाहिद अंसारी व मो. कैद उर्फ कैदे को पकड़ लिया। जबकि फतेहपुर जिले का अयूब भागने में सफल रहा।

पुलिस ने ट्रक में लदे 27 गोवंशीय पशुओं को बरामद किया। केस की विवेचना में हत्या के प्रयास, गोवध निवारण व पशु क्रूरता अधिनियम के अपराध का पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। मामले में आरोपी मलखान की पत्रावली में 13 मार्च 2018 को ही निर्णय हो चुका है। जबकि गैरहाजिरी के कारण मुन्नर की पत्रावली अलग कर दी गई।

ट्रायल के दौरान अदालत ने शाहिद अंसारी व मो. कैद को दोषसिद्ध किया। अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी नवीन चिर कुमारित्व ने बुधवार को शाहिद अंसारी व मो. कैद को आठ-आठ माह के कारावास और 6,550-6,550 रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

# दोहरी हत्या के आरोपी पिता-पुत्र को जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

## मेहनौन गांव के सतीश व आरती चौरसिया की हत्या का मामला

मुजेहना/गोंडा। मेहनौन गांव में बेटी आरती चौरसिया व उसके प्रेमी सतीश चौरसिया की हत्या के आरोपी कृपाराम चौरसिया व उसके पुत्र राघवराम को बुधवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। जहां से दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

ऑनर किलिंग के आरोपी कृपाराम चौरसिया व उसके पुत्र राघवराम चौरसिया ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि रविवार देर रात सतीश चौरसिया चोरी से उनके घर आया। वह आरती के कमरे में था। भनक लगने पर कमरे का दरवाजा खुलवाने की कोशिश की मगर दोनों ने कुंडी नहीं खोली। इस पर सब्बल से दीवार पर चोट मारनी शुरू कर दी। जिससे डरकर सतीश ने दरवाजा खोल दिया और अपनी गलती पर माफी मांगने लगा। मगर कृपाराम और राघवराम के सिर पर खून सवार था।

### बीमारी से मौत बता किया था बेटी का अंतिम संस्कार

मुजेहना (गोंडा)। आरती और उसके प्रेमी सतीश की हत्या के बाद पिता-पुत्र ने रिश्तेदारों व गांव वालों को गुमराह किया। बताया कि आरती की बीमारी से मौत हो गई। रिश्तेदार और गांव के कुछ लोग ने पिता-पुत्र की बात पर विश्वास कर आरती के अंतिम संस्कार में अयोध्या गए थे। (संवाद)

दोनों ने आरती के हाथ-पैर बांधकर मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। फिर एक कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद सतीश की जमकर पिटाई की। फिर दोनों हाथ बांधकर गले में रस्सी डालकर फांसी पर लटका दिया। इसके बाद आरती के सिर पर वार कर उसकी भी रस्सी से गलाकर कसकर हत्या कर दी।

धानेपुर थानाध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि आरती का अयोध्या व सतीश का गोंडा में पोस्टमार्टम हुआ है। सतीश का शव गांव पहुंचा तो मां और बहन रो-रोकर अचेत हो जा रही थीं। कड़ी सुरक्षा के बीच गांववालों और रिश्तेदारों के साथ मिलकर पिता और भाई ने सतीश का अंतिम संस्कार किया। वहीं, आरोपी कृपाराम चौरसिया व राघवराम चौरसिया को कोर्ट में पेश करके जेल भेजा गया है।

सतीश के घर में मचा कोहराममेहनौन गांव के रहने वाले विन्देश्वरी चौरसिया बेटे लवकुश, संजय व हरिश्चंद्र के साथ मुंबई के भिवंडी में रहते हैं। संजय व हरिश्चंद्र उनके साथ पावरलूम में काम करते हैं। जबकि लवकुश चाय की दुकान चलाता है। दो बेटे सतीश व विशाल गांव में मां के साथ रहते थे। बेटे सतीश की हत्या पर विन्देश्वरी फफक पड़े।

## तिरंगे के अपमान की फोटो वायरल, दो गिरफ्तार

खरगूपुर (गोंडा)। राष्ट्रीय ध्वज के अपमान की एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इसे संज्ञान में लेकर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सोशल मीडिया के एक व्हाट्सएप ग्रुप पर एक फोटो तेजी से वायरल हो रही है। जिसमें दो युवक मुस्कराते हुए दिख रहे हैं। इनमें से एक युवक राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करता दिख रहा है। वायरल फोटो को संज्ञान में लेकर पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। खरगूपुर थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि पकड़े गए उमानाथ शुक्ल निवासी भगवानदीन पुरवा व शिवशंकर के खिलाफ राष्ट्र गौरव अपमान निवारण अधिनियम के तहत के दर्ज कर कार्रवाई की गई है। (संवाद)

## सोने की चेन व तीन मोबाइल लूटे

गोंडा। शहर में जय नारायण चौराहे के समीप मंगलवार देर रात बाइक सवार तीन बदमाशों ने एक युवक को धमकाकर तीन मोबाइल फोन व सोने की चेन लूट ली। नगर कोतवाली क्षेत्र के खैरी बड़गांव निवासी प्रदीप कुमार बहराइच रोड स्थित कोल्ड स्टोरेज के समीप डॉ. यूपी सिंह के यहां काम करता है। मंगलवार रात नौ बजे वह बाइक से घर जा रहा था। तभी जयनारायण चौराहे के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने उसे रोक लिया और धमकाकर तीन मोबाइल फोन व सोने की चेन लूटकर भाग गए। प्रदीप ने नगर कोतवाली में तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन की जा रही है। (संवाद)

## महिला समेत छह के खिलाफ मुकदमा

परसपुर (गोंडा)। परसपुर थाना क्षेत्र के सरदार पुरवा दुरौनी निवासी विमला ने बताया कि गांव के ही दो लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। पुत्र किशन बचाने आया तो उसे भी पीटा। पुलिस ने रजनीकांत गौतम व अरविंद गौतम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। दूसरे पक्ष की अर्चना ने बताया कि गांव के चार लोगों ने उसकी व बेटे चंदन गौतम की पिटाई की। पुलिस ने विमला, दुर्गेश गौतम व काशी सहित चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। (संवाद)

## फसल के नुकसान की शिकायत पर धमकाया

नवाबगंज (गोंडा)। नवाबगंज के कल्यानपुर के परवानी पुरवा गांव निवासी मीना देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के कुछ लोगों से भूमि विवाद चल रहा है। पास के होलापुर काजी गांव स्थित खेत में उसने धान की फसल लगाई है। शनिवार को कुछ लोगों ने उसकी फसल में ग्लाइसर दवा का छिड़काव कर दिया, जिससे पूरी फसल झुलस गई। जब वह शिकायत करने गई तो आरोपियों ने अभद्रता करते हुए लाठी-डंडा लेकर दौड़ा लिया और जान से मारने धमकी दी। इंस्पेक्टर मनोज कुमार राय ने बताया कि तहरीर मिलने पर जांच कराई जाएगी। (संवाद)

## महिला लापता

वजीरगंज (गोंडा)। वजीरगंज के खानपुर गोरथनिया निवासी नीतू ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसकी देवरानी रामदुलारी (30) 17 अगस्त को घर से कहीं चली गई है। वह अब तक वापस नहीं आई है। जबकि उसके देवर अन्य प्रांत में नौकरी करते हैं। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर एसआई संतराज यादव को जांच सौंपी गई है। (संवाद)

# पुलिस टीम पर हमला, 20 के खिलाफ केस

खरगूपुर (गोंडा)। खरगूपुर के चौकी परिहार गांव में भूमि विवाद सुलझाने गई यूपी 112 की पुलिस टीम पर लोगों ने हमला कर दिया। पुलिस ने ग्राम प्रधान सहित दस नामजद व दस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। दो महिलाओं समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**खरगूपुर के चौकी परिहार गांव में भूमि विवाद सुलझाने गई थी पुलिस**

**ग्राम प्रधान व दो महिलाओं समेत चार गिरफ्तार, अन्य की तलाश**

गांव के अरुण सिंह ने नवीन परती की भूमि पर मढ़हा रखा था। जिसे मंगलवार देर रात गांव के अजय सिंह ने गिरा दिया था। मामले में अरुण सिंह ने अजय सिंह सहित तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी विवाद को लेकर दूसरे पक्ष के अजय सिंह ने बुधवार को यूपी 112 पर मारपीट की सूचना दी। जब यूपी 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो अजय सिंह के पक्ष के लोग ही पुलिस से अभद्रता करने लगे। बवाल बढ़ता देख सूचना पर थाने से उपनिरीक्षक चंद्रसेन वर्मा पुलिस बल के साथ पहुंचे तो लोगों ने लाठी-डंडे से पुलिस टीम पर हमला कर दिया।

थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि हमला करने वाले अजय सिंह, उसकी पत्नी गीता देवी, संतोष सिंह, उसकी पत्नी सुधा देवी, अरुण सिंह, उसकी पत्नी सावित्री, अतुल सिंह, ग्राम प्रधान अभय सिंह उर्फ रिंकू, समरथ सिंह, विजय पाल सिंह व दस अज्ञात लोगों विरुद्ध जानलेवा हमला, बलवा, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि ग्राम प्रधान अभय सिंह उर्फ रिंकू, समरथ सिंह, गीता देवी व सावित्री को गिरफ्तार किया गया है। संवाद

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-24-08-2023

# मादक पदार्थ व अवैध हथियार रखने में तीन वर्ष की कैद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** विशेष सत्र न्यायाधीश ने अवैध शस्त्र व मादक पदार्थ रखने का दोषी मानते हुए एक व्यक्ति को तीन वर्ष के कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उन्होंने विभिन्न मुकदमों में उसे दोषी करार देते हुए 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र प्रताप पांडेय व मॉनीटरिंग सेल प्रभारी केके यादव ने बताया कि थाना ललिया के मथुरा बाजार निवासी नसीम उर्फ माओवादी के खिलाफ थाना ललिया व तुलसीपुर में अवैध शस्त्र रखने का एक मुकदमा और अवैध मादक पदार्थ रखने के चार मुकदमे विशेष सत्र न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट में लंबित थे। इस दौरान नसीम ने पांचों मुकदमों में

## विशेष सत्र न्यायाधीश ने 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

अपना जुर्म न्यायालय के समक्ष स्वीकार करते हुए कम से कम सजा देने की अपील की। जबकि सरकारी अधिवक्ता ने कई मुकदमों में आरोपी होने के कारण कठोर सजा देने की न्यायालय से अपील की।

दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद विशेष सत्र न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट अभिन्नतम उपाध्याय ने नसीम को पांचों मुकदमों में दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने उसे एनडीपीएस के चार व आर्म्स एक्ट के एक मुकदमे में अधिकतम तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई।

# वकीलों ने जताया शोक, नहीं किया न्यायिक कार्य

**बलरामपुर।** दीवानी न्यायालय परिसर में बुधवार को वरिष्ठ अधिवक्ता नसीम खां के निधन पर प्रभारी जिला जज इफ्तेखार खां की अध्यक्षता में शोकसभा का आयोजन किया गया। सभी न्यायिक अधिकारियों व अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य भी नहीं किया।

इस अवसर पर विशेष सत्र न्यायाधीश अभिन्नतम उपाध्याय, जहेंद्र पाल सिंह, विनोद कुमार, सीजेएम प्रीतिमाला चतुर्वेदी, जिला बार संघ अध्यक्ष रामानंद मिश्र, महामंत्री अजय बहादुर सिंह, कलेक्ट्रेट बार संघ अध्यक्ष दयाशंकर पांडेय, महामंत्री कमलेश्वर सिंह, युवा बार संघ अध्यक्ष अमित कुमार पांडेय व महामंत्री विवेक कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। (संवाद)

# नकदी व जेवर चोरी में आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर।** ललिया थाने के जोगियाकला गांव में 18 अगस्त को हुई चोरी का खुलासा पुलिस ने किया है। एसपी केशव कुमार ने बताया कि जोगिया कला के राज कुमार ने जेवर व नकदी चुराने का मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में दाताराम व सूर्यभान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से छह हजार नकद व जेवर बरामद हुए हैं। (संवाद)

# जालसाजी का आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर।** नगर कोतवाली की पुलिस ने जालसाजी के आरोप में जमुना प्रसाद निवासी कटुई श्रीनगर को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि नगर कोतवाली की पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। (संवाद)

# फैक्ट्री में कंप्रेशर फटा, तकनीशियन की मौत

## बलरामपुर चीनी मिल के केमिकल डिवीजन में लगे पांच टन के एसी में गैस डालते समय ब्लास्ट से दो झुलसे

**हादसा**

**बलरामपुर, संवाददाता।** बलरामपुर चीनी मिल के केमिकल डिवीजन में लगे पांच टन के एसी में गैस डालते समय कंप्रेशर ब्लास्ट कर गया। सीनियर इलेक्ट्रिशियन की मौके पर ही मौत हो गई जबकि ठेके पर कम कर रहे दो मैकेनिक झुलस गए। हालत गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ रेफर किया गया है। घटना मंगलवार रात करीब 10 बजे होनी बताई गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

घटना के बाद मिल श्रमिकों ने मेमोरियल अस्पताल परिसर में हंगामा किया। इलेक्ट्रीशियन की पत्नी ने मिल अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए केस दर्ज करने सम्बन्धी तहरीर बुधवार को कोतवाली नगर में दी है। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

बलरामपुर चीनी मिल के ठीक सामने बीसीएम ग्रुप का केमिकल डिविजन स्थित है। जिसका संचालन करने के लिए मिल पांच मेगावाट बिजली का उत्पादन करती है। केमिकल डिविजन में ही इंसुलेशन पावर डिवीजन बनाया है।

पैनल को ठंडा रखने के लिए पांच-पांच टन के एसी लगे हैं। बताया जाता है कि केमिकल डिविजन में सीनियर इलेक्ट्रीशियन के पद पर तैनात चीनी मिल कॉलोनी निवासी 44 वर्षीय बृजेंद्र बहादुर शर्मा पुत्र स्वर्गीय जगदीश शर्मा एसी में गैस डालने गए थे। थाना देहात अंतर्गत जमुनही फरेंदा निवासी 37 वर्षीय प्रभाकर गौतम व 25 वर्षीय अनवर केमिकल डिविजन में ठेके पर एसी ठीक करने का काम करते हैं। बृजेंद्र बहादुर शर्मा, प्रभाकर गौतम व अनवर रात करीब 10 बजे एसी में गैस डालने गए थे। गैस डालते समय एसी का कंप्रेशर फट गया। बृजेंद्र बहादुर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। प्रभाकर को संयुक्त जिला अस्पताल व अनवर को मेमोरियल चिकित्सालय ले जाया गया। घटना की खबर मिलते ही मिल कर्मियों में आक्रोश फैल गया।

कर्मियों ने मेमोरियल चिकित्सालय पहुंचकर हंगामा करना शुरू किया तो मिल अधिकारी वहां से चले गए। हालत गंभीर देखकर प्रभाकर व अनवर को इलाज के लिए लखनऊ भेजा गया है। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल-चाल जाना। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की छानबीन कराई जा रही है।



केमिकल डिवीजन में ब्लास्ट एसी का मंजर

> घटना से सम्बन्धित तहरीर मिली है। प्रकरण की जांच चल रही है। प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।
> **विमलेश कुमार सिंह,** थाना प्रभारी

- घटना के बाद मिल श्रमिकों ने मेमोरियल अस्पताल परिसर में किया हंगामा
- शव को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस ने भेजा



बृजेन्द्र बहादुर शर्मा (फाइल फोटो)

**सीनियर इलेक्ट्रीशियन की पत्नी ने पुलिस को दी तहरीर :** बृजेन्द्र बहादुर शर्मा की पत्नी शिखा शर्मा ने मिल के केमिकल पॉवर डिवीजन के हेड एमके अग्रवाल व बीसीएम के एचआर हेड राजीव अग्रवाल व अन्य जिम्मेदार मिल अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कहा है कि उनके पति की मौत व साथियों की जिम्मेदारी अधिकारियों की ही है। अतः इस मामले की जांच कराई जानी चाहिए।

उनका आरोप है कि 22 अगस्त को उनके पति की ड्यूटी पैनल रूम में लगी थी। उन्होंने एसी खराब होने की सूचना एमके अग्रवाल, राजीव अग्रवाल व अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को दी थी। अधिकारियों ने जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं किया, जिसके चलते एसी में ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट इतना तेज था कि उसकी चपेट में आकर बृजेन्द्र बहादुर शर्मा की मौके पर मौत हो गई और उनके दो साथी गंभीर रूप से झुलस गए। उन्होंने कोतवाली नगर में तहरीर देकर सम्बन्धित जिम्मेदारों के विरुद्ध केस दर्ज कराने की मांग की है। थाना प्रभारी विमलेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराकर केस दर्ज किया जाएगा।

### मिल प्रशासन ने जताया अफसोस, बैठाई जांच

बलरामपुर चीनी मिल के प्रधान मुख्य प्रबंधक निष्काम गुप्ता तथा विधि एवं कार्मिक के प्रधान प्रबंधक राजीव अग्रवाल ने बताया कि एसी के कम्प्रेसर में ब्लास्ट कैसे हुआ, इस बात की जांच के लिए टीम गठित की गई है। घायलों का इलाज चीनी मिल की ओर से लखनऊ में कराया जा रहा है। जिसका सभी खर्च मिल की ओर से किया जाना है। बृजेन्द्र बहादुर शर्मा की मौत दु:खद है। उनके परिजनों को नियमानुसार निर्धारित धनराशि का भुगतान किया जाएगा। परिवार के साथ मिल की पूरी हमदर्दी है।

# दरगाह मैदान के पास खड़े दो ट्रैक्टर की बैट्री चोरी

उतरौला, संवाददाता। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र क्षेत्र अन्तर्गत शाहजहानी दरगाह के पास मैदान में खड़े दो ट्रैक्टर की बैट्री अज्ञात चोर चुरा ले गए। इस चोरी की घटना से क्षेत्र के भवन निर्माण सामग्री विक्रेता व किसान सकते में आ गए हैं। निसार अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि उतरौला डुमरियागंज मुख्य मार्ग पर उसका भवन निर्माण सामग्री की दुकान है। निर्माण सामग्री की सप्लाई के लिए उसके पास तीन ट्रैक्टर व ट्रालियां हैं। पिछले पांच वर्षों से वह इसी मैदान में अपनी तीनों ट्रैक्टर ट्राली खड़ा करते आ रहे हैं। प्रतिदिन की भांति मंगलवार शाम दुकान बंद करने के बाद तीनों ट्रैक्टर ट्राली यहीं खड़ी कर दिया था। बुधवार को सुबह वहां पहुंचने पर दो ट्रैक्टर की बैट्री गायब दिखी।

# नशीला पदार्थ व अवैध शस्त्र के मामले में अभियुक्त को तीन वर्ष कारावास

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** अपर सत्र न्यायाधीश ने नशीला पदार्थ व अवैध शस्त्र रखने के मामले में अभियुक्त को तीन वर्ष कारावास की सजा सुनाते हुए 20 हजार रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया है। थाना ललिया की पुलिस ने 2017 में नशीला पदार्थ रखने के मामले में और थाना तुलसीपुर की पुलिस ने अवैध शस्त्र रखने के मामले में 2018 में मथुरा बाजार थाना ललिया निवासी नसीम उर्फ माओवादी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की थी। अदालत ने अभियोजन के साथ व बचाव पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद अभियुक्त को दोषसिद्ध ठहराया है।

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-24-08-2023

हिन्दुस्तान

# कहीं भी माहौल बिगड़ता है तो लोग कहते हैं यूपी पुलिस को बुलाइए

**संबोधन**

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश की पुलिस ने आज देश में यूपी के बारे में धारणा बदल कर रख दी है। आज देश में कहीं भी कानून व्यवस्था की समस्या खड़ी होती है तो लोग कहते हैं कि उत्तर प्रदेश की पुलिस को बुला लीजिए। आम लोगों के मन में एक विश्वास पैदा हुआ है। हर तबके के मन में सुरक्षा का वातावरण बना है।

मुख्यमंत्री ने ये बातें बुधवार को लोकभवन सभागार में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के माध्यम से कुशल खिलाड़ी कोटे में चयनित 233 आरक्षियों को नियुक्ति पत्र वितरित करते समय कहीं। उन्होंने कहा कि यूपी में पर्व और त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जा रहे हैं। देश के अंदर सबसे अधिक निवेश करवाने वाले राज्य के रूप में यूपी सबसे आगे है। यूपी में एक वर्ष में 31 करोड़ पर्यटक आए हैं। ये सब दिखाता है कि बदलाव आया है। आप जैसे खिलाड़ी भी जब प्रदेश पुलिस बल का हिस्सा बनेंगे और यूपी पुलिस के लिए पदक झटकेंगे तो यह यूपी की छवि को और निखार लाने में मददगार होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा, खेलकूद की गतिविधियां खिलाड़ी के लिए उसकी रचनात्मकता का प्रतीक होती है। ऐसा देखा जाता रहा है कि जैसे ही सरकारी सेवा में आने का अवसर मिलता है, प्रैक्टिस बंद कर देते हैं। नियुक्ति पत्र पाने वाले खिलाड़ियों को यूपी पुलिस टीम का हिस्सा बनकर बेहतरीन प्रदर्शन के लिए हमेशा तैयार रहना है।

**02** सौ से ज्यादा आरक्षियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया

**31** करोड़ के करीब पर्यटक एक वर्ष में उत्तर प्रदेश आए हैं



## जब तक सामर्थ्य तब तक खेलिए

सीएम ने कहा, जिस ईमानदारी और पारदर्शिता से चयन हुआ है, आपसे भी राज्य सरकार को उसी ईमानदारी की उम्मीद है। जब तक सामर्थ्य है, तब तक यूपी पुलिस के लिए खेलिए। जब आपको लगे कि अब इससे अलग होना है तो कोच के रूप में युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करिए। संकीर्ण दायरे में बांधकर न रखें P07

# 10 ग्राम स्मैक सहित युवक गिरफ्तार

रुपईडीहा। मादकपदार्थ नियंत्रण ब्यूरो नेपालगंज व क्षेत्रीय पुलिस कार्यालय जैसपुर के जवानों ने 10 ग्राम स्मैक के साथ युवक वसीम साई को गिरफ्तार किया है। बांके जिले के डीएसपी व पुलिस प्रवक्ता नारायन डांगी ने बताया कि यह युवक भारतीय क्षेत्र से पैदल ही नेपालगंज की ओर जा रहा था। सुरक्षा बलों जवानों ने नेपालगंज उप महानगर पालिका वार्ड नं 16 टंकपसरी में रोक कर तलाशी ली।

# आग में घिरी छात्राओं को रेस्क्यू टीम ने बचाया

**मॉकड्रिल**

**बहराइच, संवाददाता।** बुधवार को दोपहर के 11 बज रहे थे। सायरन बजाती एंबुलेंस व एनडीआरएफ की टुकड़ी शहर के किसान पीजी कॉलेज के अंदर तेज गति से प्रवेश कर रही थी। नजारा देखकर सड़कों से गुजर रहा वाहनों कारवां थम गया। आने-जाने वाले हर लोगों के कदम रुके। सभी की निगाहें ऊपरी भवन से उठ रहे धुएं पर टिकी रहीं। आग की लपटों में घिरे लोगों को जवान रस्सियों के माध्यम से नीचे उतार रहे थे। घायल को एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल पहुंचाया जा रहा था।

शहर के किसान पीजी कॉलेज में बुधवार को भुकंप व अन्य आपदाओं से बचाने के लिए एनडीआरएफ की ओर से पूर्वाभ्यास किया गया। काफी देर तक लोग सकते में रहे। कॉलेज के बाहर लोगों की भीड़ लगी रही तो अंदर पूर्वाभ्यास में लगे जवान आपदा को नियंत्रण करने के अपने कौशल का प्रदर्शन कर रहे थे। ऊपरी मंजिल में उठते धुएं के बीच रस्सियों के सहारे स्ट्रेचर से घायलों को नीचे उतारा गया। यहां पहले से मौजूद मेडिकल टीम ने उनका प्राथमिक उपचार किया। इसके बाद एंबुलेंस से उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की 11वीं बटालियन वाराणसी के डिप्टी कमाण्डेन्ट अनिल कुमार पाल के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम की ओर से भूकम्प व भूकम्प के कारण होने वाली अग्नि दुर्घटना में बचाव का पूर्वाभ्यास किया गया।

मेगा मॉकड्रिल के लिए तैयार की गई पटकथा के अनुसार जवानों की ओर से आपदा को नियंत्रित किया गया। मेगा मॉकड्रिल के दौरान आपदा मित्रों व एनसीसी कैडेट्स द्वारा भी सहयोग प्रदान किया गया। समिति सचिव डॉ. मेजर एसपी सिंह ने कहा कि इस पूर्वाभ्यास से छात्रों को भी आपदा से निपटने की शिक्षा मिली है।



घायल का परीक्षण करती रेस्क्यू टीम ।

एसडीएम सदर डॉ. पूजा यादव, तहसीलदार कैसरगंज अजय कुमार यादव और मिहींपुरवा के अम्बिका चौधरी, प्रिंसिपल डॉ. विनय कुमार सक्सेना, एनडीआरएफ के इन्सपेक्टर अजय कुमार सिंह, आपदा विशेषज्ञ सुनील कुमार कनौजिया मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान

# सीसी टीवी कैमरा लगवाएं व्यापारी

नानपारा। आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा अराजकतत्वों पर नजर रखने के लिए व्यापारी दुकान के अंदर व बाहर सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगवाएं। यह बात कोतवाली नानपारा में व्यापारियों के साथ बैठक करते हुए प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार गौड़ ने कहीं।

कोतवाली नानपारा में प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार गौड़ ने बुधवार को व्यापारियों के साथ बैठक कर अपने-अपने दुकानों के बाहर अंदर सीसीटीवी कैमरे लगवाने की अपील की। जिससे कोई अप्रिय घटना होती है पुलिस कैमरे की मदद मिल सके।

# करंट से तीन मवेशी मरे

नवाबगंज। कस्बे के रोडवेज बस स्टाप पर लगे बिजली के खंभे पर करंट उतरने से सांड़ की बुधवार को मौत हो गई। दूसरी घटना नव्वा गांव में हुई। जहां करंट की चपेट में आकर लड्डन की गाय की मौत हुई है। मिहींपुरवा के वार्ड 13 में लगे पोल में करंट से मवेशी की मौत हो गई है।

हिन्दुस्त

# कार व नकदी न मिलने पर पत्नी को दिया तीन तलाक

**बहराइच, संवाददाता।** दहेज में कार व एक लाख की नकदी की मांग पूरी न होने पर पति व ससुरालवालों ने युवती को धुना। पति ने तीन तलाक दे दिया। शरीर के जेवर उतार उसे उसके गोद के बालक के साथ घर से भगा दिया। पीड़िता ने मायके में शरण लेकर पति सहित पांच पर केस दर्ज कराया है।

फखरपुर थाने के खालिदपुर निवासनी हलीमा खातून उर्फ महसरून निशां के पिता लड्डन की मृत्यु हो चुकी है। उसकी शादी बाराबंकी जिले के सफदरगंज थाने के रसौली पश्चिमी टोला निवासी नफीस अहमद पुत्र रफीक के साथ चार नवम्बर 2018 को हुई थी। मायके वालों ने भरपूर दान दहेज के बाद उसे पति व ससुरालवालों से कम दहेज के ताने मिले। कार व कारोबार को एक लाख नकदी की मांग रखी गई। आए दिन उसे मारपीट कर उत्पीड़न शुरू हो गया। 23 फरवरी को बेटे के जन्म के बाद भी उत्पीड़न बंद नहीं हुआ। आरोप है कि 23 जुलाई शाम चार बजे पति नफीस व ससुरालवालों ने उसे कार व नकदी लाने से मना करने पर जमकर पीटा। शरीर के सभी जेवर उतार लिए। पति नफीस अहमद ने तीन तलाक देकर उसे बच्चे सहित घर से निकाल दिया। जिस पर पीड़िता मायके पहुंची। वहां उसे शरण मिली। पीड़िता ने जिला महिला थाने में तहरीर दी।

# धर्म विशेष के युवकों पर हत्या का आरोप लगाकर प्रदर्शन

## बहराइच-बलरामपुर मार्ग पर देर रात लगाया जाम

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** दरगाह थानाक्षेत्र के अशोक निवासी एक युवक को गांव निवासी धर्म विशेष के कुछ युवक मंगलवार को काम के सिलसिले में गोंडा अपने साथ ले गए थे। परिजनो का आरोप है, की विपक्षियों ने युवक की वहीं हत्या कर दी। इसके बाद बुधवार की शाम घर शव पहुंचते ही परिजन आक्रोशित हो उठे। परिजनों ने एक घंटों बहराइच - बलरामपर मुख्य मार्ग जाम किया। इससे हाइवे के दोनों तरफ हजारों वाहनों की लंबी लाइन लग गई।

प्रदर्शन कर रहे मृतक के भाई राजू, शिवकुमार आदि ने बताया की उसके भाई राजकुमार(28) को गांव निवासी धर्म विशेष के कुछ युवक काम के सिलसिले में मंगलवार को गोंडा के खरगूपुर लेकर गए थे। आरोप है वहां सभी ने उसकी हत्या कर दी फिर उसे अस्पताल में छोड़ कर भाग आए। आरोप के मुताबिक घर आने पर तबियत खराब होने पर मौत होना बताया गया।



### वाहनों की लगी लंबी कतार

परिजन और ग्रामीण एंबुलेंस सहित शव को बहराइच - बलरामपुर मार्ग पर खड़ा कर रखे है और प्रदर्शन कर रहे है। लगभग एक घंटे से किए जा रहे प्रदर्शन के चलते लगभग हाइवे के दोनो तरफ 2 किमी लंबा जाम लग गया है।

### सीओ की बातचीत बेनतीजा

मौके पर भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात है। वहीं सीओ सदर राजीव सिसौदिया, कोतवाल देहात मनोज पांडेय के साथ परिजनों को मनाने में जुटे है। लेकिन सीओ की बातचीत बेनतीजा साबित हो रही है। वहीं परिजन विपक्षियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर उन्हें तत्काल गिरफ्तार करने की मांग पर अड़े है।

# दो हत्या आरोपियों को भेजा गया जेल

रिसिया (बहराइच)। थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह हुए रामनरेश हत्याकांड के दो आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है। शेष बचे नौ अभियुक्तों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। आरोपियों के पास से हत्या में प्रयुक्त भाला बरामद कर लिया है। थाना प्रभारी शैलेश सिंह ने बताया कि मृतक रामनरेश के हत्या में शामिल उसके बहनोई चिरई व भांजे दिलीप उर्फ गड्डे को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। हत्या में शामिल अन्य अभियुक्तों की तलाश में दबिश दी जा रही है। (संवाद)

# ईसाई धर्म से प्रेरित लोगों को भेंट की धार्मिक पुस्तक

संवाद न्यूज एजेंसी

## विहिप ने मंदिर में करवाया हनुमान चालीसा पाठ, भटके हुए लोगों को दी सनातन धर्म की जानकारी

मिहींपुरवा (बहराइच)। मुर्तिहा कोतवाली क्षेत्र में कुछ ग्रामीणों के ईसाई धर्म से प्रेरित होने की सूचना पर विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ता गांव पहुंचे। विहिप के विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह के नेतृत्व में गांव पहुंचे कार्यकर्ताओं ने गांव के मंदिर में चौपाल लगाई। प्रभावित लोगों को सनातन धर्म के महात्म को बताते हुए हुनमान चालीसा पाठ करवाया। साथ ही सभी ग्रामीणों को धार्मिक पुस्तक भी भेंट की।



नेपाल में ईसाई मिशनरी की धर्मसभा से लौटे ग्रामीणों को धर्म के प्रति जागरुक करते विहिप के पदाधिकारी। -संवाद

मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र में ईसाई मिशनरियों का जाल फैला हुआ है। मिशनरियों की ओर से आर्थिक रुप से कमजोर परिवारों को निशाना बनाया जा रहा है और उन्हें ईसाई धर्म से प्रेरित कर उनका धर्मांतरण करवाया जा रहा है। पूर्व में पुलिस द्वारा कई लोगों पर मुकदमा व गिरफ्तारियां की जा चुकी हैं।

ऐसा ही एक मामला मुर्तिहा कोतवाली के नौबना गांव का सामने आया है। इसकी जानकारी होने पर विश्व विश्व हिंदू परिषद के विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह ने टीम सहित पहुंच कर ग्रामीणों की घर वापसी करवाई है। विहिप उपाध्यक्ष संदीप सिंह ने बताया कि नौबना निवासी जगदीश, बेचई लाल, राकेश कुमार, प्रहलाद, हरिद्वार, चंद्रिका प्रसाद आदि लोगों के नेपाल में आयोजित ईसाई धर्म सभा में शामिल होने की जानकारी मिली थी।

# एसएसबी ने दबोचे दो नेपाली तस्कर

**रूपईडीहा।** एसएसबी जवानों ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। एसएसबी 42वीं वाहिनी के उप कमांडेंट अनिल कुमार यादव ने बताया कि गश्ती के दौरान नेपाल की ओर से दो संदिग्ध साइकिल सवार आते दिखे। दोनों को रोक कर तलाशी लेने पर उनके पास से 100 लेडीज शूट व 240 साड़ियां बरामद हुई हैं। तस्करों की पहचान नेपाल के बांके जिला निवासी चौहान अली व राम किशुन के रूप में हुई है। जांच के बाद दोनों को सीमा शुल्क कार्यालय रूपईडीहा को सौंप दिया गया है। (संवाद)

## ■ साइबर सेल ने खाते में वापस करवाई धनराशि

**बहराइच।** साइबर क्राइम नोडल एएसपी ग्रामीण कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि गुदड़ी निवासी मनीष मल्होत्रा साइबरी ठगी का शिकार को गए थे। जिस पर कोतवाली नगर पुलिस ने गहन छानबीन कर मनीष मल्होत्रा के खाते में ठगी किए गए 99,999 रुपये वापस करवा दिए हैं। कोतवाल नगर ब्रह्मा गौड़ ने बताया कि त्वरित कार्रवाई से पीड़ित ने पुलिस को आभार जताया है। (संवाद)

## ■ दबोचा गया किशोरी का अपहरणकर्ता

**बहराइच।** जरवलरोड थाना प्रभारी दद्दन सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र निवासी एक किशोरी को शादी का झांसा देकर एक युवक अपने साथ लेकर चला गया था। उसने किशोरी के साथ शारीरिक संबंध बनाए। प्रकरण में आरोपी सलीम को बुधवार को राजधानी ढाबे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। किशोरी का बयान दर्ज किया गया है। किशोरी के बयान के बाद आरोपी पर दुष्कर्म व पाक्सो की धाराओं को बढ़ा दिया गया है। (संवाद)

# ऑपरेशन दृष्टि की जागरूकता के लिए बैठक

**नानपारा (बहराइच)।** अपराधों पर अंकुश व अपराधियों पर त्वरित कारवाई के लिए जिले में ऑपरेशन दृष्टि का संचालन किया जा रहा है। इसकी जागरूकता के लिए बुधवार को नानपारा कोतवाल हेमंत कुमार गौड़ ने व्यापारियों के साथ बैठक की। इसमें पुलिस विभाग के सहयोग के लिए सभी से अपने प्रतिष्ठानों व दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने की अपील की गई। बैठक में मौजूद कोतवाल हेमंत कुमार गौड़ ने कहा कि सभी लोग अपनी दुकान और प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाएं। ताकि अपराधियों को पहचान कर तत्काल गिरफ्तारी की जा सके। उन्होंने व्यापारियों से नगर के सभी संवेदनशील स्थानों, मुख्य सड़क और चौराहों से लेकर गलियों में भी सीसीटीवी कैमरे लगवाने की अपील की। संवाद

# चंद्रयान को चंद्रमा पर उतरते देख बच्चे रोमांचित

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** चंद्रयान-3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर बुधवार शाम को उतरा। परिषदीय विद्यालयों के बच्चों इस ऐतिहासिक लम्हे का सीधा प्रसारण देख रोमांचित हो उठे। शासन के निर्देश पर पहली बार शाम को विद्यालयों को खोल कर बच्चों को यह यादगार लम्हा दिखाया गया। वहीं जिलेवासी भी इसे देखने के लिए टीवी स्क्रीन से

**परिषदीय विद्यालयों में दिखाया गया सीधा प्रसारण**



पुलिस लाइन में चंद्रयान की लैंडिंग का लाइव प्रसारण देखते बच्चे व शिक्षक। -संवाद





नानपारा के जयपुरिया स्कूल व (दाएं) नवाबगंज के प्राथमिक विद्यालय में प्रसारण देखते बच्चे व शिक्षक। -संवाद

# व्यापारियों संग बैठक कर सीसी कैमरे लगाने की अपील

संसू, नानपारा(बहराइच) : प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार गौड़ ने बुधवार को व्यापारियों के साथ कार्यालय में बैठक की। उन्होंने मौजूद लोगों से अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसी कैमरे लगवाने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि अपराध एवं अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए जिले में आपरेशन त्रिनेत्र चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कैमरे लगवाने से लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा।

# सूचना देने से नाराज दारोगा ने युवक को लात घूसों से पीटा

**जासं, बहराइच** : पुलिस अधिकारी लोगों से सहयोग की गुहार लगाते रहते हैं, लेकिन कैसरगंज कोतवाली इलाके में सूचना देने से नाराज दारोगा ने युवक को लात-घूसों से जमकर पीटा। पिटाई से युवक के दो दांत भी टूट गए। अधिकारियों से शिकायत करने पर उसे फर्जी मुकदमे में फसाने की धमकी दी जा रही है।

कैसरगंज कोतवाली इलाके के रेवली निवासी संतोष कुमार गुप्त ने अधिकारियों को दिए गए शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि कुछ दबंग सार्वजनिक रास्ते पर गड्ढा खोद रहे थे। इसकी सूचना उसने यूपी 112 पुलिस को दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दो आरोपितों समेत उसे भी जबरन कोतवाली ले आई। घंटों बैठाने के बाद उपनिरीक्षक रमेश चंद्र ने उसे रसोईघर में बुलाकर

# ईसाई बनने वालों की विश्व हिंदू परिषद ने कराई घर वापसी

संसू, मोतीपुर (वहराइच) : ईसाई मिशनरियों के मतांतरण अभियान के तहत बहकावे में आने वालों की घर वापसी विश्व हिंदू परिषद के विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह ने कराई। सभी ने सनातन धर्म अपनाकर पूजा पाठ शुरू किया।

संदीप ने बताया कि कोतवाली मुर्तिहा के अंतर्गत नौबना गांव निवासी जगदीश, बेंचई लाल, राकेश कुमार, प्रहलाद, हरिद्वार, चंद्रिका प्रसाद इत्यादि लोगों ने नेपाल पहुंचकर ईसाई धर्मसभा में भाग लिया था। तब से ये सनातन धर्म को छोड़ कर ईसाई धर्म मान रहे थे। मौके पर पहुंचकर इन लोगों को समझाया गया। मंगलवार देर शाम मंदिर में इकट्ठा कर इन्हें सनातन धर्म की जानकारी देते हुए हनुमान चालीसा का पाठ करवाया गया और प्रसाद खिलाकर सनातन धर्म में वापसी कराई गई। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के राघवेंद्र प्रताप सिंह, वीरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, पुरोहित, बलराम मिश्र, पवन निगम उपस्थित रहे।



मोतीपुर में हनुमान चालीस के साथ मौजूद सनातन धर्म में वापस आए लोग • जागरण




# सूरज राना को मिला हरदी थाने का प्रभार

जागरण संवाददाता, बहराइच : तीन दिन पहले दो निरीक्षकों के तबादले के बाद एक बार फिर बदलाव किया गया है। लगातार हो रहे तबादलों के कई थानाध्यक्षों के दिलों की धड़कनें तेज हैं।



सूरज कुमार राणा, थानाध्यक्ष हरदी

पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने बताया कि कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए तबादले किए गए हैं। एसपी ने जनसंपर्क अधिकारी रहे सूरज सिंह राना को हरदी थाने का प्रभार दिया है। अंजनी राय को अब बौंडी का थानाध्यक्ष बनाया है।

यहां तैनात रहे गणनाथ प्रसाद को हटाकर अपराध शाखा में तैनात किया है। इससे पहले निरीक्षक परमानंद तिवारी को यातायात प्रभारी की जगह मटेरा थाने का प्रभार सौंपा था। मनोज कुमार सिंह को मटेरा से हटाकर यातायात प्रभारी बनाया था।

# फ्रीज रकम दिलाकर सीजेएम ने पीड़ित को दी राहत

- एचडीएफसी बैंक खाते से साइबर अपराधियों ने उड़ाए थे एक लाख रुपये
- बैंक कर्मियों की लचर कार्यशैली से पीड़ित को रकम मिलने में हुई देरी

जासं, बहराइच: एचडीएफसी बैंक के खाते से साइबर अपराधियों ने एक लाख रुपये उड़ा लिए। बैंक ने राहत नहीं दी तो सीजेएम अदालत ने तफ्तीश के दौरान रकम वापस दिलाकर पीड़ित को तात्कालिक राहत दिलाई।

उद्योग व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष मनीष मल्होत्रा ने इस साल की शुरुआत में एचडीएफसी बैंक की डिगिहा शाखा में बचत खाता खोला था। 26 फरवरी को आनलाइन ट्रांजेक्शन के समय उनके मोबाइल पर एक लिंक आया, जिसे उन्होंने भूलवश टच कर लिया। लिंक टच करते ही उनका मोबाइल हैक हो गया। मल्होत्रा ने ओटीपी किसी से शेयर नहीं किया, लेकिन कुछ ही सेकेंड में उनके खाते से 99,999 रुपये एचडीएफसी बैंक मुंबई से मनोज किस्कू के खाते में ट्रांसफर हो गए।

मल्होत्रा ने तत्काल केंद्रीय गृह मंत्रालय के साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 व एचडीएफसी बैंक के टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर अपना खाता बंद करा दिया। साइबर हेल्पलाइन 1930 व स्थानीय पुलिस साइबर सेल की मदद से फ्राड करने वाले मनोज किस्कू का खाता भी फ्रीज करा दिया गया। मामले की पैरवी कर रहे अब्दुलहक खान 'जावेद' ने बताया कि फ्राड खाताधारक मनोज किस्कू की बैंक केवाईसी अपडेट नहीं है और उसके खाते में संभवतः फ्राड कर लाए गए लगभग दो लाख रुपये जमा हैं। तमाम पत्राचार, ईमेल व बैंक शाखा के चक्कर लगाने के बावजूद बैंक प्रबंधन ने कोई सहायता नहीं की।

अंत में पीड़ित ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शिवेंद्र कुमार मिश्र की अदालत में अर्जी देकर धन वापसी की गुहार लगाई। अदालत ने समान धनराशि की जमानत बंधक लिखवाकर बैंक को रकम दिलाने का आदेश जारी कर दिया। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के निर्देश पर साइबर सेल ने बैंक के लीगल सेल मुंबई शाखा तथा स्थानीय शाखा में संपर्क किया। इसके बाद 22 अगस्त को बैंक ने उक्त रकम पीड़ित के खाते में ट्रांसफर की।

जिले की महत्वपूर्ण खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

# बीयर दुकान में चोरी व धमकी मामले में केस

बहराइच। पयागपुर थाने के भूपगंज बाजार निवासी संतोष कुमार सिंह की कोट बाजार में लाइसेंसी बीयर की दुकान है। 18 अगस्त की रात इस दुकान में ताला तोड़कर लाखों की सम्पत्ति चोरी हो गई थी। आठ अगस्त को चार युवकों ने बीयर दुकान के मुनीम श्याम तिवारी को जान से मारने की धमकी दी थी। इस मामले मे संतोष कुमार सिंह की तहरीर पर ताला तोड़कर चोरी व धमकी मामले में रोचक विक्रम सहित चार को नामजद किया गया है।

# दवा के बहाने भूमि का कराया बैनामा

बहराइच। रामगांव थाने के तमाचपुर गांव निवासी रमाशंकर पुत्र तोताराम बीमार चल रहा था। उसकी पत्नी सुमन मजदूरी करने गई थी। सुमन ने बताया कि कुछ लोग उसके पति को दवा के बहाने ले गए। उसकी भूमि जिस पर मकान बना है। उसको अपने नाम बैनामा करा लिया। उसके पति को शराब में कुछ नशीला पदार्थ मिला कर पिला दिया। तभी से उसकी हालत बिगड़ती जा रही है। बाद में परिजनों को बैनामा होने की भनक लगी, तो परिजनों के होश उड़ गए।

# SHRAWASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-24-08-2023

# छेड़छाड़ के दोषी को चार साल की कैद

श्रावस्ती। किशोरी के साथ हुई छेड़छाड़ के एक मामले में अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो सुदामा प्रसाद की कोर्ट ने आरोपी को दोषी मानते हुए चार साल की जेल व आठ हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता उमाकांत त्रिपाठी ने बताया कि मल्हीपुर थाना क्षेत्र की एक 17 वर्षीय किशोरी से दो साल पहले गांव निवासी अमरेश पुत्र छांगुर ने घर में घुस कर बदनीयती से छेड़छाड़ की थी। किशोरी के शोर मचाने पर आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर मल्हीपुर पुलिस ने अमरेश के विरुद्ध न्यायालय पर आरोप पत्र भेजा था। विचारण के बाद अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार मानते हुए बुधवार को सजा सुनाई। संवाद

# कच्ची शराब के साथ तीन गिरफ्तार

श्रावस्ती। जिला पुलिस ने मंगलवार रात शराब बनाने व बेचने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया। इस दौरान सिरसिया पुलिस ने भरथा कला निवासी अंगद राम व मायाराम को गिरफ्तार कर उनके पास से दस-दस लीटर कच्ची शराब बरामद की। जबकि नवीन मॉडर्न पुलिस कटरा ने भटपुरवा निवासी करन को दस लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। (संवाद)

# जनता दर्शन में एसपी ने सुनीं समस्याएं

श्रावस्ती। पुलिस कार्यालय में बुधवार को एसपी प्राची सिंह ने जनता दर्शन में आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल 28 फरियादियों ने शिकायत की। इसमें आठ भूमि विवाद, आठ पारिवारिक विवाद व बारह अन्य विवाद से संबंधित थे। मिली शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के लिए एसपी ने संबंधित थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया। (संवाद)

# सीओ कार्यालय भवन का लोकार्पण



श्रावस्ती। वदला में पुलिस क्षेत्राधिकारी जमुनहा कार्यालय का जन सहयोग से निर्माण कराया गया है। बुधवार को एसपी प्राची सिंह ने इसका लोकार्पण किया। इस मौके पर एसपी ने कहा कि जन सहयोग से नामुमकिन कार्य भी आसानी से संभव हो सकता है। नवनिर्मित सीओ कार्यालय भवन इसका सीधा प्रमाण है। इसका निर्माण हो जाने से मल्हीपुर, हरदत्त नगर गिरंट व सोनवा थाना क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में एएसपी प्रवीण कुमार यादव, सीओ जमुनहा सतीश कुमार शर्मा, सीओ सिटी अतुल कुमार चौबे सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे। संवाद

# छेड़छाड़ के दोषी को चार वर्ष का सश्रम कारावास

संसू, श्रावस्ती : मल्हीपुर क्षेत्र के एक गांव की 17 वर्षीय किशोरी के साथ लगभग दो वर्ष पूर्व हुए छेड़छाड़ के मामले में दोषी को चार वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। आठ हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) उमाकांत त्रिपाठी ने बताया कि किशोरी रात में अपने घर में लेटी थी।इसी दौरान अमरेश घर में घुस आया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा।पीड़िता के शोर मचाने पर उसकी दिव्यांग मां आ गई तो आरोपित गाली देते हुए वहां से भाग गया।किशोरी के पिता की तहरीर पर मल्हीपुर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ।विचारण के बाद अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो सुदामा प्रसाद ने आरोपित अमरेश को दोषसिद्ध ठहराते हुए सजा सुनाई है।

# नवनिर्मित क्षेत्राधिकारी कार्यालय का उद्घाटन

गिरंटबाजार। बदला पुलिस चौकी में जन सहयोग से सीओ जमुनहा का कार्यालय बनाया गया है। एसपी प्राची सिंह ने बुधवार को फीता काट कर सीओ आफिस का लोकार्पण किया। एसपी ने बताया कि बदला में सीओ आफिस बन जाने से अपराधों पर नियंत्रण में आसानी होगी। थाना हरदत्तनगर गिरंट के पुलिस चौकी बदला में क्षेत्राधिकारी सर्किल जमुनहा कार्यालय का निर्माण कराया गया है। जिसमें सर्किल जमुनहा से संबधित थाना गिरंट, मल्हीपुर व सोनवा के कार्यों का संपादन किया जायेगा। बदला में सीओ आफिस बन जाने से जमुनहा क्षेत्र में होने वाले अपराधों पर निगरानी रखने में आसानी होगी। सीओ अपने आफिस में बैठ कर लोगों की शिकायतें सुनेंगे और समाधान भी कराएंगे। एसपी प्राची सिंह ने कहा कि सीओ आफिस स्थापित हो जाने से अपराधों पर नियंत्रण करने में आसानी होगी।

# 12 वाहनों का ई चालान किया गया

श्रावस्ती। एसपी की ओर से जिले भर में वाहन चेकिंग कराई जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को पुलिस की ओर से चलाए गए चेकिंग अभियान में 12 वाहनों का चालान किया गया। इसके साथ ही आठ हजार 500 रुपए का शमन शुल्क लगाया गया।

# अवैध चाकू के साथ दो गिरफ्तार

श्रावस्ती। थाना सिरसिया पुलिस ने ओम प्रकाश यादव पुत्र जनक राम निवासी सेमरा थाना सिरसिया के कब्जे से एक अदद नाजायज चाकू बरामद कर गिरफ्तार किया। सोनवा पुलिस ने चिंता यादव पुत्र बाबादीन निवासी रामगढ़ी थाना सोनवा को एक अदद नाजायज चाकू के साथ पकड़ा है।

# पुलिस ने 30 लीटर अवैध शराब बरामद किया

श्रावस्ती। सिरसिया पुलिस दो लोगों को 10-10 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। अंगद राम पुत्र कृपाराम व मायाराम पुत्र बुधईराम निवासी भरथाकला थाना सिरसिया के रूप में पहचान हुई है। वहीं करन पुत्र हीरालाल चौहान निवासी भटपुरवा नवीन मॉडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती को गिरफ्तार किया है।

## जनता दर्शन में आईं आठ शिकायतें

श्रावस्ती : एसपी प्राची सिंह ने बुधवार को जनता दर्शन में आए फरियादियों की शिकायतें सुनी। इस दौरान कुल आठ प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इसमें से चार भूमि विवाद, एक पारिवारिक विवाद व तीन शिकायतें अन्य विवाद से संबंधित थीं। प्राप्त शिकायतों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। (वि.)

## 12 वाहनों का ई-चालान

श्रावस्ती : यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। वाहनों की चेकिंग कराई जा रही है। विभिन्न बैरियर व चेकपोस्ट पर पुलिस टीम ने 12 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में ई-चालान हुआ। आठ हजार 500 रुपये का शमन किया गया। (वि.)